डाक पंजीयन नं. 99/2021–23

E-mail:-adhuniksamachar2014@gmail.com

website:www.aadhuniksamachar.com




PG-5

आधुनिक भारत का आधुनिक नजरिया

# आधुनिक समाचार

प्रयागराज से प्रकाशित हिन्दी दैनिक



PG-5

सिनेमाः बाथटब में बैठीं अवनीत कौर ने अपने हॉट एंड बोल्ड अंदाज से इंटरनेट का बढ़ाया तापमान

वर्ष -08 अंक -58 | प्रयागराज, शुक्रवार 06 मई, 2022 | पृष्ठ- 8 | मूल्य : 2.00 रूपये

## संक्षिप्त समाचार

### जोधपुर में छह मई तक बढ़ाई गई कर्फ्यू की अवधि, गृह मंत्रालय ने राज्य सरकार से मांगी विस्तृत रिपोर्ट

**नई दिल्ली।** राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के गृह जिले जोधपुर में ईद से पहले सोमवार रात को भगवा हटाकर अन्य झंडा लगाने को लेकर पैदा हुआ तनाव अब भी बरकरार है। जिसको देखते पुलिस ने जिले में कर्फ्यू की अवधि को बढ़ा दी है। जिले में हिंसा के बाद चार मई की मध्यरात्रि तक कर्फ्यू लगाने के आदेश दिए गए थे। जिसे अब छह मई तक के लिए बढ़ा दिया गया है। साथ ही केंद्रीय गृह मंत्रालय ने जोधपुर में सांप्रदायिक तनाव को लेकर राजस्थान सरकार से विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। बताया जा रहा है कि जोधपुर में ईद के दिन हुए सांप्रदायिक



तनाव की स्थिति पर गृह मंत्रालय करीब से नजर बनाए हुए है। साथ ही वो राज्य के प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों से मामले में लगातार अपडेट ले रहा है। वहीं जिला पुलिस आयुक्त द्वारा जारी आदेश में जोधपुर हिंसा की घटनाओं के बाद लगाए गए कर्फ्यू को छह मई तक बढ़ा दिया गया है। लेकिन रायकाबाग पैलेस बस स्टैंड और रायकाबाग रेलवे स्टेशन को कर्फ्यू से बाहर रखा गया है। तनाव की स्थिति को देखते हुए लगाए गए कर्फ्यू में परीक्षा में शामिल होने वाले छात्रों और शिक्षकों को कर्फ्यू से छूट दी गई है। साथ ही चिकित्सा सेवाओं में लगे कर्मियों, बैंक अधिकारियों, न्यायिक अधिकारियों और मीडिया कर्मियों को कर्फ्यू से छूट दी गई है। पुलिस आयुक्त द्वारा जारी आदेश में अखबारों के फेरीवालों को भी अखबार बांटने की इजाजत दी गई है। हलांकि जिले में इंटरनेट सेवाएं फिलहाल बंद रखने के ही आदेश हैं।

## पश्चिम बंगाल के दो दिवसीय दौरे पर जाएंगे अमित शाह

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह आज से दो दिवसीय पश्चिम बंगाल के दौरे पर रहेंगे। अधिकारियों के मुताबिक, अमित शाह सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के कई कार्यक्रमों में शिरकत करेंगे। एक बयान में बताया गया कि दौरे की शुरुआत बीएसएफ के दक्षिण बंगाल फ्रंटियर में रुकने के साथ शुरू होगी। अधिकारियों ने बताया कि शाह 6 आधुनिक फ्लोटिंग बार्डर आउट-पोस्ट और सुंदरवन में तैनात बोट एंबुलेंस का उद्घाटन करेंगे। इसके अलावा वह हरिदासपुर स्थित मैत्री म्यूजियम का भी शिलान्यास करेंगे। गौरतलब है कि सुंदरवन के दुर्गम क्षेत्रों में निगरानी बढ़ाने के लिए फ्लोटिंग बार्डर आउट पोस्ट की संख्या बढ़ा दी गई है। जबकि बोट एंबुलेंस की शुरुआत दुर्गम क्षेत्र में चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराने के लिए की जा रही है। ये आउट पोस्ट सतलुज, नर्मदा, कावेरी, गंगा, साबरमती, कृष्णा पर बनाई गई हैं। अमित शाह सिलीगुड़ी में रेलवे संस्थान खेल मैदान शाम करीब 6 बजे एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे। वहीं, शुक्रवार को गृह मंत्री कूचबिहार जिले में सुबह करीब साढ़े नौ बजे तीन बीघा जाएंगे और बीएसएफ जवानों के साथ बीओपी झलकाड़ी में बातचीत करेंगे। इसके बाद गृह मंत्री बाद कोलकाता के होटल वेस्टिन में शुक्रवार दोपहर 2 बजे पार्टी सांसदों, विधायकों और राज्य पदाधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। बता दें कि पश्चिम बंगाल में हुए विधानसभा चुनाव के बाद अमित शाह का राज्य में पहला दौरा है। विधानसभा चुनाव और हाल ही में उपचुनाव में मिली हार के बाद पार्टी के भीतर असंतोष देखा जा रहा है। पिछले साल राज्य में हुए विधानसभा चुनाव और उसके बाद हुए उपचुनावों और नगर निगम चुनावों में भाजपा का प्रदर्शन कुछ खास नहीं रहा है।



## राजद्रोह कानून के तहत सजा के प्रावधान को चुनौती, सुप्रीम कोर्ट में आज से शुरू होगी अंतिम सुनवाई

**नई दिल्ली।** भारतीय दंड संहिता (आइपीसी) की धारा 124ए के तहत राजद्रोह पर दंड के प्रावधान की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर आज सुनवाई होगी। इस मामले में कल यानी बुधवार को भी सुनवाई हुई थी। केंद्र सरकार ने अपना जवाब दाखिल करने के लिए सुप्रीम कोर्ट से समय मांगा है। बता दें कि देश की शीर्ष अदालत ने 27 अप्रैल को हुई अंतिम सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार को जवाब देने के लिए आज यानी 5 मई की तारीख तय की थी। प्रधान न्यायाधीश एनवी रमणा, जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस हिमा कोहली की पीठ ने तब कहा था कि इस मामले में और स्थगन नहीं दिया जाएगा। अदालत ने कहा था कि स्थगन के किसी भी अनुरोध पर विचार नहीं करेगी। इस मामले में केंद्र ने अदालत में हलफनामा दायर किया है। केंद्र सरकार ने कहा कि इसका मसौदा तैयार है और वह सक्षम प्राधिकारी से पुष्टि की प्रतीक्षा कर रहा है। राजद्रोह से संबंधित दंडात्मक कानून के दुरुपयोग से चिंतित शीर्ष अदालत ने पिछले साल जुलाई में केंद्र सरकार से पूछा था कि वह उस प्रविधान को निरस्त क्यों नहीं कर रही जिसे स्वतंत्रता आंदोलन को दबाने और महात्मा गांधी जैसे लोगों को चुप कराने के लिए अंग्रेजों द्वारा इस्तेमाल किया गया। अदालत ने कहा था कि उसकी मुख्य चिंता कानून का दुरुपयोग है जिसके कारण मामलों की संख्या में वृद्धि हो रही है। बीते साल जुलाई में एक सुनवाई के दौरान मुख्य न्यायाधीश ने कहा था, 'यह एक औपनिवेशिक कानून है। यह स्वतंत्रता आंदोलन को दबाने के लिए था। इसी कानून का इस्तेमाल अंग्रेजों ने महात्मा गांधी, बाल गंगाधर तिलक को चुप कराने के लिए किया था। क्या आजादी के 75 साल बाद भी यह जरूरी है बता दें कि याचिकाकर्ताओं में पूर्व केंद्रीय मंत्री अरुण शौरी, मणिपुर से पत्रकार किशोरचंद्र वांगखेमचा और छत्तीसगढ़ से कन्हैया लाल शुक्ला शामिल हैं।



## पूर्व सैन्यकर्मियों को विशेष छूट के साथ होगा पेंशन भुगतान, सरकार ने 25 मई तक पहचान प्रक्रिया पूरी करने के दिए निर्देश

**नई दिल्ली।** हजारों पूर्व सैन्य कर्मियों को पेंशन का भुगतान नहीं हो पाने को लेकर उठे विवाद पर सफाई देते हुए सरकार ने कहा है कि इन पूर्व सैन्यकर्मियों के बैंकों ने 30 अप्रैल तक की समयसीमा में इनकी पहचान की पुष्टि नहीं की थी। इसी वजह से 58,275 रिटायर सैन्यकर्मियों की अप्रैल महीने की पेंशन का भुगतान नहीं हो पाया। इस मामले में पूर्व सैन्यकर्मियों द्वारा जताई गई चिंताओं के मद्देनजर सरकार ने पहचान प्रमाणित किए जाने की प्रक्रिया में विशेष छूट देते हुए बुधवार को दिन खत्म होने तक इन सब के खाते में अप्रैल महीने की पेंशन का भुगतान करने का एलान किया है। पूर्व सैनिकों की पेंशन नहीं आने का मसला मंगलवार रात को रिटायर सैन्य अधिकारी लेफ्टिनेंट जनरल बीएस हुड्डा ने इंटरनेट मीडिया पर उठाया और बुधवार को इसके बाद कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भी सरकार पर निशाना साधा। मामले की संवेदनशीलता को भांपते हुए रक्षा मंत्रालय ने बुधवार शाम एक स्पष्टीकरण जारी कर दिन खत्म होने तक उन सभी पूर्व रक्षाकर्मियों के खाते में अप्रैल के पेंशन का भुगतान सुनिश्चित करने की घोषणा की जिन्हें पेंशन का इंतजार है। रक्षा मंत्रालय ने अपने बयान में कहा कि अप्रैल माह के रक्षा पेंशनभोगियों को पेंशन का भुगतान न करने के संबंध में मीडिया और इंटरनेट मीडिया के वर्गों में चिंता व्यक्त की गई है। इस संबंध में प्रक्रिया के अनुसार मासिक पेंशन की आय जारी रखने के लिए सभी पेंशनभोगियों को वार्षिक पहचान पूरी करनी होती है जो आमतौर पर नवंबर 2021 के महीने में पेंशन वितरण एजेंसियों के रूप में कार्य करने वाले सभी बैंकों द्वारा की जाती है। कोरोना की स्थिति के कारण सरकार ने 30 नवंबर, 2021 तक वार्षिक पहचान पूरी करने की तय तारीख 31 मार्च, 2022 तक बढ़ा दी। अप्रैल 2022 महीने की पेंशन की प्रक्रिया के दौरान पता चला कि लगभग 3.3 लाख पेंशनभोगियों की वार्षिक पहचान अद्यतन नहीं की गई।



## जम्मू-कश्मीर में अफगानिस्तान से आई कवच भेदी गोलियों का इस्तेमाल कर रहे आतंकी

**नई दिल्ली।** कश्मीर घाटी में कुछ आतंकियों द्वारा अमेरिकी कवच भेदी गोलियों का इस्तेमाल किया जा रहा है, जिसको देखते हुए सेना ने नई बुलेटप्रूफ जैकेट मंगा रही है। अभी सेना लेवल 3 जैकेट का इस्तेमाल कर रही है और जल्द ही उसे अब लेवल 4 जैकेट मिल जाएंगी। जम्मू-कश्मीर के आतंकियों को ये घातक गोलियां अफगानिस्तान से मिल रही हैं, जिन्हें अमेरिकी सेना वहां छोड़ गई हैं। सेना के जवान अभी जिस बुलेटप्रूफ जैकेट का इस्तेमाल कर रहे हैं, उन्हें ये गोलियां आसानी से भेद दे रही हैं। सरकारी सूत्रों ने बताया कि आतंकियों द्वारा कनाडा निर्मित नाइट साइट्स का भी इस्तेमाल किया जा रहा है जो नाटो सैनिकों द्वारा अफगानिस्तान में छोड़ दिया गया था। सूत्रों ने यह भी बताया कि अप्रैल में सेना के कमांडर कांफ्रेंस में शीर्ष अधिकारियों ने इस मुद्दे पर चर्चा की थी। सूत्रों ने बताया कि बुलेटप्रूफ जैकेट के साथ ही सेना इस नए खतरे से निपटने के उपाय भी तलाशने में जुट गई है। जानकारी के मुताबिक आर्मर-पियर्सिंग बुलेट या स्टील कोर बुलेट एक निश्चित स्तर के जैकेट द्वारा गोलियों के खिलाफ प्रदान की गई सुरक्षा को भंग कर सकते हैं और आपरेशन में शामिल सैनिकों को नुकसान पहुंचा सकते हैं। भारतीय सेना ने भी इन गोलियों से खतरे का मुकाबला करने के लिए उपचारात्मक उपाय करना शुरू कर दिया है। साथ ही यह अनुमान पहले ही लगाया गया था कि अफगानिस्तान में अमेरिकी सैनिकों द्वारा छोड़े गए हथियारों का इस्तेमाल आतंकवादी समूहों द्वारा भारत में हिंसा करने के लिए किया जाएगा।



## तीन दिवसीय यूरोप यात्रा के समापन पर स्वदेश के लिए रवाना हुए पीएम मोदी, राष्ट्रपति मैक्रों से मुलाकात में कई द्विपक्षीय मुद्दों पर हुई चर्चा

**पेरिस।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अपनी तीन दिवसीय यूरोप यात्रा को समाप्त कर स्वदेश के लिए रवाना हो गए हैं। पेरिस में अपने अल्प प्रवास के दौरान राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों से मुलाकात कर वो बुधवार (स्थानीय समय) को भारत के लिए रवाना हु फ्रांस में पीएम मोदी ने नवनिर्वाचित फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के साथ कई मुद्दों को लेकर बातचीत की। उन्होंने रक्षा, अंतरिक्ष, असैन्य परमाणु सहयोग के साथ-साथ क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों सहित कई द्विपक्षीय मुद्दों पर चर्चा की। फ्रांस से रवाना होने पहले पीएम मोदी ने ट्वीट किया कि, 'फ्रांस की मेरी यात्रा संक्षिप्त थी, लेकिन यह कई मायनों में बहुत उपयोगी थी। इस दौरान राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के साथ विभिन्न विषयों पर चर्चा करने का अवसर मिला। मैं उन्हें और फ्रांसीसी सरकार को गर्मजोशी से आतिथ्य के लिए धन्यवाद देता हूं।पीएम मोदी ने अपनी यूरोप यात्रा के दौरान जर्मनी, डेनमार्क और फ्रांस के शीर्ष नेतृत्व के साथ कई उच्च स्तरीय बैठकें कीं। साथ ही उन्होंने तीनों देशों में भारतीय प्रवासियों के साथ बातचीत भी की। अपनी यात्रा के दौरान प्रधान मंत्री ने जर्मनी और डेनमार्क के व्यापारिक नेताओं के साथ भी बातचीत की है।पीएम मोदी अपनी यूरोप यात्रा के तहत सबसे पहले सोमवार को बर्लिन पहुंचे। जहां उन्होंने छठे भारत-जर्मनी इंटर गवर्नमेंट कंसुटेशन में भाग लेने से पहले जर्मन चांसलर ओलाफ स्कोल्ज के साथ द्विपक्षीय चर्चा की। जिसके बाद पीएम ने टिप्पणी करते हुए कहा था कि इंटर गवर्नमेंट कंसुटेशन सार्थक रही। इस दौरान भारत और जर्मनी के बीच कुल नौ समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए। जिसमें ग्रीन एंड सस्टेनेबल डेवलपमेंट पार्टनरशिप पर एक संयुक्त घोषणापत्र शामिल है। जिसके तहत जर्मनी 2030 तक भारत को 10 बिलियन यूरो की नई और अतिरिक्त विकासात्मक सहायता देने पर सहमत हुआ।यूरोप यात्रा के दूसरे दिन प्रधानमंत्री मोदी कोपेनहेगन पहुंचे, जहां उन्होंने अपने डेनिश समकक्ष मेटे फ्रेडरिकसेन के साथ बातचीत की और दोनों देशों के बीच व्यापार और पर्यावरण संबंधी मुद्दों समेत द्विपक्षीय मुद्दों पर चर्चा की। इस दौरान दोनों देशों के बीच औपचारिक रूप से कई समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए। अपनी यात्रा के तीसरे दिन, पीएम मोदी ने नार्वे, स्वीडन, आइसलैंड, फिनलैंड और डेनमार्क के प्रधानमंत्रियों के साथ दूसरे भारत-नार्डिक शिखर सम्मेलन में शामिल हुए।




## लव जिहाद शब्द को लेकर राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग ने जताई आपत्ति, कहा- आपसी सहमति से अंतरधार्मिक विवाह पर रोक नहीं

**नई दिल्ली।** अंतरधार्मिक विवाह के कुछ मामलों में लव जिहाद शब्द के इस्तेमाल पर राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग (एनसीएम) ने आपत्ति जताई है। उसने कहा है कि विवाह की कानूनी उम्र हासिल करने के बाद सहमति से दो अलग-अलग धर्मों के लोग वैवाहिक बंधन में बंध सकते हैं। आयोग के अध्यक्ष इकबाल सिंह लालपुरा ने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि आयोग को कुछ शिकायतें मिली हैं, जिनमें माता-पिता ने आरोप लगाया है कि उनकी संतान को अंतरधार्मिक शादी के लिए गुमराह किया गया था। इनमें से कई शिकायतें बाद में सही पाई गई थीं। केरल सहित देश के अन्य भागों में लव जिहाद के विरुद्ध भाजपा के अभियान पर उन्होंने कहा कि लव जिहाद क्या है, मुझे किसी भी शब्दकोष में यह शब्द नहीं मिला। उन्होंने कहा कि मैंने किसी खास समुदाय द्वारा लव जिहाद पर कोई शिकायत नहीं देखी है। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि मैं भाजपा का प्रतिनिधि या प्रवक्ता नहीं हूं। वे लोग ही इसके बारे में बता सकते हैं। हर व्यक्ति को अपनी पसंद के व्यक्ति से शादी करने का अधिकार है। उन्होंने भाजपा शासित कुछ राज्यों में समान नागरिक संहिता को लागू करने के प्रस्ताव पर टिप्पणी करने से इन्कार कर दिया। कहा कि वह ड्राफ्ट को देखे बिना कोई टिप्पणी नहीं करेंगे। गौरतलब है कि हाल के दिनों में विभिन्न राज्यों में दो समुदायों के बीच हुई हिंसक झड़पों पर कहा कि इसके लिए राजनीतिक दल नहीं, बल्कि कुछ लोग जिम्मेदार हैं। वे देश में शांति भंग करने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने संबंधित एजेंसियों से ऐसे लोगों की पहचान करने की अपील की।




## देश में बीते 24 घंटे में 3275 लोगों को हुआ कोरोना, तीन हजार से ज्यादा मरीज रिकवर, 55 की मौत

**नई दिल्ली।** देश में कोरोना संक्रमण के मामलों में एक बार फिर इजाफा देखने को मिला है। बीते 24 घंटों में कोरोना के 3,275 नए मामले देखने को मिले हैं। वहीं इस दौरान 55 लोगों ने अपनी जान गंवाई है। स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार पिछले 24 घंटों में रिकवरी में भी इजाफा देखने को मिला है, 3010 लोगों ने कोरोना को मात दी है। कोरोना के मामलों में इजाफे के साथ एक्टिव केसों की संख्या में भी इजाफा देखने को मिला है। देश में अब एक्टिव केसों की संख्या बढ़कर 19719 हो गई है। हालांकि यह मामूली वृद्धि है, क्योंकि कल यह संख्या 19,509 थी। वहीं वैक्सीनेसन की रफ्तार में तेजी जारी है।



### भीषण गर्मी में बारिश ने दी राहत; पश्चिम यूपी में आंधी और ओलावृष्टि से पांच की मौत

**नई दिल्ली।** बुधवार को बदले मौसम ने राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली समेत पूरे उत्तर भारत को भीषण गर्मी से राहत दी है। दोपहर बाद दिल्ली के कई इलाकों में तेज हवा के साथ बारिश और ओलावृष्टि हुई है। कमोबेश गुरुवार को भी ऐसा ही मौसम रहेगा। मौसम विभाग का पूर्वानुमान है कि शुक्रवार से तापमान बढ़ना शुरू हो जाएगा लेकिन रविवार तक लू से राहत रहेगी। मौसम विभाग के मुताबिक पंजाब, हरियाणा, उत्तरी राजस्थान, पश्चिम और मध्य उत्तर प्रदेश के कुछ हिस्सों में भी तेज हवा के साथ हल्की बारिश और ओलावृष्टि हुई।





# जिलाधिकारी ने इन्द्र धनुष मिशन का फीता काटकर किया शुभारम्भ

(आधुनिक समाचार सेवा)

**प्रयागराज।** जिलाधिकारी श्री संजय कुमार खत्री बुधवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र प्रथम पर इन्द्र धनुष मिशन के अन्तर्गत बच्चों/गर्भवती महिलाओं के टीकाकरण को फीता काटकर शुभारम्भ किया। शुभारम्भ के बाद वहां पर उपस्थित बच्चों को पोलियों वैक्सीन का ड्राप भी पिलाया। तत्पश्चात उन्होंने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान ओ0पी0डी0 के इम्प्रूवमेंट की जानकारी ली तथा मिशन इन्द्र धनुष में दी जाने वाली सारी दवाइ्यों को दिये जाने का निर्देश भी दिया। उन्होंने वैक्सीनेशन कक्ष का निरीक्षण किया तथा रजिस्टर का भी निरीक्षण किया कि कितने लोगो को वैक्सीनेशन दिया गया। वार्डों के निरीक्षण में रजिस्टर में अंकित दवाओं को भी चेक किया। आइएलआर तथा तापमान यंत्र भी चेक किया कि क्रियाशील है कि नहीं। उन्होंने मुख्य चिकित्साधिकारी से सभी प्राथमिक/सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर मूलभूत सुविधाओं को बनाये रखने तथा इसकी मानीटरिंग निरंतर करते रहने के निर्देश दिए है। ग्राम पंचायतों में सभी पात्र लाभार्थियों के आयुष्मान कार्ड बनाए जाने के लिए सम्बंधित ग्राम के राशन वितरण(कोटेदार कार्यालय) पर विशेष आयुष्मान कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। कैम्प दिनांक 04 मई से 18 मई, 2022 तक निर्धारित रोस्टर के अनुसार संचालित किया जायेगा। सभी अंत्योदय कार्ड जिनका अभी तक आयुष्मान कार्ड नहीं बना हुआ है, तो अपने ग्राम की आशा और कोटेदार से सम्पर्क करते हुए अपना आयुष्मान कार्ड अनिवार्य रूप और किसी भी राजकीय व चिन्हित निजी चिकित्सालयों में 05 लाख प्रति परिवार तक के निःशुल्क गम्भीर बीमारियों के इलाज की सुविधा का लाभ उठाएं। आयुष्मान सूची में अपनी पात्रता जांच हेतु टोल फ्री नम्बर 14555 पर कॉल करें। इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी श्री नानक सरन, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी श्री सत्येन्द्र कुमार राय सहित सभी सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।



# फूलपुर आर ओ बी की गुणवत्ता पर विधायक फूलपुर का सराहनीय कदम

(अधूनिक समाचार सेव)
सरफराज अहमद

**फूलपुर।** मंगलवार को सर्किट हाउस में जनपद के विधायकों के साथ लोक निर्माण विभाग मंत्री जितिन प्रसाद द्वारा की गई बैठक में फूलपुर विधायक प्रवीण पटेल द्वारा आर0ओ0बी0 फूलपुर के गुणवत्ता पर प्रशन चिन्ह लगाकर सराहनीय कदम उठाया। वर्ष 2019 में कुंभ के पूर्व 40 करोड़ की लागत से बने आर0 ओ0 बी0 में गुणवत्ता नाम की कोई चीज नहीं है। पुल में आए दिन स्लैब का टूटना, बड़े-बड़े गड्ढे होना, बरसात का पानी भरे रहना, बीच-बीच में डाली गई लोहे की गार्डर टूट जाना, बादशाहपुर की ओर ढाल पर सड़क बैठ जाना, तथा ढाल के किनारे टर्निंग प्वाइंट न बनना जिससे बड़ी गाड़ी राउंड लेकर न उतर पाती है और न चढ़ पाती है। घटिया सामग्री का इस्तेमाल, प्रकाश व्यवस्था आदि सभी प्रशन चिन्ह के दायरे में सबसे बड़ी गड़बड़ी सोरांव रोड तथा मुबारकपुर रोड पर वाहनों के उतरने चढ़ने का ढाल ना देना मायने रखता है। इन सारी कमियों को गंभीरता से लेते हुए लोक निर्माण मंत्री ने मुख्य परियोजना प्रबंधक आर0के0 सिंह को जांच करा कर रिपोर्ट देने को कहा। आरोपित है कि निर्माण के माह भर के अंदर ही ओवरलोड ट्रकों के आवागमन से बड़े-बड़े गड्ढे तथा अंदर बिछाई गई सरिया दिखाई देने लगी थी। मुबारकपुर रोड से प्रतापगढ़, फैजाबाद की ओर जाने वाले बड़े वाहनों को ढाल से टर्निंग ना बनाना गंभीर प्रकरण है।



# फाफामऊ के अपराधी परिवार ने मिल की थी 9 हत्याएं, डकैती डालने के बाद किए थे दुष्कर्म, मां-बेटी भी थे शामिल

(आधुनिक समाचार सेवा)
विलाश गुप्ता

**प्रयागराज ।** फाफामऊ थाना क्षेत्र अंतर्गत गोहरी में 4 लोगों की हत्या और डकैती के बाद पुलिस की जांच सही दिशा में गयी होती तो थरवई में एक ही परिवार के 5 लोगों को जान नही गंवानी पड़ती। हत्याकांड और डकैती का आरोपी परिवार फाफामऊ में ही रहता था और नित नए टार्गेट ढूंढ़ता रहता था।एडीजी प्रेम प्रकाश ने बताया की मुठभेड़ के बाद दो महिलाओं समेत 7 लोगों को गिरफ़्तार किया गया। गोहरी और थरवई हत्याकांड के तार एक ही इन्हीं महिलाओं से जुड़ते थे गिरफ्तार संगीता खरवार बिहार की रहने वाली थी और अपराधी परिवार से ताल्लुक़ रखती थी। वह भाग कर प्रयागराज आयी थी और यही पर एक फाफामऊ निवासी टेम्पो ड्राइवर भीम कुमार से शादी की थी। वह पहले से ही शादी-शुदा थी और उसकी नेहा नामक बेटी भी थी। फाफ़ामऊ में उसका सोम कुमार नामक पुत्र भी हुआ। संगीता अपने माएके जाती रहती थी जिससे सोम भी अपराधी प्रवृति के लोगों के सम्पर्क में आया और 15 साल की उम्र से ही अपराध से उसका नाता जुड़ गया। नेहा और उसका पति रोहित भी अपराध की दुनिया से जुड़े हुए थे। रोहित प्रयागराज आया तो यहीं पर उसने बाक़ी संग मिल कर डकैती और हत्याएं करने की सोची। संगीता उसके पति भीम और बेटी नेहा का काम टार्गेट को चुनना, साज़िश रचना और बदमाशों को शरण देना होता जबकी बेटा मोनू, उसका जीजा रोहित और ननिहाल वालों का काम वारदात को अंजाम देना होता बिहार के दुर्दांत अपराधी परिवार से जुड़े लोग उन घरों को चुनते थे जिनमें महिलाएँ ज़्यादा और पुरुष कम हों। वो लोहे की रॉड, बल्लम और धारदार वस्तुओं से हमला कर मार डालते फिर डकैती डालते। पुरुष सदस्य महिलाओं से दुष्कर्म भी करते यही कार्यशैली गोहरी और थरवई में आज़माया गया था।




# तहसीलों के सम्पूर्ण समाधान दिवस का रोस्टर जारी

(आधुनिक समाचार सेवा)
डॉ0रणजीत सिंह

**प्रतापगढ़।** जनपद में प्रत्येक माह के प्रथम एवं तृतीय शनिवार को आयोजित होने वाले साम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन जनपद की प्रत्येक तहसील पर पूर्वान्ह 10 बज से अपरान्ह 2 बजे किया जाना है।जिलाधिकारी की अध्यक्षता में तहसीलों में आयोजित होने वाले सम्पूर्ण समाधान दिवस का रोस्टर जारी कर दिया है। जिलाधिकारी की अध्यक्षता में दिनांक 07 मई को तहसील सदर, 21 मई को लालगंज, 04 जून को कुण्डा, 18 जून को रानीगंज, 02 जुलाई को पट्टी, 16 जुलाई को सदर, 06 अगस्त को लालगंज, 20 अगस्त को कुण्डा, 03 सितम्बर को रानीगंज, 17 सितम्बर को पट्टी, 01 अक्टूबर को सदर, 15 अक्टूबर को लालगंज, 05 नवम्बर को कुण्डा, 19 नवम्बर को रानीगंज, 03 दिसम्बर को पट्टी व 17 दिसम्बर 2022 को सदर में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया जायेगा।

# सीडीओ ने एलईडी मोबाइल वैन को हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना

(आधुनिक समाचार सेवा)
डॉ0रणजीत सिंह

**प्रतापगढ़।** उ0प्र0 कौशल विकास मिशन के अन्तर्गत मिशन की उपलब्धियों एवं योजनाओं के सम्बन्ध में जागरूकता का विस्तार करने के उद्देश्य से मुख्य विकास अधिकारी ईशा प्रिया ने विकास भवन परिसर में एल0ई0डी0 मोबाइल वैन व नुक्कड़ नाटक टीम को प्रचार प्रसार के लिये हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। इस एल0ई0डी0 मोबाइल वैन व नुक्कड़ नाटक टीम द्वारा सदर, पट्टी, चिलबिला, रानीगज, लालगंज अझारा, जेठवारा, कुण्डा एवं मानिकपुर, प्रतापगढ़ के आदि स्थानों पर उ0प्र0 कौशल विकास मिशन की उपलब्धियों एवं योजनाओं के सम्बन्ध में जनमानस में जागरूकता के कार्यक्रम आयोजित किये जायेगें। कार्यक्रम में जिला समन्वयक उ0प्र0 कौशल विकास मिशन दिनेश कुमार चौरसिया, जिला प्रबन्धक वन्दना सिंह एवं मृत्युंजय पाण्डेय व अन्य जनपद स्तरीय अधिकारी एवं उ0प्र0 कौशल विकास मिशन के समस्त स्टाफ आदि लोग मौजूद रहें।

# गंगा नदी पर होगी नेशनल क्विज प्रतियोगिता

(आधुनिक समाचार सेवा)
डॉ0रणजीत सिंह

**प्रतापगढ़।** प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी वन एवं वन्य जीव प्रभाग वरूण सिंह ने बताया कि गंगा एवं उसकी सहायक नदियों के संरक्षण, जल संरक्षण, परिस्थितिकीय तथा अन्य बिन्दुओं पर नेशनल क्विज का आयोजन जनपद के समस्त विद्यालयों में किये जायेगें, नेशनल क्विज का आशय स्कूली बच्चों (10 वर्ष से अधिक) एवं युवाओं में जागरूकता विकसित करने से सम्बन्धित है। गंगा नदी ''गंगा क्वेस्ट-2022'' पर नेशनल क्विज प्रतियोगिता का आनलाइन रजिस्ट्रेशन दिनांक 22 मई 2022 तक होगा। नेशनल क्विज के विजेता को 05 जून 2022 (विश्व पर्यावरण दिवस) के अवसर पर पुरस्कार वितरण किया जायेगा।

# साढे 9 महीने बाद क्षेत्र पंचायत की बैठक 5 मई को

(आधुनिक समाचार सेवा)
डॉ0रणजीत सिंह

**प्रतापगढ़।** विकास खंड लक्ष्मणपुर में साढे़ 9 महीने बाद क्षेत्र पंचायत की बैठक होने चल रही है जिसमें तमाम बिंदुओं पर विचार विमर्श होने के साथ नए प्रस्तावों को आमंत्रित किया जाएगा। क्षेत्र पंचायत में नियमित बैठक ना होने से कई ग्राम पंचायतों में विकास योजनाओं का लाभ ग्रामीणों को नहीं मिल पा रहा है।साढे 9 महीने बाद यह बैठक बुलाई गई है। ब्लॉक सूत्रों के अनुसार इसके पहले 20 जुलाई,2021 को क्षेत्र पंचायत की बैठक बुलाई गई थी। इस बैठक में क्षेत्र पंचायत सदस्यों और प्रधानों द्वारा नई कार्य योजनाओं का प्रस्ताव लिया जाएगा। देखना यह है कि किसको कितने कार्य आवंटित किए जाते हैं।कुछ सदस्यों ने कार्य वितरण में पारदर्शिता पर प्रशन चिह्न लगाया है।उनका कहना है कि निष्पक्ष ढंग से कार्य का वितरण नहीं हो पा रहा है जिससे लोग अपने क्षेत्रों में शासन की योजनाओं का लाभ ग्रामीणों को नहीं दे पा रहे हैं।

# इलाहाबाद यूनिवर्सिटी के चीफ प्रॉक्टर के खिलाफ छात्र ने लिखाया हत्या की कोशिश का केस

**प्रयागराज।** इलाहाबाद विश्वविद्यालय के चीफ प्रॉक्टर हर्ष कुमार, सुरक्षा अधिकारी अजय कुमार व आठ अज्ञात सुरक्षा गार्ड के विरुद्ध कर्नलगंज थाने में हत्या के प्रयास, धमकी समेत अन्य धाराओं में मुकदमा लिखा गया है। एफआईआर विश्वविद्यालय के परासनतक छात्र सत्यम कुशवाहा की तहरीर पर लिखी गई है। रीवा जनपद में मझिगवां निवासी सत्यम कुशवाहा का आरोप है कि उसका प्रवेश रंजिशन निरस्त किया गया। विरोध में जब बूट पालिस करते हुए प्रदर्शन कर रहा था तभी चीफ़ प्रॉक्टर और सुरक्षा अधिकारी कई गार्ड के साथ आये और अभद्रता करते हुए जान से मारने की नीयत से गला दबाया। पीड़ित ने रिपोर्ट दर्ज न होने पर एसएसपी कार्यालय के बाहर आत्मदाह की चेतावनी भी दी थी। फिलहाल पुलिस मुकदमा कायम कर जांच कर रही है। प्रयागराज : इलाहाबाद विश्वविद्यालय ने परासनतक पाठ्यक्रमों के दो विषयों की परीक्षाओं का कार्यक्रम जारी किया है। इसमें एमए-एमएससी एंथ्रोपोलाजी प्रथम और चतुर्थ सेमेस्टर तथा एमए तथा एमए एमएफए पेंटिंग चतुर्थ सेमेस्टर की परीक्षाएं शामिल हैं। यह परीक्षाएं 11 बजे से 1 बजे तक होंगी ।



# बाइक पर ट्रिपलिंग और ट्रक ड्राइवर की लापरवाही बनी काल

**प्रयागराज।** एक तो ट्रक ड्राइवर की लापरवाही ऊपर से बाइक पर ट्रिपलिंग और हेलमेट भी नहीं। नतीजा घातक रहा। रफ्तार में चल रहे ट्रक के ड्राइवर ने अचानक ब्रेक लगा दिया जिससे पीछे आ रही बाइक ट्रक से जा भिड़ी। बाइक पर तीन युवक थे जिनमें दो लोगों की जान चली गई जबकि एक गंभीर रूप से घायल हो गया जिसकी अस्पताल में मौत हो गई। प्रयागराज-प्रतापगढ़ राजमार्ग पर पर मऊआइमा इलाके के सकरामऊ गांव के समीप गुरुवार सुबह हादसे के बाद ट्रक लेकर ड्राइवर भाग गया। पुलिस का कहना है कि ट्रक के बारे में पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है। तीन युवकों की मौत से गांव और उनके परिवार में कोहराम मचा है।



# अनुसूचित जाति के लोगों को स्वरोजगार हेतु होगी मदद

(आधुनिक समाचार सेवा)
डॉ0रणजीत सिंह

**प्रतापगढ़।** जिला समाज कल्याण अधिकारी राजीव कुमार ने बताया कि उ0प्र0 सरकार द्वारा अनुसूचित जातियों के आर्थिक उत्थान हेतु उ0प्र0 अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम लिमिटेड द्वारा स्वरोजगार के अवसर दिए जाएंगे।साथ ही उनकी आर्थिक मदद की जाएगी। अनुसूचित जाति के व्यक्तियों/परिवार जिनकी ग्रामीण क्षेत्र में वार्षिक आय रूपये 46080 एवं नगरीय क्षेत्र में वार्षिक आय रूपये 56460 तक हो, उन्हें आत्मनिर्भर बनाने हेतु निगम द्वारा 04 योजनायें क्रमशः पं0 दीनदयाल उपाध्याय स्वरोजगार योजना (स्वतः रोजगार योजना), नगरीय क्षेत्र दुकान निर्माण योजना, लाण्ड्री एवं ड्राईक्लीनिंग योजना व सिलाई/टेलरिंग शॉप योजना संचालित की गयी है। सभी योजनाओं में आधार कार्ड, बैंक पासबुक, दो फोटो तथा तहसील स्तर से प्राप्त आय प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र आदि संलगन करना आवश्यक है। संचालित योजनाओं हेतु आवेदन पत्र 10 जून तक प्रस्तुत करें। जिला समाज कल्याण अधिकारी ने पं0 दीनदयाल उपाध्याय स्वरोजगार योजना (स्वतः रोजगार योजना) के सम्बन्ध में बताया है कि अनुसूचित जाति के पात्र व्यक्तियों को उद्योग/व्यवसाय संचालित करने हेतु राष्ट्रीयकृत बैंकों के माध्यम से रूपये 20000 से लेकर रूपये 1500000 तक की योजनायें स्वीकृत करायी जाती है जिसमें रूपये 10000 अनुदान के रूप में दिया जाता है। नगरीय क्षेत्र दुकान निर्माण योजना के सम्बन्ध में बताया है कि ऐसे अनुसूचित जाति के पात्र परिवार जिनके पास 13.32 वर्गमीटर व्यवसायिक स्थल पर भूमि उपलब्ध है उन्हे स्वयं द्वारा दुकान निर्माण कराने हेतु दो किश्तों में (58500र्त9500) कुल रूपये 78000 रूपये उनके खाते में भुगतान कर दुकान का निर्माण कराया जाता है जिसमें रूपये 10000 अनुदान एवं रूपये 68000 बिना ब्याज का ऋण होता है जिसकी अदायगी 120 मासिक किश्तों में करनी होती है। इसी प्रकार उन्होने बताया है कि अनुसूचित जाति के आर्थिक उत्थान हेतु निगम द्वारा लाण्ड्री एवं ड्राईक्लीनिंग योजना संचालित है जिसकी योजना लागत रूपये 216000 तथा रूपये 100000 है जिसमें रूपये 10000 अनुदान एवं रूपये 206000 तथा रूपये 90000 बिना ब्याज का ऋण होता है जिसकी अदायगी 60 समान मासिक किश्तों में करनी होती है। सिलाई/टेलरिंग शॉप योजना के तहत अनुसूचित जाति के युवक/युवतियों के आर्थिक उत्थान हेतु निगम द्वारा सिलाई/टेलरिंग शॉप योजना संचालित है जिसकी परियोजना लागत रूपये 20000 है जिसमें रूपये 10000 अनुदान एवं रूपये 10000 बिना ब्याज का ऋण होता है। समस्त योजनाओं में लाभ प्राप्त करने हेतु ग्रामीण क्षेत्र के पात्र व्यक्ति अपने विकास खण्ड में कार्यरत ग्राम विकास अधिकारी (स0क0)/सहायक विकास अधिकारी (स0क0) अथवा खण्ड विकास अधिकारी से एवं नगरीय क्षेत्र के पात्र व्यक्ति कार्यालय जिला समाज कल्याण अधिकारी (विकास)/पदेन जिला प्रबन्धक, उ0प्र0 अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम लि0 प्रतापगढ़ में किसी भी कार्य दिवस में योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर आवेदन कर सकते है।


# नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र, प्रयागराज

भारत सरकार की कौशल विकास योजना में अगस्त 2021 से प्रारम्भ हो रहे सत्र के लिए निम्नलिखित ट्रेडों में दाखिले के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित ट्रेड प्रवेश योग्यता तथा प्रस्तुत विभिन्न पाठ्यक्रमों की अवधि इस प्रकार है-

| क0सं0 | ट्रेड का नाम | ट्रेड की अवधि | योग्यता |
|---|---|---|---|
| 1. | कोपा | 1 वर्ष | 12वीं पास |
| 2. | फिटर | 2 वर्ष | 10वीं पास |
| 3. | बेसिक कम्प्युटिंग | 6 माह | साक्षर |
| 4. | डाटा इंट्री ऑपरेटर | 6 माह | 10वीं पास |
| 5. | फायर प्रिवेन्शन एण्ड इंडस्ट्रियल सेफ्टी | 6 माह | 8वीं पास |
| 6. | सेक्योरिटी सर्विस | 6 माह | 8वीं पास |
| 7. | कम्प्यूटर हार्डवेयर एण्ड एसेम्बली | 1 वर्ष | 10वीं पास |
| 8. | सर्टिफिकेट इन कम्प्युटर एप्लीकेशन | 1 वर्ष | 10वीं पास |
| 9. | इलेक्ट्रिकल टेक्निशियन्स | 1 वर्ष | 8वीं पास |
| 10. | रेफरिजरेटर एण्ड एयर कन्डिसनिंग | 1 वर्ष | 8वीं पास |
| 11. | योगा असिस्टेन्ट | 1 वर्ष | 10वीं पास |
| 12. | वेल्डिंग टेक्नोलॉजी | 1 वर्ष | 8वीं पास |
| 13. | कम्प्यूटर टीचर ट्रेनिंग कोर्स | 1 वर्ष | 10वीं पास |

1.**प्रमाण पत्रः-** सफल प्रशिक्षणार्थियों को भारत सरकार द्वारा प्रमाणपत्र दिए जाते है, जो केंन्द्रीय सरकार एवं राज्य सरकार के अधीनस्थ पद एवं सेवा में भर्ती के लिए मान्य है। 2.**चयन की प्रक्रियाः-** इस वर्ष कोविड-19 महामारी के चलते सभी सीटों पर दाखिले पहले आओ-पहले पाओ के आधार पर किये जायेंगे। 3.**आयु सीमाः-** उम्मीदवारों की आयु 1 अगस्त 2021 को न्यूनतम 14 वर्ष से अधिक होनी चाहिए। 4.**आवेदन कैसे करेः-** आवेदन फॉर्म संस्थान की वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन भरे जा सकते हैं तथा संस्थान के कार्यालय से निःशुल्क भी प्राप्त किया जा सकता है। 5.आवेदन फॉर्म भरते समय पंजीकरण शुल्क रूपये 2665/- का भी देय होगा। 6.**कक्षायें/उपस्थितिः-** छात्रों की उपस्थिति में दो भाग शामिल है- थ्योरी क्लास और ट्रेनिंग इस वर्ष कोविड-19 स्थिति के कारण सभी छात्र संस्थान द्वारा आयोजित ऑनलाइन कक्षाओं में भाग लेंगे तथा उसके लिए संस्थान में छात्रों की भौतिक उपस्थिती की अनिवार्यता नहीं है, जब तक कोविड-19 की वर्तमान स्थिति समाप्त नहीं हो जाती है। प्रशिक्षण के लिए छात्रो को प्रधानाचार्य की अनूमति के साथ, अपने सम्बंधित मूल स्थानों पर प्रशिक्षण पूरा करने की अनुमति है। परीक्षा के समय छात्रों की उपस्थिति अनिवार्य होगी। 7.**छात्रवृत्तिः-** दाखिले के उपरांत शुल्क प्रतिपूर्ति के लिए सभी ट्रेडों में आरक्षित श्रेणी के अभ्यर्थी, जिनके पास आय प्रमाण पत्र एवं सम्बन्धित दस्तावेज मौजूद हो वे सभी भारत सरकार की छात्रवृत्ति योजनाओं में आवेदन कर सकते है। 8. अधिक जानकारी के लिए संस्थान की वेबसाइटः- **www.nainiiti.com** देखें। 9.**दाखिले की अंतिम तिथिः-** 15 मई 2022

**सम्पर्क सूत्र :- 0532-2695959, 9415608710, 9807278552, 9415608790**

# उमसभरी गर्मी ने लोगों की बढ़ाई बेचैनी, अस्पताल में बढ़े मरीज

**आजमगढ़ ।** तीन दिनों से पुरुआ हवा लगातार चलने से तापमान में तो गिरावट हुई, लेकिन उमस भरी गर्मी ने लोगों की बेचैनी को बढ़ा दिया है। धीरे-धीरे बढ़ती आर्द्रता लोगों को गर्मी व उमस से परेशान करने लगी है। ऐसे में लोग कई तरह की बीमारियों की चपेट में आने लगे हैं। प्रतिदिन औसतन दो सौ से अधिक मरीज सरकारी अस्पतालों में बढ़ गए हैं। इसमें सर्दी, बुखार, एलर्जी व डायरिया के मरीज पहुंचने लगे हैं। पसीने व उमस ने लोगों का जीना मुश्किल कर दिया है और भोजन करने तक की इच्छा नहीं हो रही है। दिन भर उमसभरी गर्मी व तेज धूप की वजह से कोई छाता तो कोई गमछा का सहारा लेकर बाजार में आवागमन करता दिखा। ग्रामीण इलाके में गर्मी से निजात पाने के लिए लोग पेड़ के नीचे बैठकर राहत महसूस कर रहे हैं, लेकिन शहरी क्षेत्र में वह भी नसीब नहीं है। गर्मी में पंखा व कूलर सब बेअसर हो रहे हैं। साथ ही बिजली कटौती से भी लोग त्रस्त हैं। सबसे अधिक दिक्कत घरों के अंदर महिला व बच्चों को हो रही है। सुबह होते ही उमसभरी गर्मी शुरू हो जा रही है। देर रात के बाद ही थोड़ी-बहुत राहत मिल रही है। बुधवार को तापमान अधिकतम 37 डिग्री सेल्सियस व न्यूनतम 27 डिग्री सेल्सियस रहा।



# 18 किमी में आठ एटीएम फिर भी रुपये देते कम

**इंदरपुर (बलिया) ।** क्षेत्र में लोगों की सुविधा के लिए विभिन्न बैंकों के एटीएम तो जगह-जगह उपलब्ध हैं लेकिन धोखा देना ही इनकी पहचान है। मौके पर ये कभी-कभार ही साथ देते हैं। नगरा-गड़वार मार्ग पर रामपुर असली से लेकर गोठाई तक कुल आठ एटीएम विभिन्न बैंकों के लगे हैं। लगातार पैसे की किल्लत लोगों को उठानी पड़ती है। सेंट्रल बैंक इंदरपुर व यूनियन बैंक बछईपुर तथा स्टेट बैंक चोगड़ा के एटीएम बैंकिग दिनों में पैसे से भरे रहते हैं लेकिन शेष एटीएम खाली ही रहते हैं। बलेसरा व रामपुर असली, इंदरपुर, कुरेजी व गोठाई पर बराबर पैसे की दिक्कत रहती है। बुधवार को पैसे के लिए लोग घूमते रहे लेकिन पैसे तभी मिले जब बैंक खुले। एवन एटीएम इंदरपुर व बलेसरा के ग्राहक परेशान दिखे। यह स्थिति हर दिन की है। 18 किलो मीटर में आठ एटीएम के बाद भी लोग परेशान रह रहे हैं। एवन एटीएम इंदरपुर पर पैसा निकालने गए छिब्बी निवासी सुरेंद्रनाथ सिंह सुबह से परेशान दिखे लेकिन एटीएम से पैसा नहीं मिल सका क्योंकि कैश ही नहीं था। बलेसरा के बैंक आफ बड़ौदा के एटीएम पर भी धारक उपेंद्र यादव पैसे के लिए परेशान रहे। एटीएम पर कैश नहीं होने से पैसा नहीं निकल सका। यह स्थिति हर दिन की है।




# बिना जीपीएस व कैमरे के नहीं चलेगें स्कूल वाहन

**गाजीपुर।** सड़क सुरक्षा समिति व विद्यालय प्रबंधकों के साथ हुई बैठक में बुधवार को जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने स्कूल प्रबंधकों को चेतावनी देते हुए कहा कि स्कूल वाहनों में जीपीएस एवं सीसीटीवी कैमरा अनिवार्य रूप से लगाया जाए। किसी भी विद्यालय के वाहन 15 वर्ष के हो गए हो उसको विद्यालय से तत्काल हटा दिया जाए। अपने-अपने वाहनो को दुरूस्त कराए एवं समय-समय पर सर्विसिग कराई जाए। बच्चों के परिजनों के साथ बैठक कर उनका सुझाव लिया जाए। वाहन के पीछे ड्राइवर का नाम व मोबाईल नंबर जरूर लिखा जाए। स्कूल वाहन के ड्राइवर के पास पांच वर्ष का अनुभव प्रमाण पत्र के साथ लाइसेंस होना अनिवार्य है। एआरटीओ राम सिंह ने बताया गया कि जनपद में छह ब्लैक स्पाट चिन्हित किए गए हैं। इन स्थलों पर डीएम ने सड़क सुरक्षा चिन्हों का बोर्ड, रबलिग, स्ट्रिप, रिफलेक्टिग कलर लगवाने का निर्देश दिया। वाहनों की चेकिग योजना बनाकर की जाए, जिससे कम से कम चेकिग का प्रभाव अधिक से अधिक लोगों पर पड़े। इसके अतिरिक्त बैठक में माल वाहनों में ओवलोडिग, निर्धारित क्षमता से अधिक व्यक्तियों को बैठाकर उनका संचालन करने, नशे में वाहनों को चलाने, वाहन चलाते समय मोबाइल का उपयोग करने, हेलमेट व सीट बेल्ट न लगाने, हिट एंड रन दुर्घटना मामले में उनपर की गई कार्रवाई की जानकारी ली। बैठक में जिला विद्यालय निरीक्षक ओ पी राय, बेसिक शिक्षा अधिकारी हेमंत राव, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका लालचंद सरोज, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डीपी सिन्हा आदि शामिल रहे।



# बरात में डीजे बजाने को लेकर विवाद, 12 लोग गिरफ्तार

**कासिमाबाद(गाजीपुर) ।** क्षेत्र ग्राम पंचायत गेहुड़ी में आयी बरात में मंगलवार की रात डीजे पर गाना बजाने को लेकर खूब हंगामा हुआ। इस मामले में पुलिस ने 12 लोगों को गिरफ्तार कर शांति भंग में चालान कर दिया। गेहूड़ी के रामनाथ राजभर की लड़की की शादी थी। लड़की पक्ष के लोगों ने डीजे किया था। लड़के पक्ष आर्केस्ट्रा लेकर आया था। दोनों पक्ष पहले अपना कार्यक्रम कराना चाहते थे। इसी बीच एक युवक पिस्टल की तरह दिखने वाले लाइटर निकाल कर डांस करने लगा। इसकी सूचना किसी ने पुलिस को दे दी। मौके पर पहुंची 112 नंबर पुलिस ने काफी समझाने बुझाने का प्रयास किया गया लेकिन सभी मारपीट पर उतारू थे। इसके बाद थाने से पहुंची पुलिस ने रात 12.30 बजे के लगभग 12 लोगों को हिरासत में लेकर धारा 151 के तहत गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अभियुक्तों : नगीना, रामसोच, अभिषेक , रवि , साहिल, अंबरीश राजभर, रामरतन, योगेन्द्र निवासीगण ग्राम मानिकपुर जमीन हाजीपुर थाना घोसी जनपद मऊ, श्रीराम निवसाी बहादुरगंज कासिमाबाद, रोहित राजभर निवासी ग्राम चवर मरदह, प्रिस सिंह निवासी ग्राम सोनबरसा कासिमाबाद व जयकी राम निवासी ग्राम राजपुरा थाना कोपागंज जनपद मऊ शामिल थे। कोतवाल देवेंद्र सिंह यादव ने बताया कि सभी अभियुक्तों का शांति भंग की आशंका में चालान कर दिया गया है।



# तो शहर में आग लगने पर असहाय हो जाएगा फायर बिग्रेड

**आजमगढ़।** शहर में आग लगने की बड़ी घटनाओं पर अगिन्शमन विभाग असहाय हो जाएगा। इसका मुख्य कारण कि सड़कों के उच्चीकरण व चौड़ीकरण में किनारे बने हाइड्रेंट नीचे दब गए। ऐसे में फायर बिग्रेड को पानी नहीं मिल पाएगा। इस पर किसी जिम्मेदार ने ध्यान ही नहीं दिया। फायर टैंकरों को पानी की दिक्कत न हो, इसके लिए नगर पालिका परिषद की तरफ से टैंकरों को पानी उपलब्ध कराने को नलकूपों पर फ्लैंच लगाया गया। शहर के नौ नलकूपों पर फ्लैंच की व्यवस्था की गई है। घटना के समय नलकूपों को चालू कर फायर टैंकर पानी ले सकते है। इसमें सबसे बड़ी दिक्कत यह है कि आग की घटनाओं पर बिजली सप्लाई बंद कर दी जाती है। ऐसे में नलकूप नहीं चल पाएंगे। ऊंचे सरकारी भवनों में आग लगने पर फायर बिग्रेड का काफी मुश्किलें उठानी पड़ रही हैं। इसमें वर्षों पुराने लगाए गए सिस्टम खराब हो गए हैं। इसे ठीक कराने के लिए अगिन्शमन विभाग ने कलेक्ट्रेट व विकास भवन आदि विभागों के अधिकारियों को पत्र से अवगत भी करा दिया है। सिधारी टंकी के पास, प्रेक्षागृह के अंदर स्थित नलकूप, पुरानी कोतवाली नलकूप, मुकेरीगंज चौराहा नलकूप, एसकेपी इंटर कालेज नलकूप, हरिऔध नगर कालोनी नलकूप, दलालघाट तिराहा नलकूप, मूसेपुर तिराहा नलकूप, कुंदीगढ़ नलकूप पर फ्लैंच व पांडेय बाजार व पुरानी कोतवाली गेट पर फायर हाइड्रेंट की व्यवस्था मौजूद थे। शहर के अंदर हाइड्रेंटों के बंद होने पानी का संकट होगा। नलकूपों पर फ्लैंच लगाया गया है लेकिन आग की घटनाओं पर बिजली सप्लाई बंद कर दी जाती है। जेनरेटर की व्यवस्था न होने से वहां भी पानी नहीं मिल पाएगा। कई सरकारी कार्यालयों में भी सिस्टम काम नहीं कर रहा है। अधिकारियों को अवगत कराया दिया गया है।



# बीत गया एक और चुनाव नहीं भरा सड़कों का घाव

**आजमगढ़ ।** एक और विधानसभा का चुनाव बीत गया, लेकिन शहर की सड़कों के घाव जस के तस हैं। शहर की सड़कों पर गड्ढे तो हर किसी को नजर आ रहे हैं, लेकिन गलियों की हालत तो वही जाने जिसे उससे रोजाना गुजरना पड़ता है। वह रास्ते भी दरक रहे हैं जो सीसी हैं। भूमिगत पाइपलाइन में लीकेज गलियों की सूरत बिगाड़ रही है। गलियों में बिछाई गई इंटरलाकिग जगह-जगह धंस गई है। मोहल्ले के सभासद लाचार हैं और क्षेत्र की जनता को जवाब नहीं दे पा रहे हैं। नगर निकाय का चुनाव नजदीक होने से भी उनकी परेशानी बढ़ी कि वह क्या मुद्दा लेकर जनता के बीच जाएंगे। नाली ध्वस्त होने से दोपहिया सवारों को परेशानी होती है। बिजली है तो कोई बात नहीं और अगर गुल रही तो रास्ते पर अनजान लोगों का गिरना तय है। शहर की सड़कों पर नजर दौड़ाएं, तो मातवरगंज से पांडेय बाजार चौराह तक हर कदम पर गड्ढे बन गए हैं। पुरानी सब्जी मंडी से बदरका तिराहा होते हुए अतलस पोखरा की ओर बढ़ने पर अधिकांश सड़क गड्ढों में तब्दील हो चुकी है। पिछले वर्ष सितंबर महीने की भारी बारिश ने रही सही कसर भी पूरी कर दी। दुखद एक के बाद एक त्योहार भी बीतते गए, लेकिन शहरवासियों की परेशानी पर ध्यान नहीं दिया गया। पुरानी कोतवाली से लेकर दलालघाट तक का वही हाल है। भला हो उन लोगों का जो मकान का मलबा गड्ढों में डाल देते हैं। पालिका अध्यक्ष के प्रतिनिधि प्रणीत श्रीवास्तव का कहना है कि पिछले कोरोना काल से बजट का अभाव चल रहा है।




# निर्माण सामग्री का सरकारी दर गांव के विकास में बाधा

**आजमगढ़।** कलेक्ट्रेट भवन के समक्ष डा. भीमराव आंबेडकर पार्क में बुधवार को ग्राम प्रधानों की जिलाध्यक्ष प्रतिनिधि श्रीराम यादव की अध्यक्षता में बैठक हुई, जिसमें विकास कार्यों में लगने वाली निर्माण सामग्री पर रणनीति बनाने पर चर्चा की गई। उसके बाद कलेक्ट्रेट के समक्ष प्रदर्शन कर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा।संगठन के राष्ट्रीय महासचिव डा. राजेश सिंह ने कहा कि वर्तमान में प्रधानों को सरकार से मिलने वाली सामग्री की दर बाजार के सामग्री दर से बहुत कम है। कुछ ऐसी सामग्री भी हैं, जिनके सरकारी दर बाजार दर का आधा है। इस प्रकार की विसंगति के कारण विकास कार्य करवा पाना लगभग असंभव सा है। उन्हें बहुत सारी दुश्वारियों का सामना करना पड़ रहा है। डीएम विशाल भारद्वाज ने वार्ता में विश्वास दिलाया कि पांच मई से सामग्री की दर में वृद्धि कर दी जाएगी। संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष देवनाथ यादव, मंडल प्रभारी रामकुमार यादव, जिला मीडिया प्रभारी जाहिद खान, उमेश यादव, धर्मेंद्र यादव, हरिश्चंद्र यादव, बृजनाथ सिंह, अरुण कुमार आदि प्रधान थे।



# सूख गईं नहरे, पानी को तरस रही फसल

**बेरुआरबारी (बलिया) ।** क्षेत्र में नहरों का जाल किस काम का जो आवश्यकता पर पानी ही नहीं उपलब्ध कराए। रतसर रजवाहा नहर से करम्बर, गांधीनगर, बरवां, ज्ञानपुर, असेगा, मिड्ढा, बेरुआरबारी, बभनौली, असेगी, कैथवली, देल्हुआं, सूर्यपुरा आदि क्षेत्र से गुजरने वाली नहरों की अभी तक साफ-सफाई नहीं हुई है। विभाग को किसानों की सुविधा के लिए 30 अप्रैल तक नहरों में पानी आपूर्ति भी कर देनी थी। किसानों का कहना है कि अब धान की बेहन डालने की तैयारी चल रही है। पानी के अभाव में नहरों के आस-पास सब्जी की खेती भी सूख रही है। किसान को किसी तरह प्राइवेट संसाधनों के भरोसे सिचाई करना पड़ रहा है। बार बार सिचाई के अभाव में किसानों के वर्षो के अरमान टूट रहे हैं। विगत कई वर्षों से नहरों में समय से पानी के अभाव में इसके किनारे के खेत की फसलें सिचाई बिन बर्बाद हो रही हैं। किसानों ने प्रशासनिक अधिकारियों से नहर की जल्द से जल्द सफाई व जगह-जगह टूटी नहर की मरम्मत के साथ ही तत्काल पानी छोड़े जाने की मांग की है। कहने को तो नहर के किनारे खेत हैं लेकिन भिडी, करैले व लौकी की खेती में अभी तक किसी तरह प्राइवेट साधन के भरोसे ही काम चल रहा है। ब्रजेश वर्मा, आदर धान की बीज डालनी है। खेत तैयार करने के लिए पानी का इंतजार कर रहे हैं। अभी तक आया नहीं। हर बार नहर धोखा ही देती है। बिना जरूरत नहर में क्षमता से अधिक पानी छोड़ दिया जाता है। इससे कई बार सैकड़ों एकड़ गेहूं व चना आदि फसलें बर्बाद हो गई हैं। नहर में समय से पानी नहीं मिलता। धान के बेहन डालने के लिए किसान तैयारी में जुटे हैं। इधर नहरों की अब तक सफाई ही नहीं हुई। सरकार की कथनी-करनी में बड़ा अंतर हैं। क्षेत्र के नहरों की अब तक न तो सफाई की गई न ही मरम्मत, सब कुछ राम भरोसे ही चल रहा है। आशीष सिंह, कैथवली किसानों के जमीनों से नहरें गहरी होती जा रही हैं। पानी आता भी है तो नहर की तलहटी तक ही रह जाता। कैसे रहेंगे किसान खुशहाल। पूर : तुर्तीपार कैनाल से निकलने वाली पूर रजवाहा में कम पानी छोड़े जाने से किसानों में रोष व्याप्त है। यह समय किसानों के लिए उपयोगी होता है। इसी समय किसान धान की नर्सरी लगाते हैं ताकि समय से रोपाई हो सके। जबकि इस रजवाहा में मात्र 35 से 40 सेंटीमीटर ही पानी छोड़ा गया है, इससे सिचाई बाधित हो रही है। इसमें 100 से 110 सेंटीमीटर पानी नहीं छोड़ा जाएगा, खेतों में पानी नहीं पहुंच पाएगा। उनकी धान की नर्सरी पिछड़ रही है।



# फार्मासिस्ट के भरोसे चितबड़ागांव का नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र

**चितबड़ागांव (बलिया) ।** नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चितबड़ागांव वर्षों से फार्मासिस्ट व वार्ड ब्वाय के सहारे चल रहा है। नगर पंचायत चितबड़ागांव की लगभग 45 हजार आबादी व आस-पास की लगभग दो दर्जन ग्राम सभाओं के एक लाख लोगों को सेहत की सुविधाएं मुहैया कराने वाला स्वास्थ्य केंद्र चितबड़ागांव एक दशक से चिकित्सक विहीन है। लोगों को इलाज के लिए दर-दर भटकना पड़ रहा है। चिकित्सालय पर कुछ दिनों के लिए अस्थाई रूप से एक आयुष चिकित्सक की तैनाती की गई थी लेकिन चार छह महीने बीतने के बाद उन्हें पुनः पुराने स्थान पर भेज दिया गया। एक दशक से चिकित्सालय पर खाली चल रहे एमबीबीएस चिकित्सक के पद पर कोई तैनाती नहीं की गई। होम्योपैथिक चिकित्सालय का भवन न होने के कारण नए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर ही होम्योपैथिक चिकित्सक के बैठने का आदेश स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी किया गया था। चिकित्सालय पर न तो उनका कोई कक्ष है और नहीं इस आशय का बोर्ड ही लगा है। सब कुछ कागज में चल रहा है। होम्योपैथिक चिकित्सक का तो आज तक किसी ने चेहरा भी नहीं देखा। चिकित्सक के अभाव में लोग निजी चिकित्सकों के यहां मनमानी फीस देने व आर्थिक शोषण का शिकार होने को विवश हो रहे हैं। नगर पंचायत से सटे ग्राम पंचायत उसरौली के पूर्व प्रधान अश्विनी कुमार सिंह का कहना है कि छोटी-छोटी घटनाओं में मारपीट होती है तो मेडिकल कराने के लिए सीएचसी नरहीं या जिला मुख्यालय पर जाना पड़ता है। पूर्व प्रधान ने तत्काल चिकित्सालय पर एमबीबीएस चिकित्सक की तैनाती और होम्योपैथिक चिकित्सक के चिकित्सालय पर नियमित रूप से उपस्थित रहने की व्यवस्था नहीं कराने पर चिकित्सालय परिसर में ग्रामीणों संग धरना देने की चेतावनी दी है।



# हाल्ट घोषित रेवती स्टेशन पर यात्री सुविधाओं का विस्तार नहीं

**रेवती (बलिया) ।** हाल्ट घोषित स्थानीय रेलवे स्टेशन पर दो वर्षों से यात्री सुविधाओं का विस्तार कार्य ठप है। चौथी लाइन बिछाने की जगह अब वहां दूसरे प्लेटफार्म का कार्य शुरू कर दिया गया है। भविष्य में यहां अप डाउन सिर्फ दो लाइन ही रह जाएंगी। अभी यहां सिगल प्लेटफार्म हैं वह भी आधा-अधूरा इसी तरह छोड़ दिया गया है। ऊपर गामी सेतु के दोनों तरफ नीचे उतरने पर सतह चबूतरा नहीं बना है। यात्री निवास जर्जर अवस्था में है। साफ-सफाई के अभाव में बैठने लायक नहीं रह गया है। पूरब व पश्चिम सिगल प्लेटफार्म पर एक-एक हैंडपंप है लेकिन आरओ व नल की व्यवस्था नहीं है। यहां दो जोड़ी पैसेंजर सहित छपरा दुर्ग सारनाथ तथा छपरा लखनऊ उत्सर्ग दो एक्सप्रेस कुल चार जोड़ी ट्रेनों का अप डाउन ठहराव है। दैनिक यात्री कीर्तन चौहान ने बताया कि दो मिनट के ट्रेनों के ठहराव में कोई यात्री प्लेटफार्म पर चाहकर भी पानी नहीं भर पाता है। संजय पाल कहते हैं कि हाल्ट घोषित होने के बाद यहां सुविधा के नाम पर कुछ नहीं है। रेल रोको संघर्ष समिति के संयोजक ओमप्रकाश कुंवर ने बताया कि रेवती ब्लाक मुख्यालय सहित नगर पंचायत भी है। 50 से अधिक ग्राम सभाओं की डेढ़ लाख से अधिक जनता का सीधा संबंध रेलवे स्टेशन से है। नगर के समाजसेवी बबलू पांडेय, व्यापार मंडल के वीरेंद्र गुप्ता, सुनील केशरी, पप्पू केशरी आदि ने क्षेत्रीय विधायक केतकी सिंह को ज्ञापन देकर इस संबंध में पहल करने की मांग की है । क्षेत्रीय विधायक केतकी सिंह ने कहा यह जनता से जुड़ा मुद्दा है। इसका स्टेशन का दर्जा बरकरार रखने के लिए सांसद रवींद्र कुशवाहा सहित रेल प्रशासन से शीघ्र पहल की जाएगी।



# एसपी ने गहनता से की रजिस्टर की जांच

**दुल्लहपुर (गाजीपुर) ।** पुलिस अधीक्षक रामबदन सिंह ने बुधवार को चार घंटे तक स्थानीय थाने का निरीक्षण किया। उन्होंने सीसीटीएनएस, महिला हेल्प डेस्क, बंदीगृह, मालखाना, लावारिस पड़े वाहनों के बारे में पूछताछ की। कार्यालय में रखे रजिस्टर की गहनता से जांच कर विभिनन्‍ मुकदमों के बारे में दीवान से जानकारी ली और बरामद माल के बारे में बात की। उन्होंने साफ कहा कि पीड़ितों को न्याय मिलना चाहिए। उन्होंने थाने में रखे शस्त्रों का निरीक्षण किया और उनके प्रयोग के बारे में मातहतों से पूछा। कार्यालय में रखे रजिस्टर की गहनता से जांच की। उन्होंने आय-व्यय रजिस्टर को भी देखा। उसमें अधिकतर मामलों का उल्लेख नहीं था। कहा कि सभी मामलों का उल्लेख अभिलेखों में होना चाहिए। इसके बाद सीसीटीएनएस कक्ष में कंप्यूटर से संबंधित जानकारी ली। उन्होंने महिला हेल्प डेस्क कक्ष में काउंटर पर बैठी महिला कांस्टेबल से पीड़ितों से मिले प्रार्थना पत्र का रजिस्टर मांगा, जो रजिस्टर में अंकित नहीं था। कम्प्यूटर में खराबी की बात कही गई। उन्होंने महिला हेल्प डेस्क के सभी प्रार्थना पत्रों को कंप्यूटर में स्कैन करने का आदेश दिया। इस दौरान महिला महिला कांस्टेबल दीपिका सिंह पुलिस अधीक्षक के सामने आने पर घबराहट महसूस करने लगी। इस पर एसपी ने साहस देते हुए कहा कि घबराने और डरने की कोई बात नहीं है। सभी मामलों को कंप्यूटर में स्कैन करना है। कार्रवाई के बाद उस पर रिपोर्ट लगाना है लेकिन प्रार्थना पत्र अपडेट नहीं था। उन्होंने अपने सामने ही दो पीड़ितों के मामले में मोबाइल फोन से काल कर उनका फीडबैक लिया। उन्होंने थाने में जब्त व लावारिस वाहनों के बारे में पूछताछ की। अधिकतर वाहनों को कोर्ट की कार्रवाई पूरी करने के बाद नीलामी करने की बात कही। इसके पश्चात पुलिस कमिन्यों के साथ बैठक की। सीओ गौरव कुमार सिंह, एसओ शैलेश कुमार मिश्र, एसआइ केशव यादव, रामसजन यादव, बृजमोहन मौर्य आदि थे।



# तीन नाबालिग लड़कियों कि शादी रूकवाई गई

## ग्राम पंचायत बगाडू में नाबालिग लड़कियों कि हो रही थी शादी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**चिन्ता पान्डेय**

**सोनभद्र।** जिले में इस वक्त देखा जाय तो नाबालिग लड़कियों कि शादी परिवार के द्वारा तेजी से कि जारही है वहीं दूसरी तरफ सुचना प्राप्त होती है प्रोबेशन विभाग द्वारा तत्काल करवाई कि जारही है और कम उम्र में हो रही शादी को रोकने में सफ़ल भी हो रही है टिम चाइल्ड लाइन 1098 से प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना दुद्धी के ग्राम पंचायत बगाडू में दिनांक 05/05/2022 को तीन नाबालिक बालिकाओं की शादी कराई जा रही थी जिसका संज्ञान लेते हुए तत्काल जिला प्रोबेशन अधिकारी श्री पुनीत टंडन के निर्देश के क्रम में आज दिनांक 04/05/2022 को महिला शक्ति केंद्र से जिला समन्वयक सुश्री साधना मिश्रा और जिला बाल संरक्षण इकाई से संरक्षण अधिकारी सुश्री गायत्री दुबे सामाजिक कार्यकर्ता श्रीमती रोमी पाठक , ओ. आर डब्लू. श्री शेषमणी दुबे व मानव तस्करी रोधी इकाई से श्री राम जी ,एघ् सुजीत सेठ और दुद्धी थाने से एघ् संदीप कुमार राय द्वारा विवाह स्थल पर पहुंच कर विवाह को रोक दिया गया जिसमे से दो बालिका साक्ष्य के अनुसार नाबालिग है जिसको टीम द्वारा अपनी अभिरक्षा में लेते हुए बाल कल्याण समिति सोनभद्र के समक्ष प्रस्तुत करने हेतु ले जाया गया।



# 13 लोगों के खिलाफ विद्युत चोरी में मुकदमा दर्ज

**कछवां (मीरजापुर) ।** क्षेत्र में बुधवार की भोर में करीब पांच बजे लखनऊ से पहुंची विजिलेंस व स्थानीय विद्युत विभाग की संयुक्त टीम ने अवैध कटियामारों और बिजली चोरी करने वालों के खिलाफ अभियान चलाकर छापेमारी की। इस दौरान बिजली चोरी के आरोप में 13 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया। टीम कछवां बाजार के मुख्य चौराहा, चुनार रोड पर छापेमारी की। इसी क्रम में टीम चुनार रोड पर बढ़ी जहां पसियाही, पिपराही एवं धन्नूपुर होते हुए रामापुर करसड़ा आदि गांवों में भी धमक पड़ी। इस दौरान टीम के अधिकारियों ने आठ लोगों को बिजली चोरी करते हुए पाया, जिनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया। चार लोगों का बिजली लोड बढ़ाया गया। पांच उपभोक्ताओं ने घरेलू लेकर कामशिय्ल बिजली इस्तेमाल कर रहे थे उनको परिवर्तित करके कामशिय्ल की श्रेणी में किया गया।पांच बड़े बकाएदार बिजली कटने के बाद भी पोल से जोड़कर बिजली जला रहे थे उन पर भी मुकदमा दर्ज कराया गया। इस मौके पर विजिलेंस प्रभारी रामकुमार सिंह, अवर अभियंता उमेश कुमार चौरसिया आदि रहे।



# होंडा सिटी कार के साथ चार आरोपियों कि हुई गिरफ्तारी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**चिन्ता पान्डेय**

**सोनभद्र।** में पुलिस की संयुक्त टीम को बड़ी सफलता हाथ लगी है सोनभद्र के चोपन थाना क्षेत्र के प्रितनगर पहलवान ट्रांसपोर्ट के पास से एक लग्जरी कार से 1 कुंटल 90 किलो ग्राम गांजा बरामद हुआ और 4 आरोपियों की गिरफ्तारी की गयी। यह गाँजे की खेप उड़ीसा से सोनभद्र और आसपास के जनपदों में खपत करने के लिए लाया जा रहा था इसी दौरान पुलिस को मुखबिर के जरिए मिली सूचना के आधार पर चेकिंग के दौरान पुलिस की संयुक्त टीम ने 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया वही इन आरोपियों के कब्जे से कुल 1 कुंटल 90 किलो ग्राम गांजा बरामद करते हुए होंडा सिटी कार भी बरामद की है पुलिस अधीक्षक अमरेंद्र प्रसाद सिंह का कहना है कि इस गाँजे की कीमत लगभग 20 लाख बताई जा रही है और यह उड़ीसा से यह गाँजे का खेप सोनभद्र- गाजीपुर और आसपास के जनपदों में खपत के लिए लाया जा रहा था पुलिस के द्वारा कार्यवाही में कुल 4 आरोपी गिरफ्तार किए गए हैं जिनके कब्जे से गाजा व हौंडा सिटी कार बरामद की गई है इसके साथ ही पुलिस अधीक्षक ने बताया कि पूछताछ में हम जानकारी निकलकर सामने आई है जिसके आधार पर आगे बड़ी कार्रवाई देखने को मिलेगी। सोनभद्र के चोपन थाना क्षेत्र के प्रितनगर में पहलवान ट्रांसपोर्ट के पास से पुलिस की संयुक्त टीम जिसमे चोपन थाना पुलिस एसओजी स्वाट व सर्विलांस टीम के द्वारा मुखबिर की सूचना के आधार पर चेकिंग के दौरान पुलिस ने हौंडा सिटी कार में सवार 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया वही उनके कब्जे से कुल 1 कुंटल 90 किग्रा गांजा बरामद हुआ दरअसल पुलिस अधीक्षक अमरेंद्र प्रसाद सिंह का कहना है कि यह गाँजे की खेप उड़ीसा से सोनभद्र और उसके आसपास जिलों में खपत करने के लिए लाई जा रही थी जिसमें 4 आरोपियों में अरुण कुमार सिंह निवासी बड़वारा थाना कासिमाबाद जनपद गाजीपुर, सुभाष कुमार मौर्य निवासी आमडीह थाना रावटसगंज जनपद सोनभद्र, अनुराग सिंह निवासी हरदासपुर थाना शादियाबाद गाजीपुर, रजत सिंह निवासी हरदासपुर थाना शादियाबाद जनपद गाजीपुर के निवासी हैं और इस मामले का मास्टर माइंड अरुण कुमार सिंह है जिसके ऊपर पहले भी एनडीपीएस एक्ट के मुकदमे दर्ज हैं वहीं पुलिस का कहना है कि इस मामले में अहम जानकारी हाथ लगी है जिसके आधार पर आगे और भी बड़ी कार्रवाई देखने को मिलेगी वहीं इस मामले का खुलासा करने वाली टीम को ?25000 पुरस्कार की घोषणा भी पुलिस अधीक्षक ने की। अमरेंद्र प्रसाद सिंह पुलिस अधीक्षक सोनभद्र।



# विध्य कारिडोर की बाधाएं जल्द होंगी दूर : जितिन प्रसाद

**विध्याचल (मीरजापुर) ।** प्रदेश के लोकनिर्माण मंत्री जितिन प्रसाद ने बुधवार को विध्याचल स्थित मां विध्यवासिनी का दर्शन-पूजन किया। इसके बाद विध्य कारिडोर का प्रगति कार्य देखा। उन्होंने स्थलीय निरीक्षण करने के बाद अष्टभुजा डाकबंगला पर अधिकारियों संग समीक्षा बैठक की मंत्री ने पत्रकारों को बताया कि सरकार ने जो उन्हें जिम्मेदारी दी है उस पर पूर्ण रूप से कार्य करेंगे। कहा कि विध्य कारिडोर बनने से श्रद्धालुओं को कोई दिक्कत नहीं होगी। लोगों की सुविधाओं को बढ़ाने के लिए प्रदेश सरकार संकल्पित है। मंत्री ने कहा कि विध्य कारिडोर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की महत्वपूर्ण योजनाओं में शामिल है। इसमें जो भी बाधाएं आ रही हैं उसे जल्द दूर किया जाएगा। इसके लिए जल्द ही अधिकारियों के साथ बैठक की जाएगी। इसके अलावा यहां के जनप्रतिनिधियों से भी संवाद स्थापित किया जाएगा। जो भी आपत्तियां होंगी, उसे दूर करने का प्रयास किया जाएगा। हरिद्वार में हरकी पौड़ी, अयोध्या में राम की पौड़ी की तर्ज पर विध्य की पौड़ी के निर्माण पर जब प्रशन पूछा गया तो उन्होंने कहा कि जल्द यहां भी बदला हुआ नजारा दिखेगा। मंत्री ने कहा कि गंगा के किनारों पर कटान को रोकने के लिए रणनीति बनाई जाएगी। इसके लिए लोकनिर्माण विभाग, सिचाई विभाग व अन्य विभागों से बात कर स्थायी योजना निकाली जाएगी। इस दौरान नगर विधायक रतनकर मिश्र व भाजपाजन मौजूद रहे।



# नि:शुल्क टैबलेट का किया गया वितरण

**(आधुनिक समाचार सेव)**
**विशाल मौर्य**

**सोनभद्र।** के करमा ब्लाक अन्तर्गत ग्राम सभा सुकृत में स्थित देवो महेश (पालीटेकिन्क) कालेज आफ इंजीनियरिंग एंड टेकनेलॉजी में टैबलेट का वितरण राज्यसभा सांसद माननीय राम शकल जी के कर कमलों द्वारा उत्तर प्रदेश सरकार विकास योजनान्तर्गत नि:शुल्क टैबलेट वितरण योजना 2022 के अन्तर्गत देवो महेश पॉलीटेकिन्क, देवो महेश आई टी आई एवं काशी आई टी आई के बच्चों में नि:शुल्क टैबलेट का वितरण किया गया। इस दौरान देवो महेश निजी आई टी आई के प्रबंधक शैलेन्द्र मौर्य प्रधानाचार्य- असुतोस, पिंकू पटेल एवं रामलखन यादव, देवो महेश (पॉलीटेकिन्क) कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेकनेलॉजी के प्रबंधक मनीष कुमार, डायरेक्टर अमित यादव, अजय चौबे, श्रवण, मोहम्मद वहीदुल्ला, कमलेश मौर्य, काशी निजी आईटीआई के प्रबंधक डॉ रविशंकर सिंह, प्रधानाचार्य संध्या कौशिक, चुलई पाल, सचिन सिंह पटेल , अरविन्द सिंह, कंचन मौर्य सहित सुखराम सिंह मार्डन पब्लिक स्कूल के प्रबंधक शिवपूजन सिंह, पुष्पांजलि कान्वेंट स्कूल के प्रबंधक ओमप्रकाश सिंह, दिनेश सिंह, पारस नाथ सिंह, प्रेमप्रकाश प्रजापति, सुकृत ग्राम प्रधान रमाशंकर पटेल , गौरही ग्राम प्रधान प्रतिनिधि कौशल कुमार मौर्य, रामलाल चौहान सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे। इस दौरान टैबलेट प्राप्त कर बच्चों ने अपना हर्ष व्यक्त किए।



## 16वर्ष कि नाबालिग बच्ची कि परिवार द्वारा रचाई जारही थी शादी

सोनभद्र/ ग्राम अदलगंज चोपन में एक नाबालिग बालिका की शादी इमलिया सुपेला जिला सिद्धि मध्यप्रदेश में की जा रही थी जिसकी सूचना प्राप्त होते ही जिला प्रोबेशन अधिकारी श्री पुनीत टंडन द्वारा टीम गठित करते हुए महिला शक्ति केंद्र से जिला समन्वयक सुश्री साधना मिश्रा जिला बाल संरक्षण इकाई से संरक्षण अधिकारी सुश्री गायत्री दुबे परामर्शदाता श्री सुधीर शर्मा एवम सामाजिक कार्यकर्ता श्रीमती रोमी पाठक को तत्काल कार्यवाही हेतु आदेशित किया गया जिसके क्रम में टीम द्वारा चोपन थाने से समन्वय करते हुए विवाह स्थल पर पहुंचा गया जहां विवाह की तैयारी चल रही थी ।बालिका के पिता द्वारा उम्र संबंधी साक्ष्य प्रस्तुत किया गया जिसमे बालिका की उम्र 16 वर्ष थी इसलिए परिवार को बाल विवाह के दुष्प्रभाव के बारे में बताते हुए बालिका की उम्र 18 वर्ष पूर्ण होने पर ही विवाह करने की चेतावनी देते हुए बाल विवाह रोक दिया गया।



# चिकित्सक के घर चोरी का पर्दाफाश, दो गिरफ्तार

**चुनार (मीरजापुर) ।** क्षेत्र के काजी टोला मोहल्ला निवासी डा. एसके सेन के घर 17 मार्च को हुई चोरी मामले का पुलिस ने राजफाश कर दिया है। पुलिस ने बुधवार को मामले में दो आरोपितों को गिरफ्तार कर चोरी का सामान भी बरामद कर लिया। दोनों आरोपितों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया कोतवाल गोपाल प्रसाद गुप्ता ने बताया कि कस्बा चौकी प्रभारी सुखबीर सिंह, चौकी प्रभारी चकगंभीरा योगेंद्र यादव चुनार रेलवे स्टेशन के पास बुधवार की सुबह गश्त पर थे। उसी समय सूचना मिली कि दो संदिग्ध युवक ट्रेन से कहीं जाने की फिराक में हैं और दोनों के पास चोरी का माल है। मौके पर पहुंची पुलिस को देख दोनों स्टेशन के अंदर प्लेटफार्म की तरफ भागना लगे लेकिन पुलिस ने पकड़ लिया। नाम पता पूछे जाने पर एक ने अपना नाम रोहित कुमार पुत्र मुननलाल निवासी कांशीराम आवास (संत थामस स्कूल) चुनार तथा दूसरे ने अपना नाम घनश्याम यादव पुत्र विजय शंकर यादव निवासी औराई मीरजापुर रोड जनपद भदोही बताया। तलाशी लेने पर रोहित के पास सोने की आठ चूड़ी, तीन माला, सात नाक की कील, एक नथुनी, एक ब्रेसलेट, दो कान की बाली, आठ कान के टप्स, एक लाकेट, चार हजार तीन सौ रुपये नकदी व एक मोबाइल फोन तथा घनश्याम के पास 10 चांदी का सिक्का, एक चांदी की ब्रेसलेट, व पांच हजार दो सौ बरामद किया। ओरोपितों ने बताया कि गोलू उर्फ अभिनव उपाध्याय तथा रवि शाहनी व राजेश के साथ मिलकर 17 मार्च को डा. सुभाष कुमार सेन के घर चोरी की थी। टीम में आरक्षी अमर ज्योति, मनीष कुमार, सीताराम यादव व नागेंद्र पटेल आदि थे।



# राज्य सभा सांसद रामसकल जी के कर कमलों द्वारा राणा प्रताप उच्चतर माध्यमिक विद्यालय

**(आधुनिक समाचार सेव)**
**विशाल मौर्य**


**सोनभद्र।** के करमा ब्लाक अन्तर्गत ग्राम सभा लोहरा में स्थित राणा प्रताप उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के कक्ष का उद्घाटन राज्य सभा सांसद रामसकल जी के कर कमलों द्वारा किया गया। इस दौरान वे लोगों को संबोधित करते हुए कहे कि भविष्य में भी इस विद्यालय के विकास में अनवरत प्रयास जारी रहेगा। इस दौरान प्रेस वार्ता में उन्होंने कहा कि हम शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के क्षेत्रों में लगातार कार्य कर रहे हैं। इस दौरान राणा प्रताप उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्रबंधक उमेश चंद्र मौर्य ने माननीय सांसद जी को स्मृति चिन्ह के रूप में राष्ट्रीय चिह्न अशोक स्तंभ व अंग वस्त्र देकर सम्मानित किए। इस दौरान पूर्व प्रबंधक सुदामा सिंह , डॉ रामसूरत सिंह चौहान , सोहन प्रसाद मौर्य , रमेश मौर्य , प्रेम प्रजापति , रामकेश पनिका , सर्वेश कुमार मौर्य , उमाशंकर सिंह सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## कार पलटने से एक ही परिवार के चार लोग घायल

**डाला (सोनभद्र)।** वाराणसी शक्तिनगर मार्ग पर हाथीनाला के पास एक कार अनियंत्रित होकर अचानक पलटने से कार सवार एक महिला समेत चार लोग घायल हो गए। हाथीनाला थाना प्रभारी रविद्र प्रसाद ने बताया कि वाराणसी-शक्तिनगर पर स्थित मालो घाट टोल प्लाजा के आगे चोपन- हाथीनाला बॉर्डर पर हुंडई कार अनियंत्रित होकर अचानक पलट गई है।

# विश्वविद्यालय उड़ाका दल ने दो परीक्षार्थियों को नकल करते पकड़ा

**मीरजापुर ।** महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ से संबद्ध जीडी बिनानी कालेज, केबीपीजी कालेज, केएम कालेज में सेमेस्टर की परीक्षाएं चल रही हैं। जीडी बिनानी कालेज में बुधवार को बीबीएमएस की परीक्षा में दो परीक्षार्थियों को विश्वविद्यालय उड़ाका दल ने नकल करते पकड़ा। विश्वविद्यालय उड़ाका दल संयोजक डा. ऋषभ कुमार के साथ सदस्य डा. अमित कुमार सिंह, आशुतोष कुमार तिवारी एवं डा. रीता सिंह की टीम ने जांच की। कृषक पीजी कालेज राजगढ़, राजकीयमहाविद्यालय लालगंज, शिवलोक श्रीनेत पड़री का भी निरीक्षण किया। केबीपीजी कालेज में बुधवार को प्रथम पाली बीए तृतीय वर्ष समाजशास्त्र द्वितीय प्रशन पत्र में पंजीकृत 195 में से 194, द्वितीय पाली में बीएससी द्वितीय वर्ष गणित में पंजीकृत 205 में से 203, तृतीय पाली परीक्षा में बीए द्वितीय वर्ष हिंदी में पंजीकृत 492 में से 488, बीकाम तृतीय वर्ष में पंजीकृत 110 में से 109 एवं बीकाम द्वितीय वर्ष में पंजीकृत 113 ने परीक्षा दी। प्राचार्य डा. अशोक कुमार सिंह, डा. वीरेंद्र सिंह, डा. अरविद कुमार मिश्र, डा. अशोक कुमार सिंह चन्देल, डा. शशांक शेखर द्विवेदी, डा. करनैल सिंह, डा. धनाजय सिंह, डा. किरन सिंह ने कक्षवार परीक्षार्थियों की संघन तलाशी ली। सख्ती के चलते 11 ने छोड़ दी परीक्षा सख्ती के चलते जनपद में 11 परीक्षार्थियों ने डीएलएड (बीटीसी) की सेमेस्टर परीक्षा छोड़ दी। डायट प्राचार्य डा. फतेह बहादुर सिंह, वरिष्ठ प्रवक्ता संतोष कुमार ने परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। परीक्षा परिसर में मोबाइल फोन सहित इलेक्ट्रानिक उपकरण ले जाने पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगाया गया है। प्रथम पाली में आर्यकन्या पाठशाला इंटर कालेज में आरंभिक स्तर पर भाषा एवं गणित के पठन लेखन क्षमता का विकास में पंजीकृत 176 में से 165 ने परीक्षा दी जबकि 11 ने छोड़ दी। वहीं द्वितीय पाली में शैक्षिक प्रबंधन एवं प्रशासन विषय की परीक्षा में पंजीकृत 176 में से 165 ने परीक्षा दी।



# अक्षय तृतीया पर चमका सराफा बाजार मां विध्यवासिनी के दिव्य स्वरूप को निहारा

**मीरजापुर ।** अक्षय तृतीया पर मंगलवार को सराफा बाजार में रौनक रहीं। पावन पर्व पर सुख-समृद्धि की कामना के साथ लोगों ने जमकर खरीददारी की। उधर पर्व पर मां विध्यवासिनी के दिव्य स्वरूप के दर्शन को आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। करीब एक लाख श्रद्धालुओं ने मां विध्यवासिनी के चौखट पर शीश नवाकर मंगलकामना की। दूर-दराज से आए श्रद्धालुओं ने बच्चों का मुंडन संस्कार कराया और दान-पुण्य भी किया।कई परिवार ने मां विध्यवासिनी को शादी का पहला आमंत्रण पत्र भी दिया। रत्न जड़ित आभूषण व तरह-तरह के पुष्प मालाओं से मां विध्यवासिनी का श्रृंगार किया गया था, जो दिव्य छटा बिखेर रही थी। कोई झांकी तो किसी ने गर्भगृह पहुंच मां के दिव्य छटा को निहारा और सुख-समृद्धि की कामना की। भक्तों ने मंदिर परिसर पर विराजमान समस्त देवी-देवताओं को नमन किया। मां का दर्शन पाकर भक्त निहाल हो उठे। मां के जयकारे से विध्यधाम गुंजायमान हो उठा। कई श्रद्धालुओं ने बच्चों का मुंडन संस्कार भी कराया। श्रद्धालुओं को मंदिर परिसर के आसपास चिलचिलाती धूप का सामना करना पड़ा। कालीखोह व अष्टभुजा मंदिर पर भी श्रद्धालुओं की भीड़ दिखी। अक्षय तृतीया पर जमकर खरीददारी अक्षय तृतीया पर शहर के सराफा दुकानों में रौनक दिखी। लोगों ने जमकर सोना खरीदा। सक्षम लोगों को नेकलेस पसंद रहे तो मध्यम वर्ग के लोगों में झुमका। सोने की कीलें भी खूब बिकीं। वैशाख शुक्ल पक्ष की तृतीया को अक्षय तृतीया के रूप माना जाता है। इसका अपना अलग महत्व है। लक्ष्मीजी का दिन होने के नाते इस दिन सोना खरीदना शुभ माना जाता है। मान्यता है कि इस दिन सोने की खरीद से लक्ष्मीजी की कृपा बरसती है। अक्षय तृतीया को लेकर सराफा कारोबारियों ने नई गुणवत्तायुक्त आभूषण पहले से ही मंगवा ली थी। सराफा बाजार खुलते ही सुबह से सराफा प्रतिष्ठान गुलजार होने लगे। व्यवसायी पप्पू बताते हैं कि हर किसी ने कुछ न कुछ जरूर खरीदा। सक्षम लोगों ने कई आभूषण खरीदे।सोने की कील भी खूब बिकी। घर में कुछ न कुछ सोना अवश्य पहुंचा। साइकस पाम के पौध का रोपण ग्रीन गुरु अनिल कुमार सिंह ने पौधरोपण के 2500वें दिन अक्षय तृतीया पर जेपीपुरम कालोनी पटेल नगर अपने आवासीय परिसर के गमले में पुत्र अभिनव सिंह के सहयोग से साइकस पाम पौध का रोपण किया। मरीजों में बांटे फल अक्षय तृतीया पर ऊमर ओमर वैश्य परिषद की ओर से मंडलीय चिकित्सालय में मरीजों के बीच फल वितरण किया गया। उनके उत्तम स्वास्थ्य की कामना की गई। सीएमओ डा. राजीव सिघल, एएसपी नगर संजय वर्मा, प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक डा. आलोक कुमार ने फल वितरण किया।



# टेक्नोलाजी से कोई छात्र वंचित न रहे,बांटा जा रहा टैबलेट

**सोनभद्र।** संत कीनाराम सनतकोत्तर महाविद्यालय लोढ़ी व संत कीनाराम महिला सनतकोत्तर महाविद्यालय में सरकार की अति महत्वाकांक्षी योजना के तहत छात्रों में टैबलेट का वितरण रविवार को किया गया। इस दौरान 130 छात्र-छात्राओं टैबलेट वितरित किया। इसमें संत कीनाराम महिला सनतकोत्तर महाविद्यालय के 59 व संत कीनाराम सनतकोत्तर महाविद्यालय के 71 छात्र-छात्राओं को टैबलेट दिया गया। मुख्य अतिथि अनुसूचित जाति, जनजाति आयोग के उपाध्यक्ष रामनरेश पासवान ने कहा कि सरकार की मंशा है कि कोई भी छात्र-छात्रा एडवांस टेकनेलाजी के चलते मुख्य धारा से वंचित न रह जाए, इसलिए सभी को लाभांवित किया जा रहा है। विधायक डा. अनिल मौर्या ने कहा कि यदि आप इस टैबलेट का समुचित उपयोग का करेंगे तो सरकार के मंशा के अनुरूप अपने आप को वैश्विक गतिविधियों को जोड़कर आगे ले जाएंगे। जिला विद्यालय निरीक्षक रविशंकर प्रसाद ने कहा कि विद्यार्थी इस टैबलेट का उपयोग समुचित ढंग से करके अपना शैक्षणिक विकास करें। उधर शाहगंज कस्बा स्थित मां शिव देवी पीजी कालेज में रविवार को छात्रों को 41 टैबलेट बांटा गया।



# एमसीसी के नए अध्यक्ष चुने गए स्टीफन फ्राई, अक्टूबर में संभालेंगे जिम्मेदारा

**नई दिल्ली।** ब्रिटेन के एक्टर और कामेडियन स्टीफन फाई एमसीसी के नए प्रेसिडेंट होंगे। बुधवार को इसकी घोषणा की गई है। फ्राई एक क्रिकेट समर्थक हैं और वे एमसीसी फाउंडेशन के संरक्षक रहे हैं। वे, वर्तमान अध्यक्ष क्लेयर कानर के कार्यकाल खतन होने के बाद 1 अक्टूबर को पदभार ग्रहण करेंगे। इस मौके पर उन्होंने अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा कि मैं सम्मानित और एसमसीसी का नए प्रेसिडेंट के रूप में नामिनिटेड होने के लिए गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं। यह एक ऐसा क्लब है जिसे दुनिया भर में इस बात के लिए जाना जाता है कि खेल में क्या कुछ नया होने वाले है और इस भूमिका को निभाने का अवसर मिलना वास्तव में मेरे



लिए सम्मान का विषय है फ्राई अक्टूबर में इंग्लैंड की पूर्व महिला टीम की कप्तान क्लेयर कानर की जगह लेंगे। इस मौके पर उन्होंने मौजूदा अध्यक्ष कानर को अविश्वसनीय अवसर देने के लिए धन्यवाद किया। उन्होंने कहा मै इस जिम्मेदारी के लिए उत्सुक हू उन्होंने ने पहले भी एमसीसी के साथ काम किया है। उन्होंने उस दौरान वीडियो की एक सीरीज पेश की थी जिसमें वे क्रिकेट के नियमों को समझाते हुए नजर आए थे। इस मौके पर मौजूदा अध्यक्ष कोनर ने कहा मैं स्टीफन को अपने उत्तराधिकारी के रूप में नामित करके रोमांचित हूं। उनके मन में क्रिकेट के लिए गहरा प्यार और लगाव है और वह एमसीसी के लिए एक अद्भुत राजदूत साबित होंगे। उन्होंने पिछले साल उनके द्वारा दिया गया काउड्रे व्याख्यान को याद करते हुए कहा कि वह एमसीसी और क्रिकेट दोनों के सामने आने वाली चुनौतियों और अवसरों को काफी हद तक समझते हैं और उम्मीद है कि उनके अनुभवों का फायदा इस क्लब को जरूर मिलेगा।

# 33 साल बाद सुनील गावस्कर ने लौटाई महाराष्ट्र सरकार को जमीन

**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व कप्तान और महान बल्लेबाज सुनील गावस्कर के ट्रस्ट ने महाराष्ट्र हाउसिंग और एरिया डेवलपमेंट अथारिटी को 21,348 स्क्वायर फीट की जमीन लौटाने की पेशकश की है। ये जमीन बांद्रा में स्थित है और 33 साल पहले इसे सुनील गावस्कर क्रिकेट फाउंडेशन ट्रस्ट को दिया गया था। ये जमीन उन्हें क्रिकेट अकादमी बनाने के लिए दी गई थी। उन्हें तीन महीने में अकादमी के लिए काम करना शुरू करना था और इसे तीन साल में पूरा करना था, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। अब जब 33 साल बाद सुनील गावस्कर ने इसे लौटाने की बात कही है।



# सिर चढ़कर बोल रहा है चहल का जादू, पटेल ने बनाई टाप 10 में जगह

**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग के 15वें सीजन में अब तक हुए मुकाबलों में बल्ले और गेंद का जबरदस्त रोमांच देखने को मिला है। इस सीजन में आइपीएल इतिहास की दो सबसे सफल टीमें प्वाइंट्स टेबल में नीचे तो पहली बार खेल रही दो टीमें टाप चार में बने हुए हैं। इस सीजन में अब तक हुए मैचों की बात करें तो यहां कुछ टीमों ने 200 से ज्यादा का स्कोर भी खड़ा किया है तो कुछ वर्तमान में इस सूची में युजवेंद्र चहल का कब्जा है। उन्होंने 10 मैचों में अपने विकटों की संख्या को 19 कर लिया है। दूसरे नंबर पर एक बार फिर से दिल्ली के स्पिन गेंदबाज कुलदीप ने जगह बना ली है। उन्होंने कोलकाता के खिलाफ मैच में 4 विकेट लेकर अपने विकटों की संख्या को 17 कर लिया है। तीसरे नंबर पर नए गेंदबाज की एंट्री हुई है। गुजरात के खिलाफ मैच में 4 विकेट लेने वाले कगिसो रबाडा तीसरे नंबर पर पहुंच गए हैं। अब उनके खाते में 9 मैचों में 17 विकेट हैं।




रबाडा के इस प्रदर्शन के बाद टी नटराजन चौथे नंबर पर खिसक गए हैं। उन्होंने ने इतने मैचों में ही 1 आरसीबी के गेंदबाज वानिंदू हसरंगा 5वें नंबर पर पहुंच गए हैं। चेनन्ई के खिलाफ मैच में उन्होंने 1 विकेट लेकर अपने विकटों की संख्या को 16 कर लिया है। कोलकाता के गेंदबाज उमेश यादव छठे नंबर पर खिसक गए हैं।राजस्थान के खिलाफ मैच में 1 विकेट लेकर उन्होंने 10 मैचों में अपने विकटों की स-7वें नंबर पर आइपीएल का युवा संसेशन और अपनी रफ्तार से सबको चौंकाने वाले उमरान मलिक हैं। उनके खाते में 9 मैचों में 15 विकेट है। 8वें नंबर पर गुजरात के तेज गेंदब 9वें और 10वें नंबर पर क्रमशः ड्वेन ब्रावो और हर्षल पटेल हैं। ब्रावो ने 8 मैचों में 14 विकेट तो हर्षल पटेल ने चेनन्ई के खिलाफ मैच में शानदार प्रदर्शन करते हुए 3 विकेट लिए हैं। इस प्रदर्शन के बाद उनके विकटों की संख्या 10 मैचों में 13 हो गई है और उन्होंने टाप 10 में एंट्री मार ली है। पिछले सीजन हर्षल पटेल पर्पल कैप होल्डर थे।


# बांग्लादेश के खिलाफ 18 सदस्यीय श्रीलंकाई टीम की घोषणा, दिमुथ करुणारत्ने को मिली नेतृत्व की जिम्मेदारी

**नई दिल्ली।** श्रीलंका क्रिकेट ने बांग्लादेश के खिलाफ दो टेस्ट मैचों की सीरीज के लिए 18 सदस्यीय खिलाड़ियों की घोषणा कर दी है। ओपनर दिमुथ करुणारतने को एक बार फिर से टीम की नेतृत्व की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इस स्क्वाड में कुछ महत्वपूर्ण खिलाड़ियों को जगह नहीं मिली है। श्रीलंकाई बल्लेबाज रोशेन सिल्वा बांग्लादेश दौरे से बाहर हो गए हैं। दो टेस्ट मैचों की सीरीज का पहला मैच 15 मई से चिटगांव में जबकि दूसरा मैच 23 मई से ढाका में खेला जाएगा वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के लिहाज से श्रीलंका के लिए ये दौरा काफी अहम है। फिलहाल टीम 5वें नंबर पर काबिज है। 2021-23 के दौरान टीम ने दो मैचों में जीत दर्ज की है तो दो मैचों में उस ड्रा से संतुष्ट होना पड़ा है। इस दौरान बांग्लादेश ने केवल एक टेस्ट मैच जीता है और फिलहाल वो इस सूची में 8वें नंबर पर है और इंग्लैंड से आगे है।



# हैदराबाद के सामने दिल्ली के इन 11 धुरंधरों पर होगी जीत दिलाने की जिम्मेदारी

**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग के 50वें मैच में जब हैदराबाद के सामने दिल्ली की टीम उतरेगी तो हर हाल में जीत दर्ज करना चाहेगी। पिछले मुकाबले में दिल्ली को लखनऊ के हाथों हार का सामना करना पड़ा था और ऐसे में एक और हार उसे प्लेआफ की उम्मीदों से और दूर कर देगा। टीम के लिए पिछले मैच में ओपनिंग जोड़ी पूरी तरह से असफल रही थी बावजूद इसके टीम के मध्यक्रम ने अच्छा प्रदर्शन किया था और 196 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए टीम 189 तक पहुंची थी। दिल्ली की ओपनिंग जोड़ी- लखनऊ के खिलाफ पिछले मैच को छोड़ दिया जाए तो दिल्ली की ओपनिंग जोड़ी पृथ्वी शा और डेविड वार्नर ने लगातार रन



बनाए हैं। इस मैच में भी उन पर टीम को अच्छी शुरुआत दिलाने की जिम्मेदारी होगी। दिल्ली का मध्यक्रम- पिछले मैच में दिल्ली के मध्यक्रम ने अच्छा रिस्पांस किया था। रिषभ पंत, मिचेल मार्श, रोवमैन पावेल और अक्षर पटेल ने रन बनाए थे। टीम में मैच फिनिशर की कमी है जो दिल्ली के लिए मैच आखिर तक लेकर जाए।दिल्ली की गेंदबाजी- गेंदबाजी में दिल्ली की टीम अच्छा कर रही है। आनरिक नोकिया की अनुपस्थिति में खलील अहमद और मुस्तफिजुर रहमान अच्छी गेंदबाजी कर रहे हैं। स्पिन में कुलदीप यादव शानदार फार्म में नजर आ रहे हैं और फिलहाल वे पर्पल कैप की रेस में 17 विकटों के साथ दूसरे पृथ्वी शॉ, डेविड वार्नर, मिचेल मार्श, रिषभ पंत, ललित यादव, रोवमैन पावेल, अक्षर पटेल, शार्दुल ठाकुर, कुलदीप यादव, मुस्तफिजुर रहमान, चेतन सकारिया।

# बैंगलोर से हार के बाद अपने बल्लेबाजों पर बरसे धौनी कहा- शाट्स सेलेक्शन बेहतर हो सकते थे

**नई दिल्ली।** बैंगलोर के खिलाफ मिली 13 रनों से हार के बाद चेनन्ई के कप्तान एमएस धौनी अपने बल्लेबाजों के प्रदर्शन से खुश नजर नहीं आए। चेन्नई के सामने 174 रनों का लक्ष्य था लेकिन टीम निर्धारित ओवर में 8 विकेट खोकर केवल 160 रन ही बना पाई। इस हार के साथ ही चेन्नई की टीम प्लेआफ की दौड़ से बाहर हो गई है। इस हार के बाद कप्तान धौनी ने शाट सेलेक्शन को लेकर अपने बल्लेबाजों पर सवाल खड़ा किया। उन्होंने कहा कि आखिर में शाट सेलेक्शन थोड़े बेहतर हो सकते थे। चेन्नई की तरफ से डेवान कान्वे ने 56 और मोइन अली ने 34 रनों की पारी खेली लेकिन अपनी टीम को जीत नहीं दिला पाए।हार के बाद धौनी ने कहा ठहमने उन्हें 170 रन तक सीमित रखने के लिए अच्छा प्रदर्शन किया। मुझे लगा कि बाद में बल्लेबाजी के लिए पिच आसान होगी और हमें अच्छी शुरुआत



करनी थी, सब कुछ सही था लेकिन बल्लेबाज़ी ने हमें निराश किया। जब आप पीछा कर रहे होते हैं तो आपको पता होता है कि क्या आवश्यक है और कई बार आपको अपनी नेचुरल गेम पर अंकुश लगाना होता है और यह देखना होता है कि वास्तव में स्थिति के अनुसार हमें क्या करना चाहिए। शाट सेलेक्शन अंत में बेहतर हो सकता था। हमारी शुरुआत अच्छी थी और हमारे पास विकेट थे, लेकिन हमने नियमित अंतराल पर विकेट गंवाए हम कुछ शाट्स को लेकर मंथन कर सकते हैं। अंत एक बल्लेबाज या गेंदबाज के रूप में, आप बीच मैदान पर होते हो और आपको फैसला करना होगा। हमें यह देखने की जरूरत है कि क्या गलत हुआ मैच की बात करें तो सीएसके ने लक्ष्य का पीछा करते हुए शुरुआत अच्छी की थी। डेवान कान्वे और गायकवाड़ ने पावरप्ले में 51 रन बनाए लेकिन उसके बाद नियमित अंतराल पर विकटों का गिरना चेनन्ई के लिए हार का कारण रहा।

# आरेंज कैप की सूची में बटलर और राहुल का एक-दूसरे को पीछे करने की होड़, नंबर वन पर बरकरार हैं बटलर

**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग के 15वें सीजन में एक से बढ़कर एक मुकाबले खेले जा रहे है। सभी टीमों ने 9 या इससे अधिक मैच खेल लिए हैं। इस दौरान रनों ही बौछार देखने को मिली है। बल्लेबाजों के बीच टाप पर बने रहने की जंग चल रही है। आरेंज कैप की रेस में कई धुरंधर शामिल हैं। राजस्थान के जोस बटलर का बल्ला हल्ला बोल रहा है तो केएल राहुल, शिखर धवन और श्रेयस अय्यर सबसे ज्यादा रन बनाने के मामले में बटलर लगातार सबको मात देते हुए पहले नंबर पर चल रहे हैं। कोलकाता के खिलाफ मैच में भले ही बटलर का बल्ला न चला हो, लेकिन उन्होंने 22 रन की पारी खेलकर 10 मैचों में अपने रनों की संख्या को 58




दूसरे नंबर पर लखनऊ के कप्तान केएल राहुल हैं, जो लगातर रन बना रहे हैं। दिल्ली के खिलाफ खेली गई 77 रनों की पारी ने उनके रनों के आंकड़े को 451 तक पहुंचा दिया है। तीसरे नंबर पर पंजाब के ओपनर शिखर धवन ने 369 रनों के साथ जगह बना ली है। उन्होंने गुजरात के खिलाफ मैच में 62 रनों की नाबाद पारी खेली थी। चौथे नंबर पर हैदराबाद का ओपनर अभिषेक शर्मा हैं। उन-5वें नंबर पर कोलकाता के कप्तान श्रेयस अय्यर हैं। उन्होंने 10 मैचों में 324 रन बनाए हैं। छठे नंबर पर आरसीबी के कप्तान फाफ डु प्लेसिस हैं। उन्होंने चेन्नई के खिलाफ मैच में 38 रनों की पारी खेल कर अपने रनों की संख्या को 316 कर लिया है। गुजरात के कप्तान हार्दिक पांड्या 7वें नंबर पर खिसक गए है। अब उनके खाते में 9 मैचों में 309 रन है। 8वें नंबर पर मुंबई के युवा बल्लेबाज तिलक वर्मा ने जगह बना लिया है। उन्होंने 9 मै 9वें और 10वें नंबर पर क्रमशः संजू सैमसन और क्विंटन डीकाक हैं। सैमसन के 10 मैचों में 298 रन जबकि डी काक के खाते में इतने ही मैचों में 294 रन हैं।

# बैंगलोर के खिलाफ केवल चेन्नई नहीं हारी बल्कि एक लड़की भी हार बैठी अपना दिल, एमसीए स्टेडियम में किया ब्वायफ्रेंड को प्रपोज

**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग केवल एक खेल नहीं है ये फैंस के लिए एक इमोशन है जो मैच के दौरान वे जीते हैं और अपनों के साथ महसूस करते हैं। ऐसा ही एक इमोशन बैंगलोर और चेन्नई के दौरान मैच में देखने को मिला जब क्रिकेट से हटकर लोगों का ध्यान स्टेडियम में बैठी उस लड़की पर जा टिका जब उन्होंने मैच के दौरान अपने ब्वायफ्रेंड का प्रपोज किया। एमसीए स्टेडियम में फैंस का ये मैच के दौरान लड़की ने आरसीबी के फैंस अपने ब्वायफ्रेंड को जैसे ही प्रपोज किया उन्होंने हां कहकर उसे अपने गले से लगा लिया। लड़के की खुशी तब दोगूनी हो गई जब जिस टीम को वे सपोर्ट करने आए थे वो टीम जीत गई। आरसीबी ने इस मैच में चेनन्ई को 13 रनों से हराकर उस आरसीबी फैंस के लिए इ अपने चटपटे अंदाज के लिए मशहूर पूर्व भारतीय बल्लेबाज वसीम जाफर ने इस जोड़ी की फोटो शेयर कर लिखा ँ फैन को प्रपोज करती स्मार्ट गर्ल। अगर वह आरसीबी के प्रति वफादार रह सकता है, तो वह निश्चित रूप से अपने साथी के प्रति वफादार रह सकता है। शाबाश, प्रपोज कर मैच की बात करें तो चेनन्ई के लिए बुधवार का दिन खास नहीं रहा और 174 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी टीम अच्छी शुरुआत के बावजूद केवल 160 रन ही बना पाई और मुकाबला 13 रन से हार गई। पहले बल्लेबाजी करते हुए आरसीबी ने महिपाल लोमरोर के 42 और डु प्लेसिस के 38 रनों की पारी के दम पर लेकिन पावरप्ले में बिना किसी विकेट के 51 रन बनाने के बावजूद चेनन्ई की टीम ये मुकाबला जीत नहीं सकी। मैच के बाद कप्तान धौनी ने अपने बल्लेबाजों की जमकर क्लास लगाई और उन्हें शाट्स सेलेक्शन में सुधार करने की नसीहत दी।



# कप्तान बनने के बाद पहली बार खुलकर बोले स्टोक्स

**नई दिल्ली।** इंग्लैंड टीम के नए टेस्ट कप्तान बेन स्टोक्स ने कप्तानी की जिम्मेदारी संभालने के बाद पहली बार अपने भविष्य की योजनाओं को लेकर खुल कर बात की और बताया कि आखिर उनके नेतृत्व में टीम कैसी होगी और किस दिशा में काम करेगी। सबसे पहले उन्होंने संकेत दिया कि इंग्लैंड टीम के दो सबसे सफल गेंदबाद स्टुअर्ट ब्राड और जेम्स एंडरसन की वापसी होगी। मतलब इंग्लैंड टीम को न्यूजीलैंड के साथ तीन टेस्ट मैचों की घरेलू सीरीज खेलनी है। ऐसे में ये जोड़ी खेलते हुए नजर आ सकती है। इस सीरीज की शुरुआत 2 जून से लार्ड्स में होगी। इन दोनों गेंदबाजों को वेस्टइंडीज दौरे पर शामिल नहीं किया गया था और सेलेक्टर्स ने इनके स्थान पर युवा चेहरों को तरजीह दी थी। इस दौरे में इंग्लैंड को वेस्टइंडीज से हार का सामना करना पड़ा था। इसी के बाद इंग्लैंड के कप्तान जो रूट ने कप्तानी छोड़ने का फैसला किया था। इस घटनाक्रम के बाद



राब की इंग्लैंड टीम के मैनेजिंग डायरेक्टर बने और उन्होंने कप्तानी पद के लिए स्टोक्स को मना लिया।कप्तान बनने के बाद पहली बार मीडिया से बातचीत करते हुए स्टोक्स ने कहा कि वे टीम में एक बार फिर से विनिंग कल्चर लाना चाहते हैं। उन्होंने कहा मैं इंग्लैंड के लिए मैच जीतना चाहता हूं। ऐसा करने का सबसे अच्छा तरीका है कि आप अपनी सर्वश्रेष्ठ प्लेइंग इलेवन चुनें और मेरी राय में अगर स्टुअर्ट ब्राड और जेम्स एंडरसन फिट हैं तो वे चयन के लिए उपलब्ध हैं।टीम के लिए उप-कप्तान की जिम्मेदारी कौन संभालेंगे। इस पर स्टोक्स ने कहा कि इस फैसले में उनका महत्वपूर्ण योगदान होगा लेकिन इसके लिए जो रूट के विकल्प को उन्होंने फौरन खारिज कर दिया। उन्होंने अपनी आगामी टीम की योजनाओं पर कहा कि मैं निस्वार्थ क्रिकेटर चाहता हूं जो इंग्लैंड के लिए क्रिकेट का खेल जीतने के आधार पर निणर्य लें। आखिरकार सबसे महत्वपूर्ण चीज जीतना है। मैं एक ऐसी टीम का हिस्सा बनना चाहता हूं जिसकी मानसिकता वास्तविक हो और जो पीछे हटना न जानती हो।

## हैदराबाद में शामिल हुआ 21 साल का युवा गेंदबाज

**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग के 15वें सीजन में शानदार फार्म में चल रही सनराइजर्स हैदराबाद की टीम ने अपने मीडियम पेसर सौरभ दुबे का रिप्लेसमेंट ढूंढ लिया है। दुबे के स्थान पर टीम ने रांची के युवा खिलाड़ी सुशांत मिश्रा को टीम में जगह दी है। हालांकि दुबे को अभी तक एक भी मैच खेलने का मौका नहीं मिला था लेकिन अब बैक इंजरी के कारण उनका इस सीजन में खेलने का सपना टूट गया है। सुशांत बाएं हाथ के मध्यम गति के तेज गेंदबाज हैं। उनके करियर की बात करें तो उन्होंने 4 फर्स्ट क्लास मैच खेला है और उनके नाम 13 विकेट है। उन्हें सनराइजर्स हैदराबाद की टीम ने 20 लाख रुपये में टीम में शामिल किया है। दुबे के अलावा टीम वाशिंगटन सुंदर के इंजरी को लेकर भी परेशान है। सीएसके के खिलाफ पिछले मैच में सुंदर को चोट लग गई थी। उन्हें एक बार पहले भी चोट लगी थी लेकिन गुजरात के खिलाफ मैच में उन्होंने वापसी कर ली थी। उनकी चोट पर प्रतिक्रिया देते हुए टीम के कोच टाम मूडी ने कहा कि यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है कि उसे, उसी जगह चोट लगी है जहां पहले लगी थी। हालांकि चोट इतनी गंभीर नहीं है लेकिन वे गेंदबाजी करने में असमर्थ हैं।

# राशिफल

**मेष-:**आज आपको किसी ऐसे व्यक्ति की कमी महसूस होगी जो आज आपके साथ नहीं है। आपके खर्चे बढ़ेंगे, जो आपके लिए परेशानी का सबब साबित हो

**वृष-:**आज आपके विचार और वाणी पर संयम रखना होगा। आमदनी में सुधार होगा। मौज-मस्ती और मनोरंजन की प्रवृत्ति दिन भर बनी रहेगी। आप गुस्से के शिकार हो सकते है।

**मिथुन-:**आज का दिन व्यापार के दृष्टिकोण से उत्तम रहेगा। नई डील से परिवार में खुशी का माहौल रहेगा। आज आपके मन में नए विचार उठेंगे।

**कर्क-:**मनोरंजन और सुंदरता पर जरूरी समय से ज्यादा खर्च न करें। पारिवारिक कार्यक्रम में आप सभी के आकर्षण का केंद्र रहेंगे। आपका ऊर्जा स्तर ऊंचा बना रहेगा ।

**सिंह-:**आज आपको आलस्य और थकान का अनुभव होगा। फालतू की बातें करने से बचें और अपने रिश्ते को और मजबूत बनाने की कोशिश करें। आपके प्रियजन का मूड भी खराब हो सकता है।

**कन्या-:**आज का दिन आपके लिए खास रहेगा। आज किसी बहुराष्ट्रीय कंपनी के साथ आपकी कंपनी का सौदा तय हो सकता है। खेल में रुचि रखने वाले इस राशि के छात्रों के लिए आज का दिन।

**तुला-:**बड़ी योजनाओं और विचारों के माध्यम से कोई आपका ध्यान आकर्षित कर सकता है। किसी भी तरह का निवेश करने से पहले उस व्यक्ति के बारे में अच्छी तरह से जांच-पड़ताल कर।

**वृश्चिक-:**आज का दिन आपके लिए नए कार्य की शुरुआत के लिए शुभ है। कार्यक्षेत्र में आप लगातार प्रगति करेंगे। आपको लंबे समय से चल रहे दुखों और परेशानियों से छुटकारा मिल।

**धनु-:**आज का दिन आपके लिए शुभ फल लेकर आया है। सोच-समझकर ही आज कोई फैसला लें। किसी और के द्वारा लिया गया फैसला आपके लिए हानिकारक हो सकता है।

**मकर-:**आज आपको महत्वपूर्ण निणर्य लेने हैं, जिससे आपको तनाव और बेचैनी का सामना करना पड़ सकता है। आर्थिक लेन-देन करते और बोलते समय सावधानी बरतने की जरूरत है।

**कुंभ-:**आपके पराक्रम में वृद्धि होगी। भौतिक सुख की प्राप्ति होगी। व्यापार में तरक्की के योग हैं। दांपत्य जीवन में प्रेम दिन पर दिन बढ़ेगा।

**मीन-:**आज निर्णय न ले पाने के कारण नए कार्यों की शुरुआत करना आपके लिए शुभ नहीं है. आज आप रिश्ते में औपचारिकता बनाए रखेंगे, अन्यथा मनमुटाव होने की संभावना है। मनोबल से सभी कार्य पूर्ण होंगे।

## सम्पादकीय

# निर्यात बढ़ाने में मददगार होंगे मुक्त व्यापार समझौते

यूरोपीय देशों की यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बर्लिन में कहा कि कोविड महामारी के बाद भारत तेज आर्थिक वृद्धि के साथ वैश्विक रिकवरी का महत्वपूर्ण स्तंभ बन रहा है। भारत ने हाल में संयुक्त अरब अमीरात और आस्ट्रेलिया के साथ मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) को मूर्त रूप दिया है। अब भारत ब्रिटेन और उसके अलावा यूरोपीय संघ के साथ भी एफटीए वार्ता में त्वरित प्रगति के लिए प्रतिबद्ध है। इसका मतलब है कि वैश्विक व्यापार और कारोबार के लिए भारत के दरवाजे तेजी से खुल रहे हैं। भारत और यूएई के बीच हुआ एफटीए एक मई से लागू हो गया है। इस एफटीए से भारत और यूएई के बीच वस्तुओं का कारोबार पांच साल में दोगुना बढ़ाकर सौ अरब डालर किए जाने का लक्ष्य रखा गया है, जो इस समय करीब 60 अरब डालर है। इसके साथ ही सेवाओं का व्यापार 15 अरब डालर से अधिक की ऊंचाई पर पहुंचने की उम्मीद है। इस समय यूएई भारत का तीसरा सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है और अमेरिका के बाद दूसरा बड़ा निर्यात केंद्र है। पिछले माह भारत-आस्ट्रेलिया आर्थिक सहयोग और व्यापार समझौते पर भी एक आभासी समारोह में हस्ताक्षर किए गए। दोनों देशों के बीच इसे लेकर दस साल से बातचीत जारी थी। भारत-आस्ट्रेलिया एफटीए लागू होने के बाद आस्ट्रेलिया को भारत का करीब 96 प्रतिशत निर्यात और भारत को आस्ट्रेलिया का करीब 85 प्रतिशत निर्यात शुल्क मुक्ति के साथ किया जा सकेगा। ध्यान रहे कि पड़ोसी बांग्लादेश का आस्ट्रेलिया के साथ पहले से एफटीए है और उसे बेहद कम विकसित देश होने के कारण पांच प्रतिशत का लाभ मिलता है। यह भारत को नहीं मिलता था। अब नए समझौते से भारत को हो रहे इस नुकसान को कम करने में मदद मिलेगी और भारत प्रतिस्पर्धी क्षमता बढ़ाकर आस्ट्रेलिया में निर्यात बढ़ा सकेगा। भारत ने आस्ट्रेलिया के लिए जिन वस्तुओं पर शून्य शुल्क की पेशकश की है, उनमें मुख्य रूप से कोयला, खनिज आदि शामिल हैं। भारत और आस्ट्रेलिया के बीच हुए मुक्त व्यापार समझौते से दोनों देशों के बीच मौजूदा द्विपक्षीय व्यापार को 27 अरब डालर से बढ़ाकर अगले पांच वर्षों में 50 अरब डालर तक पहुंचाने में मदद मिलेगी। गत अप्रैल में ही ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बोरिस जानसन की दो दिवसीय भारत यात्र के मौके पर दोनों देशों के बीच विगत जनवरी माह से शुरू हुई एफटीए वार्ता की समीक्षा की गई। इस समीक्षा में दीपावली तक एफटीए के एक अंतरिम समझौते को पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस दिशा में तेजी से प्रगति हो रही है। ब्रिटिश प्रधानमंत्री जानसन ने कहा कि ब्रेक्सिट (यूरोपीय संघ से ब्रिटेन के बाहर निकलने की प्रक्रिया) के बाद ब्रिटेन भारत के साथ औद्योगिक एवं आर्थिक रिश्तों को प्रगाढ़ बनाने पर ज्यादा जोर दे रहा है और इसके लिए वह ज्यादा भारतीय पेशेवरों को ब्रिटेन में काम करने के लिए वीजा भी देने को तैयार है। 2021 के आंकड़े बताते हैं कि ब्रिटिश सरकार ने प्रशिक्षित पेशेवरों को जितने वीजा दिए, उनमें से 40 प्रतिशत भारतीयों को दिए। भारत और ब्रिटेन के बीच एफटीए के अंतरिम समझौते से दोनों देशों के बीच व्यापार में शामिल 60-65 प्रतिशत वस्तुओं के आयात शुल्क को उदार किया जाएगा, जबकि अंतिम समझौते के बाद 90 प्रतिशत से ज्यादा सामान के लिए उदार आयात शुल्क सुनिश्चित हो जाएंगे। इससे दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार 2030 तक दोगुना होकर 100 अरब डालर पहुंच सकता है। भारत द्वारा यूएई और आस्ट्रेलिया के साथ एफटीए को मूर्त रूप दिए जाने के बाद अब यूरोपीय संघ, ब्रिटेन, कनाडा, खाड़ी सहयोग परिषद (जीसीसी) के छह देशों, दक्षिण अफ्रीका, अमेरिका और इजरायल के साथ एफटीए के लिए जारी प्रगतिपूर्ण वार्ता राहत की बात हैं। ये ऐसे देश हैं, जिनके साथ एफटीए भारत के लिए अधिक लाभप्रद है। ये देश भारत के विशेष उत्पादों के लिए अपने बाजार खोलने को उत्सुक हैं। इससे भारतीय वस्तुओं और सेवाओं की पहुंच दुनिया के एक बहुत बड़े बाजार तक हो सकेगी। ज्ञातव्य है कि भारत ने अपने कारोबारी हितों के चलते नवंबर 2020 को अस्तित्व में आए दुनिया के सबसे बड़े ट्रेड समझौते रीजनल कांप्रिहेंसिव इकोनामिक पार्टनरशिप (आरसेप) में शामिल होना उचित नहीं समझा था। भारत ने आरसेप से दूरी बनाने के बाद एफटीए की डगर पर आगे बढ़ने की जो नीति अपनाई, उसके अच्छे नतीजे सामने आते दिख रहे हैं। इसमें कोई दो मत नहीं कि हाल के वर्षों में विश्व व्यापार संगठन के तहत विश्व व्यापार वार्ताओं में जितनी उलझनें खड़ी हुई हैं, उतनी ही तेजी से विभिन्न देशों के बीच एफटीए बढ़ते गए हैं।

# तमाम चुनौतियों और उम्मीदों के बीच आशा की कुछ किरणें जगमगा रही

वैश्विक महामारी कोविड के बाद रूस-यूक्रेन युद्ध ने वैश्विक अर्थव्यवस्था के समक्ष जो चुनौतियां बढ़ाई हैं, उनसे भारत भी अछूता नहीं है। महामारी के बाद आर्थिक मोर्चे पर हो रहे सुधार की रफ्तार पर इस युद्ध ने एक तरह से ब्रेक लगाने का काम किया है। आर्थिक वृद्धि को प्रभावित करने से अधिक इसने महंगाई की आग को भड़काने का काम किया है। केवल खाने-पीने की वस्तुओं से लेकर ईंधन के दाम ही नहीं, बल्कि कोर इनफ्लेशन यानी समग्र मुद्रास्फीति में तेजी का रुझान दिख रहा है। कच्चे माल की लागत बढ? से तमाम कंपनियों को उत्पादों की कीमतों में बढ़ोतरी के लिए मजबूर होना पड़ा है, जिसका बोझ अंततः उपभोक्ताओं पर ही पड़ेगा। युद्ध के कारण कोयले और गैस की आपूर्ति प्रभावित होने का असर देश के तमाम इलाकों में बिजली संकट के रूप में देखने को मिल रहा है। तपती गर्मी के दौर में बिजली की किल्लत से लोग परेशान हैं। इस युद्ध ने आर्थिक मोर्चे पर समस्याएं बढ़ाने से लेकर आम जनजीवन पर भी प्रतिकूल असर डाला है। वर्तमान में भारतीय अर्थव्यवस्था जिन चुनौतियों से दो-चार है, उनमें महंगाई सर्वप्रमुख है। यह स्वाभाविक भी है, क्योंकि महंगाई गरीब आदमी पर सबसे ज्यादा असर डालती है। चूंकि गरीबों की आमदनी का एक बड़ा हिस्सा रोजमर्रा की जरूरतों खासकर खानपान पर खर्च होता है तो खाद्य महंगाई बढ? से उनकी बचत में सेंध लगती है। बुनियादी जरूरतों की पूर्ति के बाद उनके पास डिस्पोजबल इनकम यानी अन्य मदों में खर्च करने के लिए उतनी राशि शेष नहीं रह जाती है। महंगाई की इस विकराल होती समस्या का ही असर है कि केंद्रीय बैंक और सरकार दोनों स्तरों पर प्रयास शुरू हो गए हैं। भारतीय रिजर्व बैंक ने जून में ब्याज दरें बढ़ाने के संकेत दिए हैं।



इस संकेत को समझते हुए कुछ बैंकों ने ब्याज दरें बढ़ाना भी शुरू कर दिया है। वहीं केंद्र सरकार ने मुफ्त राशन योजना की अवधि को और आगे बढ़ा दिया है, ताकि लोगों को राहत मिल सके। इन कदमों से राजकोषीय गणित का बिगड?ा तय है, क्योंकि सरकारी खजाने पर खाद्य सब्सिडी का बोझ और बढ़ेगा। इसी स्थिति में सरकार को उर्वरक सब्सिडी में भी दोगुनी बढ़ोतरी करनी पड़ी है। इस समय महंगाई केवल भारत की समस्या नहीं है। पूरी दुनिया इससे जूझ रही है। यहां तक कि पश्चिम के जो देश मुद्रास्फीति के लिए अधिकतम दो प्रतिशत का लक्ष्य निर्धारित करते थे, वहां भी वह इस दायरे से बाहर निकलती दिख रही है।

# आम की बागवानी को प्रदेश सरकार दे रही है बढ़ावा

नोएडा आम भारत वर्ष का ही नहीं, देश- विदेश की अधिकांश जनसंख्या का भी एक पसंदीदा और सबसे लोकप्रिय फल है।इसकी सुवास, उपलब्ध पोषक तत्वों, विभिन्न क्षेत्रों एवं जलवायु में उत्पादन क्षमता, आकर्षक रंग, विशिष्ट स्वाद और मिठास विभिन्न प्रकार के बनाये जाने वाले खाद्य पदार्थ आदि विशेषताओं के कारण इसे फलों का राजा की उपाधि से विभूषित किया गया है। आम लगभग 3-10 मी0 तक की ऊँचाई प्राप्त करने वाला सदाबहार वृक्ष है। भारत आम उत्पादन में विश्व के अनेक देशों में से एक अग्रणी देश है। विश्व के कुल आम उत्पादन में से 40 प्रतिशत से अधिक आम का उत्पादन भारत में होता है। भारतवर्ष में उत्तर प्रदेश, प्रमुख आम उत्पादक राज्य है। इसके अतिरिक्त यह छोटे स्तर पर लगभग सभी मैदानी क्षेत्रों में उगाया जाता है।आम उत्पादन में उचित परिपक्वता निर्धारण के साथ वैज्ञानिक -सजयंग से तुड़ाई, सुरक्षित रख रखाव एवं पैकेजिंग बेहतर प्रबंधन विपणन को दृष्टिगत रखते हुए उ0प्र0 सरकार के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आम उत्पादन को बढ़ावा दे रहे है। आम (मैंजीफेरा इंडिका एल0) भारतीय उप-महाद्वीप का एक महत्वपूर्ण फल है तथा भारत में विश्व का सबसे अधिक आम उत्पादन होता है। बहुपयोगी होने के कारण ही आम का भारत की संस्कृति से गहरा संबंध रहा है। आम का उत्पादन भारत में प्राचीन काल से ही किया जा रहा है। भारत में इस फल की समाज के आर्थिक और सांस्कृतिक जीवन में इसकीबहुमुखी उपयोगिता के कारण ही विशेष महत्व है। आम का फल सभी जनमानस को सरलता से उपलब्ध होता है। इस फल की पौष्टिकता व विभिन्न गुणों के कारण ही यह सभी लोगों की पसन्द है। आम कच्चा हो या पक्का हो सभी तरह से प्रयोग किया जाता है। आम का अचार तो विश्व प्रसिद्ध है ही साथ में उसकी गुठली के अचार आदि बनते हैं। आम की खट्टी-मीठी चटनी, आम का पना, आम का जूस/शेक, आइसक्रीम, खटाई, रायता, आम रस का सुखाकर बनाया गया अमावट, आदि विभिन्न खाद्य पदार्थ बनाये जाते हैं आम उ0प्र0 की मुख्य बागवानी फसल है। उ0प्र0 के 280 हजार हे0 क्षेत्रफल में आम का बगीचा है। प्रदेश में लगभग 48 लाख मी0टन से अधिक आम उत्पादित होता है, जो देश के कुल उत्पादन का लगभग 83 प्रतिशत है। आम उत्पादन की दृष्टि से उ0प्र0 के बाद आंध्र प्रदेश, बिहार एवं कर्नाटक, महाराष्ट्र आम उत्पादन करने वाले अग्रणी राज्य है। उ0प्र0 में सहारनपुर, मेरठ, मुरादाबाद, वाराणसी, लखनऊ, उननव, रायबरेली, सुल्तानपुर जनपद आम फल पट्टी क्षेत्र घोषित है, जहां पर दशहरी, लंगड़ा,



लखनऊ सफेदा, चौसा, बाम्बे ग्रीन रतौल, फजरी, रामकेला, गौरजीत, सिन्दूरी आदि किस्मों का उत्पादन किया जा रहा है। मलिहाबाद फल पट्टी क्षेत्र के 26,400 हे0 क्षेत्रफलमें दशहरी, लंगड़ा, लखनऊ सफेदा, चौसा उत्पादित किया जा रहा है। आम उष्ण तथा उपोष्ण दोनों प्रकार की जलवायु में पैदा किया जा सकता है। भारत में इसकी खेती समुद्र तल से 1500 मी0 की ऊँचाई तक वाले हिमालय क्षेत्र में की जा सकती है। लेकिन व्यावसायिक दृष्टि से समुद्र तल से 600 मी0 तक की ही ऊचाई में अधिक सफलता से आम पैदा किया जा सकता है। आम के पौधों का जड़ विन्यास काफी गहराई तक जाता है। अतः इसके विकास के लिए कम से कम 2 मी0 तक की गहराई की अच्छी मिट्टी आवश्यक है। आम के लिए सबसे उपयुक्त भूमि गहरी, उचित निकास वाली दोमट मानी जाती है। उत्तर प्रदेश में प्रमुख व्यावसायिक प्रजातियों के आम उत्पादित होते हैं।प्रदेश की दशहरी प्रजाति की उत्पत्ति उ0प्र0 के लखनऊ जनपद के समीप दशहरी गॉव से हुई है। उत्तर भारत की यह प्रमुख व्यावसायिक प्रजाति का फल है। फल मध्यम आकार के तथा फलों का रंग हल्का पीला होता है। फलों की गुणवत्ता एवं भण्डारण तथा विपणन के लिए प्रदेश सरकार ने मलिहाबाद में विशेष व्यवस्था की हैं प्रदेश की लॅगड़ा प्रजाति उत्तर प्रदेश के बनारस जनपद से हुई है। उत्तर भारत की यह प्रमुख व्यावसायिक प्रजाति है। फल मध्यम आकार के तथा फलों का रंग हल्का पीला होता है फलों की गुणवत्ता एवं भण्डारण अच्छा है। यह प्रजाति मध्य मौसम में पकनें वाली होती है।लखनऊ सफेदा प्रजाति के फल 15 जून के बाद पकना शुरू होते हैं। फल मध्यम आकार के, पीले रंग के तथा अच्छी मिठास वाले होते हैं। चौसा आम की उत्पत्ति उत्तर प्रदेश के हरदोई जनपद के सण्डीला स्थान से हुई है। इसके स्वाद व रंग के कारण उत्तर भारत में इसका व्यावसायिक उत्पादन किया जा रहा है। फलों का आकार लम्बा, रंग हल्का पीला होता है। यह देर से पकने वाली प्रजाति है। प्रदेश में आम्रपाली प्रजाति दशहरी एवं नीलम के संकरण से प्राप्त, बौनी एवं नियमित फल देने वाली संकर प्रजाति है। यह सघन बागवानी के लिए उपयुक्त प्रजाति है। एक हेक्टेयर में 1600 पौधे रोपित किया जा सकते हैं तथा 16 टन से अधिक प्रति हेक्टेयर उत्पादन होता है। यह देर से पकने वाली प्रजाति है। मल्लिका प्रजाति नीलम एवं दशहरी के संकरण से प्राप्त संकर प्रजाति है फलों का आकार लम्बा एवं भण्डारण क्षमता अच्छी है। यह मध्य मौसम में पकने वाली प्रजाति है। प्रदेश में कलमी एवं देशी आम का भी अच्छा उत्पादन होता है। प्रदेश सरकार आम की फसल के उत्पादन करने वाले किसानों को भरपूर सहायता कर रही है।उ0प्र0 राज्य औद्यानिक सहकारी विपणन संघ (हापेड़) द्वारा गुणवत्तायुक्त निर्यातोन्मुखी प्रगतिशील आम उत्पादकों को आम की तुड़ाई हेतु मैंगो हार्वेस्टर एवं रख-रखाव हेतु प्लास्टिक क्रेट्स अनुदान पर दे रही है। प्रदेश सरकार आम की प्रजातियों को अन्य प्रदेशों में स्थापित करने तथा प्रदेश से घरेलू विपणन/निर्यात को प्रोत्साहित करने के लिए प्रदेश व प्रदेश के बाहर आम वायर, सेलर मीट कार्यक्रम आयोजित कर प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। प्रदेश सरकार आम के विपणन, निर्यात प्रोत्साहन हेतु निरन्तर कार्य कर रही है। आम के निर्यात से प्रदेश के आम उत्पादकों को आर्थिक लाभ मिल रहा है।

# फलों के राजा आम की बागवानी को प्रोत्साहित कर रही प्रदेश सरकार

(आधुनिक समाचार सेवा)
डॉ0रणजीत सिंह

**प्रतापगढ़।**आम का सबसे पसंदीदा और सबसे लोकप्रिय फल है। इसकी बागवानी और संरक्षण के लिए प्रदेश सरकार भरसक प्रयास कर रही है। इसकी सुवास, उपलब्ध पोषक तत्वों, विभिन्न क्षेत्रों एवं जलवायु में उत्पादन क्षमता, आकर्षक रंग, विशिष्ट स्वाद और मिठास विभिन्न प्रकार के बनाये जाने वाले खाद्य पदार्थ आदि विशेषताओं के कारण इसे फलों का राजा की उपाधि से विभूषित किया गया है। आम लगभग 3-10 मी0 तक की ऊँचाई प्राप्त करने वाला सदाबहार वृक्ष है। भारत आम उत्पादन में विश्व के अनेक देशों में से एक अग्रणी देश है। विश्व के कुल आम उत्पादन में से 40 प्रतिशत से अधिक आम का उत्पादन भारत में होता है। भारतवर्ष में उत्तर प्रदेश, प्रमुख आम उत्पादक राज्य है। इसके अतिरिक्त यह छोटे स्तर पर लगभग सभी मैदानी क्षेत्रों में उगाया जाता है। आम उत्पादन में उचित परिपक्वता निर्धारण के साथ वैज्ञानिक ढंग से तुड़ाई, सुरक्षित रखरखाव एवं पैकेजिंग बेहतर प्रबंधन विपणन को दृष्टिगत रखते हुए उ0प्र0 सरकार के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आम उत्पादन को बढ़ावा दे रहे है। आम (मैंजीफेरा इंडिका एल0) भारतीय उप-महाद्वीप का एक महत्वपूर्ण फल है तथा भारत में विश्व का सबसे अधिक आम उत्पादन होता है। बहुपयोगी होने के कारण ही आम का भारत की संस्कृति से गहरा संबंध रहा है। आम का उत्पादन भारत में प्राचीन काल से ही किया जा रहा है। भारत में इस फल की समाज के आर्थिक और सांस्कृतिक जीवन में इसकी बहुमुखी उपयोगिता के कारण ही विशेष महत्व है। आम का फल सभी जनमानस को सरलता से उपलब्ध होता है। इस फल की



पौष्टिकता व विभिन्न गुणों के कारण ही यह सभी लोगों की पसन्द है। आम कच्चा हो या पक्का हो सभी तरह से प्रयोग किया जाता है। आम का अचार तो विश्व प्रसिद्ध है ही साथ में उसकी गुठली के अचार आदि बनते हैं। आम की खट्टी-मीठी चटनी, आम का पना, आम का जूस/शेक, आइसक्रीम, खटाई, रायता, आम रस का सुखाकर बनाया गया अमावट, आदि विभिन्न खाद्य पदार्थ बनाये जाते हैं। आम उ0प्र0 की मुख्य बागवानी फसल है। उ0प्र0 के 280 हजार हे0 क्षेत्रफल में आम का बगीचा है। प्रदेश में लगभग 48 लाख मी0टन से अधिक आम उत्पादित होता है, जो देश के कुल उत्पादन का लगभग 83 प्रतिशत है। आम उत्पादन की दृष्टि से उ0प्र0 के बाद आंध्र प्रदेश, बिहार एवं कर्नाटक, महाराष्ट्र आम उत्पादन करने वाले अग्रणी राज्य है। उ0प्र0 में सहारनपुर, मेरठ, मुरादाबाद, वाराणसी, लखनऊ, उननव, रायबरेली, सुल्तानपुर जनपद आम फल पट्टी क्षेत्र घोषित है, जहां पर दशहरी, लंगड़ा, लखनऊ सफेदा, चौसा, बाम्बे ग्रीन रतौल, फजरी, रामकेला, गौरजीत, सिन्दूरी आदि किस्मों का उत्पादन किया जा रहा है। मलिहाबाद फल पट्टी क्षेत्र के 26,400 हे0 क्षेत्रफल में दशहरी, लंगड़ा, लखनऊ सफेदा, चौसा उत्पादित किया जा रहा है। आम उष्ण तथा उपोष्ण दोनों प्रकार की जलवायु में पैदा किया जा सकता है। भारत में इसकी खेती समुद्र तल से 1500 मी0 की ऊँचाई तक वाले हिमालय क्षेत्र में की जा सकती है। लेकिन व्यावसायिक दृष्टि से समुद्र तल से 600 मी0 तक की ही ऊचाई में अधिक सफलता से आम पैदा किया जा सकता है। आम के पौधों का जड़ विन्यास काफी गहराई तक जाता है। अतः इसके विकास के लिए कम से कम 2 मी0 तक की गहराई की अच्छी मिट्टी आवश्यक है। आम के लिए सबसे उपयुक्त भूमि गहरी, उचित निकास वाली दोमट मानी जाती है।उत्तर प्रदेश में प्रमुख व्यावसायिक प्रजातियों के आम उत्पादित होते हैं। प्रदेश की दशहरी प्रजाति की उत्पत्ति उ0प्र0 के लखनऊ जनपद के समीप दशहरी गॉव से हुई है। उत्तर भारत की यह प्रमुख व्यावसायिक प्रजाति का फल है। फल मध्यम आकार के तथा फलों का रंग हल्का पीला होता है। फलों की गुणवत्ता एवं भण्डारण तथा विपणन के लिए प्रदेश सरकार ने मलिहाबाद में विशेष व्यवस्था की हैं प्रदेश की लॅगड़ा प्रजाति उत्तर प्रदेश के बनारस जनपद से हुई है। उत्तर भारत की यह प्रमुख व्यावसायिक प्रजाति है। फल मध्यम आकार के तथा फलों का रंग हल्का पीला होता है फलों की गुणवत्ता एवं भण्डारण अच्छा है। यह प्रजाति मध्य मौसम में पकनें वाली होती है। लखनऊ सफेदा प्रजाति के फल 15 जून के बाद पकना शुरू होते हैं। फल मध्यम आकार के, पीले रंग के तथा अच्छी मिठास वाले होते हैं। चौसा आम की उत्पत्ति उत्तर प्रदेश के हरदोई जनपद के सण्डीला स्थान से हुई है। इसके स्वाद व रंग के कारण उत्तर भारत में इसका व्यावसायिक उत्पादन किया जा रहा है। फलों का आकार लम्बा, रंग हल्का पीला होता है। यह देर से पकने वाली प्रजाति है। प्रदेश में आम्रपाली प्रजाति दशहरी एवं नीलम के संकरण से प्राप्त, बौनी एवं नियमित फल देने वाली संकर प्रजाति है। यह सघन बागवानी के लिए उपयुक्त प्रजाति है। एक हेक्टेयर में 1600 पौधे रोपित किया जा सकते हैं तथा 16 टन से अधिक प्रति हेक्टेयर उत्पादन होता है। यह देर से पकने वाली प्रजाति है। मल्लिका प्रजाति नीलम एवं दशहरी के संकरण से प्राप्त संकर प्रजाति है फलों का आकार लम्बा एवं भण्डारण क्षमता अच्छी है। यह मध्य मौसम में पकने वाली प्रजाति है। प्रदेश में कलमी एवं देशी आम का भी अच्छा उत्पादन होता है। प्रदेश सरकार आम की फसल के उत्पादन करने वाले किसानों को भरपूर सहायता कर रही है। उ0प्र0 राज्य औद्यानिक सहकारी विपणन संघ (हापेड़) द्वारा गुणवत्तायुक्त निर्यातोन्मुखी प्रगतिशील आम उत्पादकों को आम की तुड़ाई हेतु मैंगो हार्वेस्टर एवं रख-रखाव हेतु प्लास्टिक क्रेट्स अनुदान पर दे रही है। प्रदेश सरकार आम की प्रजातियों को अन्य प्रदेशों में स्थापित करने तथा प्रदेश से घरेलू विपणन/निर्यात को प्रोत्साहित करने के लिए प्रदेश व प्रदेश के बाहर आम वायर, सेलर मीट कार्यक्रम आयोजित कर प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। प्रदेश सरकार आम के विपणन, निर्यात प्रोत्साहन हेतु निरन्तर कार्य कर रही है। आम के निर्यात से प्रदेश के आम उत्पादकों को आर्थिक लाभ मिल रहा है।

# मोदी सरकार को लेकर पक्ष-विपक्ष में आए सेवानिवृत्त अधिकारियों से वाद-विवाद के बजाय संवाद की जरूरत

प्राचीन काल से ही भारत की बौद्धिक परंपरा में संवाद पर विशेष जोर दिया गया है। सत्य अन्वेषण की इस प्रक्रिया ने हठधर्मिता को कभी स्वीकार नहीं किया। यहां तर्क एवं प्रशनें को प्राथमिकता मिली, जिन्होंने निष्कर्षों पर पहुंचने में मार्गदर्शन दिया। इस मार्ग में तल्ख शब्दों, निजी हमलों के लिए कोई जगह नहीं थी। इतना ही नहीं, संदिग्ध मंशा वाले विरोधियों पर भी पलटकर हमले की परिपाटी नहीं रही। दुखद है कि यह महान परंपरा अब करीब-करीब विलुप्त हो गई है। इसके लिए हमारी राजनीतिक बिरादरी जिम्मेदार है, जो अब शायद ही कोई सार्थक विमर्श करती है। इसके बजाय वह राजनीतिक विरोधियों को कड़ाई से आड़े हाथों लेती है। उनकी देशभक्ति एवं राष्ट्रवाद पर प्रशन खड़े करती है। इससे भी दुखद स्थिति यह है कि अब कुछ सेवानिवृत्त नौकरशाह, न्यायाधीश और सैन्य अधिकारियों ने भी संवाद की राह को त्याग दिया है। वे अब समूह बना रहे हैं। फिर सामूहिक रूप से किसी दल का समर्थन करते हैं और किसी का विरोध। कांस्टीट्यूशनल कंडक्ट ग्रुप (सीसीजी) नाम से सेवानिवृत्त अधिकारियों का ऐसा ही एक समूह पिछले कुछ वर्षों से अस्तित्व में है। यह समूह पूरी तरह से मोदी सरकार और उसकी विचारधारा का विरोधी है। दूसरी ओर कनसर्न्ड सिटिजंस ग्रुप है। दोनों में से कोई भी सत्यापन योग्य तथ्यों पर शांतिपूर्वक चर्चा के लिए तत्पर नहीं। दोनों ही पक्ष आक्रोश एवं भावनाओं से आवेशित हैं। ऐसा करके ये समूह न केवल प्राचीन भारतीय बौद्धिक एवं सांस्कृतिक परंपराओं का प्रतिकार कर रहे हैं, बल्कि उनका यह आचरण उन मूल्यों के विरुद्ध भी है, जिनकी अपेक्षा लोक सेवक, राजनयिक, न्यायाधीश और सैन्य अधिकारी के रूप में उनसे की गई। इन पेशों से जुड़े लोगों को हमेशा मर्यादा और गरिमा के दायरे में रहना चाहिए, जो उनकी भाषा में भी व्यक्त होना चाहिए। उनके सेवाकाल में यह आवश्यक था, जो सेवानिवृत्ति के बाद भी जारी रहना चाहिए था। सीसीजी ने मोदी सरकार की उन नीतियों के खिलाफ कई पत्र लिखे हैं, जो उसकी नजर में खराब रहीं। इसी कड़ी में उसने 26 अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नाम एक खुला पत्र लिखा है। इस पत्र में सीसीजी ने भाजपा शासित राज्यों पर अल्पसंख्यक विरोध विशेषकर



मुस्लिम विरोधी नीतियां अपनाने का आरोप लगाया है। इससे भी बढ़कर यह आरोप है कि ये सरकारें संवैधानिक सिद्धांतों को दरकिनार कर बहुसंख्यक केंद्रित एजेंडा चला रही हैं। उन्होंने यहां तक कहा है कि इन राज्यों का प्रशासनिक अमला अल्पसंख्यकों के खिलाफ पक्षपातपूर्ण नीतियों के माध्यम से उन्हें निरंतर डराने में लगा हुआ है। कुछ राज्यों में बीते दिनों घटित दुखद एवं दुर्भाग्यपूर्ण सांप्रदायिक हिंसक घटनाओं के पीछे सीसीजी ने राजनीतिक नेतृत्व की मंशा पर भी एक प्रकार से संदेह व्यक्त किया है। यदि ऐसा है तो क्या सीसीजी को इस प्रकार की कोई अटकलबाजी करनी चाहिए? हालांकि, यह अनुमान लगाकर उसने यही व्यक्त किया कि केंद्र और राज्य सरकारें ऐसी घटनाओं के अनुकूल परिवेश तैयार कर रही हैं। सीसीजी ने माना है कि अतीत में भी सांप्रदायिक टकराव हुए हैं, लेकिन उसका आरोप है कि अब देश को हिंदू राष्ट्र बनाने का एक 'विशेष सांचा' तैयार किया जा रहा है। इस प्रकार भारत की सबसे महान सभ्यतागत विरासत के प्रतीक सामाजिक तानेबाने को बिगाड़ा जा रहा है। यह सब लिखकर सीसीजी ने मोदी से आह्वान किया कि वह नफरत की राजनीति के खिलाफ कुछ बोलें। इसके जवाब में कनसर्न्?ड सिटिजंस ग्रुप ने सीसीजी के सदस्यों पर ऐसा एजेंडा चलाने का आरोप लगाया है, जो केवल भारत विरोधी लाबी की मदद करेगा। उसका कहना है कि यह पत्र मोदी-विरोध का ही एक और प्रयास है। इस समूह ने यह भी आरोप लगाया कि सीसीजी का रुख भी बहुत सुविधावादी है और उसने गैर-भाजपा शासित राज्यों में राजनीतिक हिंसा को अनदेखा किया है। कनसर्न्?ड सिटिजंस ग्रुप ने सीसीजी से कहा कि वह अपने पूर्वाग्रह त्यागकर भ्रामक प्रचार के बजाय किसी कारगर समाधान की दिशा में मंथन करे। यह भी दुर्भाग्यपूर्ण है कि कनसर्न्?ड सिटिजंस ग्रुप ने सीसीजी सदस्यों के खिलाफ निजी हमले भी किए। इससे बचा जाना चाहिए था, क्योंकि यह संवाद की गुंजाइश को कमजोर करता है। उसने सुझाव दिया है कि राष्ट्र अपने सेवानिवृत्त लोक सेवकों से जो अपेक्षा करता है, उन्हें उसकी पूर्ति करनी चाहिए। अपने सेवाकाल में इन लोगों से निष्पक्ष बने रहकर संवैधानिक दायरे में अपने कर्तव्य पूर्ति की अपेक्षा की जाती है। सेवानिवृत्ति के उपरांत ऐसे लोगों को अपने राजनीतिक एवं वैचारिक विचारों की अभिव्यक्ति का पूरा अधिकार है, परंतु राष्ट्र की उनसे यही अपेक्षा हो सकती है कि वे रचनात्मक एवं सकारात्मक रवैये के साथ राष्ट्रीय हितों को भी ध्यान में रखें। ऐसे में यह महत्वपूर्ण है कि उन्हें तथ्यों एवं साक्ष्यों के आधार पर सादगी और गंभीरता से अपने विचार व्यक्त करने चाहिए। उनका ऐसा रवैया आरोप-प्रत्यारोप से कहीं अधिक श्रेयस्कर होगा। जब देश वैचारिक एवं राजनीतिक टकराव से जूझ रहा हो तब ऐसी रणनीति और आवश्यक हो जाती है। यह ऐसा समय है जब राष्ट्र बाहरी चुनौतियों से भी जूझ रहा है। स्वाभाविक है कि ऐसे समय में सामाजिक सौहार्द एवं शांति अपरिहार्य है।

## संक्षिप्त समाचार

### मास्टरमाइंड बरजिंदर परवाना के साथ ँव्झ् नेता सिरसा की तस्वीर वायरल

**पटियाला।** जिले में 29 अप्रैल को हुई हिंसा के मामले में सरकार ने बुधवार को दो स्पेशल इन्वेस्टीगेशन टीम (एसआइटी) का गठन कर दिया है। घटना के छठे दिन बनाई गई पहली एसआइटी हिंसा के लिए जिम्मेदार लोगों की पहचान करेगी, जबकि दूसरी एसआइटी इस घटना में पुलिस प्रशासन की भूमिका जांचेगी, ताकि घटना के लिए जो भी जिम्मेदार हो उसके खिलाफ कार्रवाई की जा सके। इसी बीच इंटरनेट मीडिया पर वायरल हुई भाजपा नेता मनजिंदर सिंह सिरसा और हिंसा की घटना के मास्टरमाइंड बरजिंदर सिंह परवाना की तस्वीर का सच जानने के लिए पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। यह तस्वीर इसके तुरंत बाद इंटरनेट मीडिया पर वायरल हुई थी, जिसमें परवाना व सिरसा एक साथ खड़े दिखाई दे रहे हैं। वायरल पोस्ट में दोनों के आपस में संपर्क में होने की बात भी कही गई है। पुलिस परवाना के फोन काल डिटेल्स की जांच कर रही है ताकि सच सामने आ सके। एसएसपी दीपक पारिख का कहना है कि हिंसा की घटना के मुख्य आरोपितों की भूमिका जांच जारी है। राजनीतिक पोस्ट व आरोपों से पुलिस जांच का कोई लेना-देना नहीं है, लेकिन परवाना से जुड़े हर सच को जानने के लिए वह खुद मामले की जांच कर रहे हैं। परवाना के फोन, इंटरनेट मीडिया अकाउंट सहित वायरल तस्वीर की जांच की जा रही है। यह भी पता लगाया जा रहा है कि हिंसक घटना के बाद परवाना कहां छिपा था और किन लोगों से बात करता रहा।

# 14 मई को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन

**(आधुनिक समाचार सेवा )**
**देव मणि शुक्ला**

**नोएडा।** जिलाधिकारी गौतम बुद्ध नगर सुहास एल0वाई0 ने समस्त जनपद वासियों का आह्वान करते हुये उन्हें जानकारी दी है कि आगामी 14 मई द्वितीय शनिवार को पूरे जनपद में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन मुख्यालय एवं तहसील स्तरीय न्यायालयों में होने जा रहा है। उन्होंने जानकारी देते हुये बताया कि आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में आपराधिक शमनीय वाद, पारिवारिक मामलें, मोटरयान दुर्घटना अधिनियम के मामलें, बिजली व प्राधिकरणों के जल भुगतान से सम्बन्धित मामलें, धारा 138 एन0आई0एक्ट के वाद, भू-राजस्व वाद, सेवा संबंधित मामले एवं प्री-लिटीगेशन मामलों के साथ-साथ सुलह समझौते के माध्यम से निस्तारण योग्य अन्य विवाद जिसमें पक्षकार पारस्परिक सद्भावना के अधीन संधि के लिए इच्छुक हो, वह मामले राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से निस्तारण किये जाएंगे। अतः अधिक से अधिक सख्या में पहॅुच कर आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत का लाभ उठायें। उन्होंने समस्त सम्बन्धित अधिकारियों को यह भी निर्देश दिये कि आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के सम्बन्ध में समस्त तैयारियॅा समय रहते पूर्व में ही सुनिश्चित कर ली जायें, ताकि आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों का निस्तारण कराया जा सकें और राष्ट्रीय लोक अदालत के लिए लम्बित/चिन्हित/निस्तारण योग्य वादों/प्रकरणों की सूचनायें निर्धारित प्रारूप एवं ई-मेल र्‍ेंुहहर्दैुर्स्ैत.म्दस् पर यथाशीघ्र सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण व अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में उपलब्ध करा दें। उक्त जानकारी राकेश चौहान जिला सूचना अधिकारी ने दी ।

# बकाया नहीं देने वाले बिल्डरों के खिलाफ योगी सरकार की जल्द करेगी बड़ी कार्रवाई


**ग्रेटर नोएडा।** बकायेदार बिल्डरों के खिलाफ यमुना एक्सप्रेस-वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण का रुख सख्त है। कुछ और बकायेदार बिल्डरों पर जून तक गाज गिर सकती है। प्राधिकरण अब तक जेपी समूह के एसडीजेड समेत 10 बिल्डरों के खिलाफ आवंटन रद की कार्रवाई कर चुका है। यहां पर बता दें कि बहुजन समाज पार्टी के शासनकाल में बिल्डरों को भूखंड की महज 10 प्रतिशत राशि लेकर आवंटन हुआ था।इसके बाद ज्यादातर बिल्डरों ने किस्तों का भुगतान नहीं किया। बिल्डरों पर प्राधिकरण की बकाया राशि लगातार बढ़ रही है बता दें कि रिशेड्यूलमेंट कराने के बावजूद बिल्डरों ने प्राधिकरण को बकाया राशि नहीं दी है। ऐसे में प्राधिकरण ने बकायेदारों का आवंटन रद करने की कार्रवाई शुरू कर दी है। अब तक 10 बिल्डरों के आवंटन रद हुआ है। इसमें जेपी समूह के एसडीजेड का एक हजार हेक्टेयर का आवंटन शामिल हैं। इसमें फार्मूला वन रेस ट्रैक बना है। वहीं



थ्री सी बिल्डर के दो आवंटन रद हुए हैं। बता दें कि 31 मार्च को प्राधिकरण ने यूजी इंफ्रास्ट्रक्चर, टिवेली प्रोजेक्ट्स, सन व्हाइट इंफ्राटेक, प्रथम रियलवेंचर, ग्रोथ इंफ्रा डेवलपर्स, अजय रियलकान, इंडिया, अजय रियलकान इंडिया, स्टार सिटी इंफ्रा डेवलपर्स और ओमनिस डेवलपर्स का आवंटन रद कर दिया था। उधर, बकाया नहीं देने पर अजनारा बिल्डर को सेक्टर 22 ए में आवंटित ग्रुप हाउसिंग भूखंड का आवंटन निरस्त कर दिया है। बिल्डर की 11 करोड़ 79 लाख राशि जब्त कर ली है। बिल्डर ने इस भूखंड पर पैनोरमा नाम से परियोजना लांच की थी। फ्लैट खरीदारों को राहत देते हुए प्राधिकरण ने परियोजना को खुद पूरा करने का फैसला किया है। प्राधिकरण ने इससे पहले 31 मार्च को आठ बिल्डरों का आवंटन रद कर दिया था। सीईओ डा.अरुणवीर सिंह ने बताया कि अजनारा बिल्डर को प्राधिकरण ने सेक्टर 22ए में 25 एकड़ एक लाख वर्गमीटर का भूखंड आवंटित किया था। बिल्डर ने दिसंबर 11 में इसकी लीज डीड कराई, लेकिन किस्तों का समय से भुगतान नहीं किया।

# क्या चौथी लहर का संकेत है कोरोना की बढ़ती संक्रमण दर

**नई दिल्ली।** क्या दिल्ली-एनसीआर समेत देशभर में आने वाले समय में कोरोना वायरस बड़ी समस्या बन सकता है यह सवाल इसलिए भी उठ रहा है, क्योंकि बुधवार को 24 घंटे के दौरान जहां देशभर में 3275 केस सामने आए हैं तो अकेले दिल्ली में 1354 कोरोना के संक्रमित वहीं, दिल्ली के सरिता विहार स्थित अपोलो अस्पताल से जुड़े वरिष्ठ किडनी रोड विशेषज्ञ डा. डीके गुप्ता का कहना है कि भारत समेत दुनिया भर में कोरोना वायरस है और आगे भी रहेगा इसके आसार लग रहे हैं। हां, इसका असर समय से कम होगा। लेकिन हमें लापरवाह नहीं



मरीज मिले हैं। इसके साथ ही दिल्ली से सटे यूपी और हरियाणा के एनसीआर में एक बार फिर तेजी से कोरोना वायरस संक्रमण के मामले बड़ी तेजी से बढ़े हैं। दिल्ली से सटे गाजियाबाद में बृहस्पतिवार को 111 संक्रमित मिले, जिनमें 40 से अधिक युवा हैं। दिल्ली के बाद सबसे बुरा हाल गुरुग्राम है। यहां पर 400 से अधिक कोरोना मरीज मिले हैं। इस बीच देश में कोरोना वायरस के वेरिएंट का एक मामला सामने आया है, जो दिल्ली-एनसीआर के लिए भी मुश्किल बढ़ाने वाला साबित हो सकता है। दरअसल, वेरिएंट तुलनात्मक रूप में 10 गुना अधिक संक्रामक है और लोगों को तेजी से अपनी चपेट में लेता है। बनना है। लिवर, किडनी, शुगर, बीपी के साथ अन्य गंभीर बीमारियों से पीडित लोगों को खास सतर्कता बरतने की जरूरत है। दिल्ली-एनसीआर के जाने-माने वरिष्ठ डा. राहुल शर्मा का कहना है कि कोरोना वायरस से घबराने की नहीं, बल्कि संभलने की जरूरत है। कोरोना वायरस से डरे नहीं, बल्कि कोविड नियमों का पालन करते रहें तो यह दौर जल्द खत्म हो सकता है। डा. राहुल शर्मा का कहना है कि कोरोना का हर वैरिएंट बुजुर्गों और गंभीर रूप से बीमार मरीजों के लिए खतरनाक हो सकता है। ऐसे में ऐसे लोगों को खासतौर से बचने और इन्हें कोरोना वायरस से बचने की जरूरत है।

# पत्रकारिता व पत्रकार का कुछ तथाकथित लोगों द्वारा गिराया जा रहा हैं स्तर

**(आधुनिक समाचार सेवा )**
**देव मणि शुक्ला**

**नोएडा।**निष्पक्ष पत्रकारिता का पूरे देश मे गिर रहा है स्तर, वही गौतम बुद्ध नगर जिले की भी स्थित बद से बदतर होती दिखाई दे रही है, आपको बताते चले की जिले के अधिकांश तथाकथित पत्रकारों को न तो लिखने का शहूर हैं और न ही पढ़ने का शौक़, प्रिंट मीडिया के जमाने के दौर में कुछ विशेष बात थी किन्तु आज के इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के दौर में आलम बद से बदतर होता दिखाई दे रहा है, जिले की हर एक गली हर मोहल्ले व चौराहे नुक्कड़ पर एक पत्रकार पैदा हो गए हैं जिसके हाथ में देखो वही चोंगा में भोंपू लिए घूम रहा है।बड़ा सवाल ये है कि कैसे लगेगी तथाकथित पत्रकारों पर रोक क्या जिला प्रशासन या जिला सूचना विभाग करेगा ऐसे तथाकथित पत्रकारों पर कार्यवाही।

# अनुसूचित जाति के व्यक्तियों को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से टेलरिंग शॉप योजना संचालित

**(आधुनिक समाचार सेवा )**
**देव मणि शुक्ला**

**नोएडा।** जिला समाज कल्याण अधिकारी (विकास)/जिला प्रबंधक उत्तर प्रदेश अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम लिमिटेड गौतम बुद्ध नगर संजय कुमार व्यास ने अनुसूचित जाति के व्यक्तियों/परिवारों का आह्वान करते हुए जानकारी दी है कि उत्तर प्रदेश अनुसूचित जाति एवं विकास निगम लिमिटेड द्वारा अनुसूचित जाति के व्यक्तियों/परिवार को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से टेलरिंग शॉप योजना संचालित की जा रही है। उन्होंने योजना के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि उक्त योजना का लाभ ऐसे व्यक्तियों को दिया जाएगा, जिनकी ग्रामीण क्षेत्र की वार्षिक आय 46080 रुपए एवं नगरीय क्षेत्र में वार्षिक आय 56460 रुपए से कम हो। उन्होंने बताया कि उक्त योजना के तहत अनुसूचित जाति के आर्थिक उत्थान के लिए विभाग द्वारा टेलरिंग शॉप योजना संचालित है। योजना के तहत अनुसूचित जाति के पात्र युवक-युवतियों (शहरी एवं ग्रामीण दोनों) को उद्यमी बनाकर स्वावलंबी बनाए जाने के लिए इस योजना का संचालन किया जा रहा है। इस योजना की अधिकतम परियोजना लागत 20,000 रुपए है, जिसमें 10,000 रुपए का अनुदान तथा शेष धनराशि 10,000 रुपए ब्याज मुक्त ऋण के रूप में देने का प्राविधान है एवं आवेदन करने के लिए आधार कार्ड, पहचान पत्र, दो फोटो तथा तहसील स्तर से प्राप्त आय, निवास एवं जाति प्रमाण पत्र आदि संलग्न करने आवश्यक है। टेलरिंग शॉप योजना का लाभ उठाने के लिए ग्रामीण क्षेत्र के इच्छुक पात्र व्यक्ति अपने विकासखंड में कार्यरत सहायक विकास अधिकारी(स.क.)/ग्राम विकास अधिकारी अथवा खंड विकास अधिकारी से एवं नगरीय क्षेत्र के पात्र व्यक्ति जिला समाज कल्याण अधिकारी (विकास)/जिला प्रबंधक उत्तर प्रदेश अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम लिमिटेड कमरा नंबर 118 विकास भवन सूरजपुर गौतम बुद्ध नगर कार्यालय में सहायक प्रबंधक कार्यालय से जानकारी प्राप्त कर 12 मई तक योजना में आवेदन कर सकते हैं। उक्त जानकारी राकेश चौहान जिला सूचना अधिकारी ने दी ।

# 19 जिलों को लेकर मौसम विभाग का अलर्ट वज्रपात और बारिश के आसार

**पटना।** समेत प्रदेश के अधिकांश इलाकों में गुरुवार की सुबह मौसम में बड़ा बदलाव देखने को मिला। तेज रफ्तार धूल भरी हवा के साथ आंधी-तूफान जैसे हालात बने रहे। सुबह के समय आकाश काले बादल छाए रहने के साथ दिन में ही रात जैसी स्थिति बन गई थी। मौसम विज्ञान केंद्र पटना की मानें तो हवा की गति और दिशा में परिवर्तन होने के कारण अचानक मौसम में बदलाव की स्थिति बनी। मौसम में बदलाव प्री-मानसून के संकेत हैं। मौसम विज्ञान केंद्र ने सूचना जारी करते हुए बताया है कि अगले दो से तीन घंटों में मुजफ्फर, वैशाली, अरवल, जहानाबाद, नवादा, सीतामढ़ी, समस्तीपुर, दरभंगा, बेगूसराय, खगड़िया, मधुबनी, सुपौल आदि जगहों पर हवा की गति 30-40 किमी प्रतिघंटा होने के साथ मेघ गर्जन के साथ वज्रपात और हल्की बारिश को देखते हुए येलो अलर्ट जारी किया है। इन स्थानों पर रहने वाले लोगों को सुरक्षित स्थानों पर रहने की सलाह दी गई है। मौसम विज्ञानी की मानें तो पूरे प्रदेश में सतह से 1.5 किमी



ऊपर तक पूर्वी और दक्षिण पूर्वी हवा का दबाव का क्षेत्र बना हुआ है। पूर्वी के प्रवाह से राज्य के अधिकांश हिस्सों में आंशिक बादल छाए रहने के आसार तथा उत्तर पश्चिम भाग के क्षेत्र में बारिश और गरज के साथ बिजली चमकने का पूर्वानुमान है। प्रदेश में पुरवा हवा के कारण तापमान में क्रमिक गिरावट दर्ज की गई है। पटना सहित पूरे प्रदेश के तापमान 40 डिग्री के ऊपर नहीं गया। पटना में जहां अधिकतम तापमान 34.2 डिग्री दर्ज किया गया तो गया का 36.2 डिग्री रहा। प्रदेश में पुरवा हवा का प्रभाव तापमान पर पड़ा है। मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार, 38.8 डिग्री सेल्सियस के साथ रोहतास प्रदेश का सबसे गर्म स्थान रहा। वहीं, पटना का अधिकतम तापमान सामान्य से दो डिग्री नीचे 34.2 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार, छह से आठ मई तक येलो-अलर्ट जारी किया है। इसमें पूर्वी व पश्चिमी चंपारण, गोपालगंज, सीतामढ़ी, शिवहर, मधुबनी शहर प्रमुख हैं। इन जगहों पर आठ मई तक मेघ गर्जन के साथ बिजली चमकने एवं हल्की बारिश का पूर्वानुमान है।

## लुधियाना में भगवंत मान का बड़ा ऐलान

**लुधियाना।** पंजाब का मुख्यमंत्री बनने के बाद भगवंत मान वीरवार को पहली बार औद्योगिक शहर पहुंचे। पीएयू के डा. मनमोहन सिंह आडिटोरियम में मुख्यमंत्री ने कहा कि जो हार गए हैं वह कुर्सी छोड़ने को तैयार नहीं। 70-70 हजार वोटों से हारे, लेकिन स्वीकार नहीं कर पा रहे। राजनीति में कोई रिटायरमेंट नहीं है, जबकि नौकरियों में 58 साल में रिटायर्ड हो जाते हैं।प्रकाश सिंह बादल पर कटाक्ष करते हुए मान ने कहा कि वह 94 साल में फिर चुनाव लड़ते हैं। कम से कम आने वाली पीढ़ी के लिए कुर्सी छोड़ दें। 50 दिन में 26,554 नौकरियों की घोषणा की। पहले भी हो सकती थी, लेकिन कभी प्रयास करने की इच्छाशक्ति नहीं जागी। अगले विधानसभा सत्र में अन्य महत्वपूर्ण फैसले लिए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा मूंगी और बासमती की फसल पर किसानों को एमएसपी दी जाएगी।

# युवती ने डीज़ल डालकर खुद को लगाई आग तो दूसरी ने फांसी का फन्दा

**(आधुनिक समाचार सेवा )**
**देव मणि शुक्ला**

**नोएडा।** यहाँ दो अलग अलग घटनाओं में थाना फेस 2 क्षेत्र में एक पार्क में एक युवती ने खुद पर डीजल छिड़ककर आग के हवाले कर दिया। वहीं थाना सेक्टर 49 क्षेत्र के बरौला गाँव में एक महिला ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। दिल्ली के ग्रेटर कैलाश निवासी 23 वर्षीय युवती ने नोएडा के सेक्टर-93 ए स्थित एक पार्क में आकर आज शाम खुद के ऊपर डीजल डालकर आग लगा ली। युवती की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना पाकर वहां पहुंची थाना फेस-2 पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है युवती ने मरने से पूर्व सुसाइड नोट लिखा है, जिसमें उसने अपने माता-पिता को संबोधित करते हुए कहा है कि उसकी जिंदगी बर्बाद हो गई है। उसने अपने दादी, भाई तथा परिवार के अन्य सदस्यों को भी संबोधित करते हुए लिखा है कि वे उसे क्षमा करें। पुलिस यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि युवती के साथ ऐसा क्या हुआ, जिसकी वजह से उसने दिल्ली से नोएडा में आकर आत्महत्या की।पुलिस उपायुक्त (महिला सुरक्षा) वृंदा शुक्ला ने बताया कि आज शाम को पुलिस को सूचना मिली कि थाना फेस-3 क्षेत्र के सेक्टर 93-ए स्थित सुपरटेक ट्विन टावर के पास बने पार्क में एक युवती ने खुद को आग



लगा ली है। घटना की सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची। जब तक पुलिस मौके पर पहुंची तब तक युवती की जलकर मौत हो चुकी थी।उन्होंने बताया कि युवती के शव के पास मिले दस्तावेजों के आधार पर उसकी पहचान 23 वर्षीय आयुषी बहल निवासी ग्रेटर कैलाश ईस्ट के रूप में हुई है। युवती के स्वजन का नंबर हासिल कर पुलिस ने उनसे संपर्क किया है। वे घटनास्थल पर आ रहे हैं।डीसीपी ने बताया कि प्रथम दृष्टया जांच में यह बात संज्ञान में आई है कि युवती किसी बात को लेकर काफी परेशान थी। उसने अपने माता-पिता को संबोधित एक सुसाइड नोट लिखा है, जिसमें उसने कहा है कि उसकी जिंदगी बर्बाद हो गई थी। अपने भाई को संबोधित करते हुए भी कहा है कि वह उसकी परीक्षा के समय यह कदम उठा रही है, उसे माफ किया जाए।सुसाइड नोट में युवती ने अपने दादा दादी तथा परिवार के अन्य लोगों को भी संबोधित किया है। डीसीपी ने बताया कि पुलिस यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि आखिर युवती के साथ ऐसा क्या हुआ जिसकी वजह से उसने दिल्ली से आकर यहां पर आत्महत्या की है। उन्होंने बताया कि घटनास्थल एक बोतल मिली है जिसमें युवती डीजल लेकर आत्महत्या करने आई थी। युवती के परिजन अगर किसी के खिलाफ इस मामले में शिकायत करते हैं, तो घटना की रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच की जाएगी। वही दूसरी घटना थाना सेक्टर-49 नोएडा क्षेत्र में एक युवती ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। जानकारी के मुताबिक पीआरवी को कंट्रोल रूम द्वारा सूचना प्राप्त हुई की गांव बरौला में एक युवती द्वारा फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली गई है। युवती की पहचान निशा कुमारी उम्र 23 वर्ष पतनी सुभाष निवासी वृंदावन, थाना सैदपुर, जिला सैदपुर, बिहार वर्तमान पता विनोद का मकान, ग्राम बरोला, थाना सेक्टर-49 के रूप में हुई है । मृतका का पति वर्तमान में हरिद्वार में प्राइवेट कंपनी में कार्यरत है और मृतका अकेली गांव बरौला में किराए के मकान में रह रही थी। पुलिस द्वारा शव का पंचायतनामा भर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है। परिजन मौके पर मौजूद हैं।

# मुख्यमंत्री ने किया आइटीआइ के नवनिर्मित भवनों व छात्रावासों का उद्घाटन, 417 करोड़ हुए हैं खर्च

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गुरुवार को 417 करोड़ 18 लाख रुपये की लागत से विभिन्न जिलों में स्थापित 29 आइटीआइ के नवनिर्मित भवनों और छात्रावासों का उद्घाटन किया। साथ ही, मुख्यमंत्री द्वारा छह आइटीआइ के भवन निर्माण का कार्यारंभ किया। इसमें छात्रावास, प्रशासनिक भवन, कर्मशाला भवन, स्टाफ हास्टल, प्राचार्य आवास, उप प्राचार्य आवास, चारदीवारी एवं संपर्क पथ आदि निर्माण कार्य शामिल है। इस निर्माण पर कुल 969 करोड़ 8 लाख 95 हजार रुपये खर्च होंगे। श्रम संसाधन मंत्री जिवेश कुमार ने बताया कि मुख्यमंत्री द्वारा बक्सर जिले के डुमरांव आइटीआइ एवं सुपौल के त्रिवेणीगंज आइटीआइ के नवनिर्मित भवन, बांका स्थित महिला आइटीआइ तथा बौंसी आइटीआइ, गोपालगंज में नवस्थापित महिला आइटीआइ और हथुआ (अरना) में आइटीआइ के नवनिर्मित भवनों का उद्घाटन किया जाएगा। इसी तरह अररिया में आइटीआइ, खगड़िया जिले के गोगरी में आइटीआइ, भागलपुर के नवगछिया में नवस्थापित आइटीआइ, भोजपुर के बिहियां



स्थित आइटीआइ, बेगूसराय के बलिया स्थित आइटीआइ, दरभंगा के बिरौल स्थित आइटीआइ, मधुबनी के महिला आइटीआइ एवं जयनगर (लदनिया) में स्थापित आइटीआइ, पूर्वी चंपारण के चकिया (केसरिया) स्थित आइटीआइ, पश्चिमी चंपारण के बेतिया स्थित महिला आइटीआइ, समस्तीपुर स्थित आइटीआइ, सहरसा स्थित आइटीआइ एवं सिमरी बख्तियारपुर स्थित आइटीआइ, नवादा स्थित महिला आइटीआइ, सीतामढ़ी स्थित आइटीआइ के नवनिर्मित भवनों का उद्घाटन किया गया।इसके अलावा शेखपुरा स्थित आइटीआइ, जहानाबाद स्थित आइटीआइ, नालंदा के हिलसा स्थित आइटीआइ, अरवल के शिवनगर स्थित आइटीआइ, गया के महकार स्थित आइटीआइ और मुंगेर के तारापुर स्थित आइटीआइ परिसर में सौ-सौ बेड का नवनिर्मित छात्रावासों का उद्घाटन किया गया। पटना जिले के नौबतपुर (पंहारा) और पटनासिटी में स्थापित होने वाले आइटीआइ, समस्तीपुर के दलसिंहसराय में स्थापित होने वाले आइटीआइ एवं समस्तीपुर आइटीआइ परिसर में 50 बेड का महिला छात्रावास, नवादा के कौवाकोल में आइटीआइ तथा हाजीपुर आइटीआइ के लिए भवन निर्माण हेतु कार्यारंभ किया गया।

# उपेंद्र कुशवाहा बोले, जब तक एनडीए, मुख्यमंत्री नीतीश ही रहेंगे, सीएम के नाम पर अटकलें बकवास

**हाजीपुर।** पूर्व केंद्रीय मंत्री व जदयू संसदीय बोर्ड के राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा ने कहा कि जब तक एनडीए है, नीतीश कुमार मुख्यमंत्री रहेंगे। इफ्तार पार्टियों से जुड़े सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि इफ्तार का दौर अब समाप्त हो गया है। ईद की मुबारक घड़ी में सभी अमन-चैन से रहें, यही हमारी कामना है। वह शहर के जौहरी बाजार में एक हास्पीटल का उद्घाटन करने के बाद मीडियाकर्मियों से बात कर रहे थे। उनके साथ जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा भी उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के नाम पर किसी तरह की अटकल बकवास है। इस पर ध्यान नहीं दिया जाना चाहिए। नीतीश जी हमारे मुख्यमंत्री हैं और आगे भी रहेंगे। प्रदेश जदयू के अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने कहा कि संगठन की और मजबूती के लिए कार्यकर्ता जमीनी स्तर पर काम करें। गांव-



गांव जाकर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की नीतियों और कार्यों के बारे में जानकारी दें। सदस्यता बढ़ाएं और लोगों को पार्टी से जोड़ें। बुधवार को पार्टी मुख्यालय में बगहा, पश्चिम चंपारण, दरभंगा, मधुबनी एवं लखीसराय जिलों के संगठनात्मक कार्यों की समीक्षा बैठक में उन्होंने यह बात कही। उमेश कुशवाहा ने जिला अध्यक्षों एवं प्रभारियों को निर्देश दिया कि संगठन को कार्यशील बनाने एवं प्रभावी बनाने के लिए जिलावार प्रखंड प्रभारी, प्रकोष्ठ से पंचायत प्रभारी मनोनीत कर उसकी सूची प्रदेश कार्यालय को मुहैया करवाएं। बैठक में संबंधित जिलों के अध्यक्षों और पदाधिकारियों को संगठन को और धारदार बनाने को कहा गया। बैठक में जदयू के राष्ट्रीय सचिव रविंद्र प्रसाद सिंह, उपाध्यक्ष डा. नवीन आर्य चंद्रवंशी, महासचिव मृत्युंजय कुमार सिंह, सचिव मनीष कुमार और सचिव वासुदेव कुशवाहासमेत अन्य नेता मौजूद थे। गुरुवार को शेखपुरा, खगडिय़ा, सुपौल, नवगछिया एवं अरवल जिला की समीक्षा की जाएगी।

# करण जौहर के साथ विवाद पर बोले कार्तिक आर्यन कहा लोग बात का बतंगड़ बनाते हैं

**नई दिल्ली।** पिछले साल बॉलीवुड अभिनेता कार्तिक आर्यन और निर्माता-निर्देशक करण जौहर अपनी विवाद को लेकर सुर्खियों में थे। करण जौहर ने अनप्रोफेशनल रैवया बताते हुए अभिनेता को अपनी फिल्म दोस्ताना 2 से निकाल दिया था। जिसके बाद यह खबर काफी समय तक सुर्खियों में रही थी। अब अपने प्रोफेशनल रवैये को लेकर कार्तिक आर्यन ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। कार्तिक आर्यन ने हाल ही में अंग्रेजी वेबसाइट इंडियन एक्सप्रेस को इंटरव्यू दिया। इस इंटरव्यू में उन्होंने निजी जिंदगी के अलावा फिल्मी करियर को लेकर भी ढेर सारी बातें कीं। कार्तिक आर्यन से पूछा गया कि क्या इंडस्ट्री के लोगों के साथ उनके मतभेद उन्हें महंगा पड़ सकता है क्योंकि वह फिल्मी बैकग्राउंड से नहीं हैं इस सवाल का उन्होंने बेबाकी से जवाब दिया। अभिनेता ने कहा, 'मैं सिर्फ अपने काम पर फोकस करता हूं। इस पर मैं बस इतना ही कहना चाहूंगा। मेरी (फिल्में) लाइन-अप को देखिए। कार्तिक आर्यन से उन



अफवाहों के बारे में भी पूछा गया जिनके बारे में फिल्म इंडस्ट्री के कुछ अंदरूनी लोग उनके खिलाफ लॉबी बना रहे थे। इस पर उन्होंने कहा, 'क्या होता है, कभी-कभी, लोग 'बात का बतंगड़' बनाते हैं। इससे ज्यादा कुछ नहीं है। किसी के पास इतना समय नहीं है। हर कोई सिर्फ काम करना चाहता है, अच्छा काम करो। इसके अलावा, बातें सिर्फ अफवाहें हैं।' हालांकि इस दौरान कार्तिक आर्यन ने खुलकर करण जौहर का नाम नहीं लिया। गौरतलब है कि पिछले साल धर्मा प्रोडक्शंस ने अपनी निर्माणाधीन फिल्म दोस्ताना 2 से कार्तिक आर्यन की छुट्टी कर दी थी। इसके पीछे कार्तिक के अप्रोफेशनल रवैये को जिम्मेदार बताया गया था। मीडिया रिपोर्ट्स में यह भी कहा गया था कि धर्मा प्रोडक्शंस ने कार्तिक के साथ कभी काम न करने का फैसला किया है। इतना ही नहीं कहा यह भी गया कि फिल्म को लेकर क्रिएटिव डिफरेंसेज और जाह्नवी कपूर से मतभेद भी कार्तिक आर्यन के बाहर होने की वजह बने थे। कार्तिक फिल्म को लेकर ढुलमुल रवैया अपना रहे थे। उन्होंने सिर्फ 20 दिन फिल्म की शूटिंग गोवा में की थी। इसके बाद राम माधवानी की फिल्म धमाका में बिजी हो गए थे, जिसने करण को नाराज कर दिया था। करण ने कोविड-19 सिचुएशन की वजह से कार्तिक को कुछ नहीं कहा, मगर जब उन्होंने धमाका की शूटिंग की तो करण से बर्दाश्त नहीं हुआ। जिसके बाद उन्होंने फिल्म से निकालने का फैसला किया।

# बाथटब में बैठीं अवनीत कौर ने अपने हॉट एंड बोल्ड अंदाज से इंटरनेट का बढ़ाया तापमान

**नई दिल्ली।** अलादीन-नाम तो सुना होगा में यासमीन का किरदार निभाने वाली अभिनेत्री अवनीत कौर सोशल मीडिया पर भी काफी एक्टिव हैं। वह अपने अभिनय के साथ-साथ अपने फैशन सेंस से भी लोगों का दिल जीत लेती हैं। सोशल मीडिया पर भी उनके चाहने वालों की कमी नहीं है। अवनीत कौर अक्सर अपनी खूबसूरत तस्वीरों से फैंस की खूब तारीफे बटोरती हैं। हाल ही में अवनीत कौर ने अपने सोशल मीडिया पर कई बोल्ड तस्वीरें पोस्ट की, जिसने इंटरनेट का तापमान बढ़ा दिया है। 20 साल की अवनीत असल जिंदगी में काफी बोल्ड हैं और अक्सर अपनी ग्लैमरस तस्वीरों से वह हर किसी का दिल जीत लेती हैं। हाल ही में अवनीत ने अपनी इंस्टाग्राम पर कई बोल्ड तस्वीरें पोस्ट की हैं, जिसमें अभिनेत्री सी-ग्रीन रंग की बिकिनी में काफी हॉट लग रही हैं। अवनीत बाथटब में बैठी हैं और कैमरे की तरफ एकटक देखते हुए पोज कर रही हैं। अवनीत ने आंखों पर लाइनर और लिपस्टिक लगाई हुई है। उनकी इस ग्लैमरस तस्वीर से नजर हटाना वाकई मुश्किल है। इस तस्वीर को शेयर करते हुए अवनीत ने कैप्शन में



लिखा, 'वॉटर बेबी ऑलवेज'। फैंस को अवनीत की ये तस्वीरें खूब पसंद आ रही है। सोशल मीडिया पर यूजर्स जमकर अभिनेत्री पर प्यार लुटा रहे हैं। एक यूजर ने कमेंट करते हुए लिखा, 'आप सबसे ज्यादा हॉट हो'। दूसरे यूजर ने लिखा, 'आपका कॉम्पिटिशन कोई भी नहीं है'। अन्य यूजर ने लिखा, 'आप इस धरती पर सबसे खूबसूरत एंजेल हो और आप बहुत ही खूबसूरत और हॉट लग रही हैं'। फायर इमोजी और हार्ट इमोजी पोस्ट करके अवनीत कौर की इस तस्वीर पर फैंस जमकर प्यार लुटा रहे हैं। उनकी इन तस्वीरों को अब तक 7 लाख से अधिक लाइक्स मिल चुके हैं। अवनीत कौर ने अपने करियर की शुरुआत बतौर चाइल्ड की थी। उन्होंने साल 2010 में डांस रिएलिटी शो 'डांस इंडिया डांस' लिटिल मास्टर्स से शुरुआत की थी, इसके बाद अवनीत डांस के सुपरस्टार में नजर आई थीं। अवनीत कौर ने साल 2011 में फिक्शन शो 'मेरी मां' में बतौर चाइल्ड अपनी शुरुआत की थी। इसके बाद उन्होंने एक मुट्ठी आसमान, हमारी सिस्टर दीदी, चंद्रनंदिनी जैसे शोज में काम किया। इस शो के बाद उन्होंने साल 2018 से 2020 तक अलादीन-नाम तो सुना होगा में काम किया। इस शो में अवनीत कौर को बहुत पसंद किया गया। टीवी के साथ-साथ अवनीत कौर कई हिंदी फिल्मों का हिस्सा भी रह चुकी हैं। अब जल्द ही वह कंगना रनोट के प्रोडक्शन में बन रही फिल्म 'टीकू वेड्स शेरू' में नजर आएंगी।

# एक करोड़ रुपए की कीमत की ऑर्डी 7 खरीदी, शोरूम में की गाड़ी की पूजा


**नई दिल्ली।** फिल्म एक्ट्रेस अदिति राव हैदरी ने ऑडी 7 खरीदी है इसकी मार्केट प्राइस 1 करोड़ रुपए है उन्होंने शोरूम पर गाड़ी की पूजा भी के अदिति राव हैदरी ने अपने



लिए नई 7 ऑडी एसयूवी खरीदी है इसकी कीमत 1 करोड़ से ज्यादा है अब सोशल मीडिया पर अदिति राव हैदरी की एक तस्वीर वायरल हो रही है अब शोरूम के कर्मचारियों ने अदिति राव हैदरी को चाबी देते हुए फोटो शेयर की है फोटो में अदिति की नई चमचमाती नीले रंग की गाड़ी नजर आ रही है अदिति राव हैदरी बॉलीवुड की हालिया कलाकार हैं, जिन्होंने ऑडी 7 खरीदी है अदिति की एक तस्वीर वायरल हो रही है इसमें वह गाड़ी की चाबी लेती नजर आ रही हैं मुंबई में ऑन रोड प्राइस गाड़ी की 1 करोड़ से ज्यादा है बुधवार को इंस्टाग्राम पर ऑडी मुंबई वेस्ट ने तस्वीरें शेयर की है इसमें अदिति राव हैदरी को गाड़ी की चाबी लेते हुए देखा जा सकता है वहीं अगली फोटो में वह गाड़ी की पूजा करती हुई भी नजर आ रही है तीसरी फोटो में गाड़ी को लाल कवर से ढक रखा है।

# गजल अलघ ने 1 करोड़ 20 लाख रुपए में खरीदी इलेक्ट्रिक कार नई चमचमाती गाड़ी के आगे दिया बोल्ड पोज

**नई दिल्ली।** शार्क टैंक इंडिया में नजर आने वाली को जज गजल अलघ ने अपने लिए ऑडी ईट्रॉन गाड़ी खरीदी है इस गाड़ी की कीमत एक करोड़ 19 लाख रुपए हैं गजल अलग मामा अर्थ की फाउंडर हैं गजल अलघ और वरुण अलघ ने ऑडी ईट्रॉन गाड़ी खरीदी है गजल



ने नई गाड़ी के साथ अपनी एक खूबसूरत तस्वीर शेयर की हैत् खास बात यह है कि गाड़ी का नंबर भी आ चुका है शार्क टैंक इंडिया में नजर आने वाली गजल काफी खुश नजर आ रही है तस्वीरों में दोनों को रेड कलर की ऑडी इलेक्ट्रिक कार के आगे खड़े होकर पोज देते हुए देखें जा सकते है इस गाड़ी की कीमत करोड़ों में है फोटो वायरल होने पर फैंस उन्हें बधाई दे रहे है तस्वीरें शेयर करते हुए गजल ने लिखा है, 'सस्टेनेबिलिटी की चाभी इनोवेशन है मेरी ऑडी ईट्रॉन मुझे कंफर्ट के अलावा सस्टेनेबल भविष्य का विकल्प भी देती है यह पूरी तरह से इलेक्ट्रिक गाड़ी है और एक शानदार ड्राइविंग का अनुभव देती है तस्वीरों में वरुण और गजल को कार के पास खड़े होकर पोज देते हुए देखा जा सकता है इस अवसर पर गजल अलघ ने थाई हाई वन पीस ड्रेस पहन रखा है इसके अलावा उन्होंने हाई हील्स पहन रखी है गजल अलघ के बाल खुले हुए हैं और वह बोल्ड अंदाज में पोज दे रही है वरुण और गजल ने 2016 में मामाअर्थ बनाया था इसके पीछे उन्होंने कारण दिया कि वह अपने बेटे अगस्त्य के लिए अच्छे और सुरक्षित उत्पाद नहीं खोज पा रही थी गजल अलघ ने कहा, '3 वर्ष पहले मेरे बेटे अगस्त्य को लेकर हमें समझ में आई कि उसके लिए सुरक्षित उत्पाद नहीं है हमने हमारे दोस्तों और परिवार के लोगों से नेचुरल प्रोडक्ट विदेश से लेकर आने के लिए कहा हम अकेले नहीं हैं कई लोग ऐसे हैं हमने फैक्टरी स्टैंडर्ड को ध्यान में रखते हुए अपने माल को बनाया और मामा अर्थ फाउंडेशन बनाया।

# सिनेमा हॉल के बाद 'रॉकी भाई' ने ओटीटी पर भी बनाया नया रिकॉर्ड

**नई दिल्ली।** कनन्ड़ अभिनेता यश ने रॉकी भाई बन फिल्म केजीएफ चैप्टर 2 से भारतीय सिनेमा में नया इतिहास बनाया है। पिछले महीने रिलीज हुई यह फिल्म दुनियाभर के बॉक्स ऑफिस पर ताबड़तोड़ कमाई कर रही है। वहीं सिनेमा हॉल के बाद यश के फैंस और दर्शक केजीएफ 2 के ओटीटी पर रिलीज होने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। जिसके जल्द रिलीज होने की संभावना है। इस बीच केजीएफ 2 के ओटीटी पर रिलीज होने को लेकर बड़ी खबर सामने आई है। इतना ही नहीं यश की इस फिल्म के ओटीटी राइट्स भी काफी महंगे बिके हैं। जिसने खुद में नया रिकॉर्ड बनाया है। अंग्रेजी



वेबसाइट टाइम्स ऑफ इंडिया की खबर के अनुसार फिल्म केजीएफ चैप्टर 2 के ओटीटी राइट्स कथित तौर पर 320 करोड़ रुपये के बिके हैं। जिसे एक बड़े ओटीटी प्लेटफॉर्म ने खरीदा है। हालांकि केजीएफ 2 के मेकर्स और न ही किसी ओटीटी प्लेटफॉर्म की ओर से आधिकारिक घोषणा हुई है, लेकिन यश के फैंस केजीएफ 2 को ओटीटी पर देखने के लिए काफी एक्साइटेड हैं। यह फिल्म 27 मई को ओटीटी पर रिलीज हो सकती है। यह फिल्म 14 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज हुई है, जो लगातार शानदार कमाई कर रही है। केजीएफ चैप्टर 2 ने अपने ओपनिंग डे पर रिकॉर्ड तोड़ कमाई की है। इस फिल्म से ग्लोबली अपने पहले वीकेंड में 552 करोड़ रुपये की कमाई। अब तक इस फिल्म ने ग्लोबली 1000 करोड़ रुपये से ज्यादा की कमाई कर ली है। इसके साथ ही केजीएफ चैप्टर 2 भारत की चौथी फिल्म बन गई है जिसने 1000 करोड़ रुपये से ज्यादा की कमाई की है। केजीएफ चैप्टर 2 अभी भी लगातार कमाई कर रही है। इस फिल्म को दर्शक हर भाषा में पसंद कर रहे हैं। केजीएफ चैप्टर 2 को केरल में अपने पहले दिन सबसे ज्यादा कमाई की है। आपको बता दें कि केजीएफ चैप्टर 2 में अभिनेता यश के अलावा बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता संजय दत्त और अभिनेत्री रवीना टंडन भी मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म में इन दोनों कलाकारों की एक्टिंग को भी खूब पसंद किया जा रहा है। केजीएफ का पहला चैप्टर साल 2018 में आया था। इस फिल्म को भी बॉक्स ऑफिस दर्शकों को काफी प्यार मिला था। जिसके बाद से केजीएफ चैप्टर 2 का दर्शक इंतजार कर रहे थे।

# आमिर खान की बेटी आइरा ने ब्वॉयफ्रेंड संग शेयर की ईद पार्टी की तस्वीरें, इस हाल में दिखे इमरान खान, लोग बोले- ये क्या हुआ

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड मिस्टर परफेक्शनिस्ट आमिर खान इंडस्ट्री की तरह ही उनकी बेटी अइरा खान भी हमेशा ही चर्चा में रहती हैं। अइरा बॉलीवुड के फेमस स्टार किड्स की लिस्ट में गिनी जाती हैं। यहीं वजह है कि फैंस आइरा के बारे में ज्यादा से ज्यादा जानना चाहते हैं। आइरा ने भले ही अभी एक्टिंग में डेब्यू नहीं किया हो, लेकिन वह फैन फॉलोइंग के मामले में बड़े-बड़ों को टक्कर देती हैं। बीते कुछ वक्त से इरा अपनी लव लाइफ को लेकर काफी चर्चा में बनी हुई हैं। वह अपने ब्वॉयफ्रेंड नूपुर शिखरे के साथ अक्सर अपनी रोमांटिक तस्वीरें शेयर करती नजर आती हैं। ऐसे में ईद के मौक पर आयरा और नूपुर की कुछ तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। यहां देखें तस्वीरें आयरा खान ने अपने ब्वॉयफ्रेंड नूपुर शिखरे और खास दोस्तों संग ईद सेलिब्रेट किया। इस दौरान आयरा, नूपुर



संग काफी खुश नजर आ रही हैं। ईद पर आयरा और नूपुर दोनों ट्रेडिशनल लुक में एक साथ बेदह खूबसूरत नजर आ रहे हैं। तस्वीरों में आप देख सकते हैं कि आयरा ने ग्रीन कलर के लहंगे के साथ ब्लैक कलर की चोली पहनी हुई है। वहीं इसके साथ ही उन्होंने डार्क पिंक चुनरी कैरी की है। वहीं नूपुर ने ग्रीन कलर का कुर्ता पजामा पहना है। वहीं इनमें से एक तस्वीर में उनकी फैमिली और खास दोस्त दिख रहे हैं। इस तस्वीर में आप देख सकते हैं कि एक्टर इमरान खान भी नजर आ रहे हैं। लेकिन तस्वीर में उन्हें पहचान पाना मुश्किल हो रहा है। इमरान ने साल 2018 में ही फिल्म इंडस्ट्री छोड़ दी थी और अब वह एकदम गायब हो चुके हैं। इमरान का ये लुक देखकर फैन्स काफी शॉक्ड नजर आ रहे हैं। साथ ही कमेंट में सवाल कर पूछ रहे हैं कि आखिर उन्हें क्या हो गया है। तस्वीर में इमरान ने सफेद कुर्ता-पायजामा पहने दिख रहे हैं।

# श्वेता तिवारी की लाड़ली पलक ने स्किनी बुलाने पर ट्रोल्स को दिया मुंहतोड़ जवाब


**नई दिल्ली।** पलक तिवारी फिल्मों में अपने डेब्यू से पहले ही लगातार चर्चा में बनी रहती हैं। 21 साल की कम उम्र में श्वेता तिवारी की लाड़ली बेटी पलक सोशल मीडिया सेंसेशन बन चुकी हैं। हार्डी संधू



के गाने 'बिजली' म्यूजिक वीडियो से अपनी शुरुआत करने वालीं पलक तिवारी अक्सर पैपराजी के कैमरे में कैप्चर होती हैं। सोशल मीडिया पर पलक काफी एक्टिव हैं। पलक तिवारी अक्सर अपने बोल्ड और हॉट अंदाज से फैंस का दिल जीत लेती हैं, लेकिन वही सोशल मीडिया पर कुछ लोग ऐसे भी है जिन्होंने पलक के पतली होने का मजाक उड़ाते हुए उन्हें ट्रोल किया है। लेकिन अब पलक तिवारी ने इस पर अपनी चुप्पी तोड़ते हुए ट्रोल्स को मुंहतोड़ जवाब दिया है। सोशल मीडिया सेंसेशन पलक तिवारी ने हाल ही में बॉलीवुड बबल से खास बातचीत करते हुए यूजर्स द्वारा उन्हें स्किनी बुलाने और ट्रोल करने पर अपनी प्रतिक्रिया जाहिर की है। पलक तिवारी ने कहा, 'मुझे इतना ज्यादा इन सब चीजो से फर्क नहीं पड़ता, जितना की लोग सोचते हैं कि मुझे पड़ता होगा। क्योंकि मैंने ये महसूस किया है कि ये लोग कभी खुश नहीं होंगे। उन्होंने अपनी ही एक सोच बना ली है। वह कहते हैं कि यह स्टार बहुत ज्यादा ड्रेसअप है, क्या कर रहा है, कहा जा रहा है ये सोचते हैं। फिर मैंने सोचा, चलो मैं सिंपल तरह से बाहर जाती हूं, तब भी वह कहते हैं कि वह ऐसी दिख रही है, उसे कौन काम देगा ऐसी तो मेरी दोस्त दिखती है'। पलक तिवारी ने अपनी बात को आगे बढ़ाते हुए कहा, 'अगर आपकी दोस्त दिखती है तो इसमें क्या बुरा है कि अगर कभी-कभी हम आपकी तरह लगें, हमारे में भी कुछ कमी हो, एक आंख बड़ी और दूसरी छोटी हो तो। आप किसी में खामियां क्यों निकालते हो, अगर आप खुद परफेक्ट नहीं हो तो। पूरा पॉइंट ये है कि अगर आपकी दोस्त ऐसी दिखती है तो हम आपको ही स्क्रीन पर रीप्रेजेंट करते हैं। पलक ने सोशल मीडिया यूजर्स के दोगलेपन को लेकर कहा, 'ऐसे लोगों को चुप ही रहना चाहिए, क्योंकि उनकी राय उनके लिए कोई मायने नहीं रखती, वह लोग खुद से ही खुश नहीं है। पलक तिवारी ने अपने पहले म्यूजिक वीडियो 'बिजली' से ही लोगों के दिलों पर कहर ढा दिया था। स्क्रीन पर उनकी प्रेजेंस को लोगों ने खूब पसंद किया था। हाल ही में पलक तिवारी ने रैप वॉक पर अपना डेब्यू किया और वह फैशन वीक में डिजाइनर ईशा अमीन के कलेक्शन को शोकेस करते हुए दिखाई दीं। जिसके लिए कई लोगों ने तो उनके रैप वॉक की खूब तारीफ की, लेकिन कुछ लोगों ने उनकी वॉक को बहुत ही खराब बताते हुए ट्रोल किया। पलक तिवारी के जल्द ही विवेक ओबेरॉय और अरबाज खान के साथ बिग स्क्रीन पर अपना डेब्यू करने वाली हैं।

# कंगना रनोट के शो में वार्डन बनकर पहुंचीं 'बिग बॉस' की ये विनर


**नई दिल्ली।** बॉलीवुड एक्ट्रेस कंगना रनोट होस्टेड रिएलिटी शो 'लॉक अप' तेजी से फिनाले की तरफ बढ़ रहा है। जैसे-जैसे शो फिनाले की तरफ बढ़ रहा है इसमें काफी धमाके देखने को मिल रहे हैं। बीते दिनों जहां शो से पूनम पांड बाहर हुई हैं। वहीं दर्शकों को इंतजार है तो इस बात का विनर का ताज ट्रॉफी किसके हाथ लगेंगी। इस बीच मेकर्स ने लॉक अप का एक धमाकेदार प्रोमो रिलीज कर




दिया है। प्रोमो में दिखाया गया है कि शो में 'बिग बॉस' विनर की एंट्री होती है। आइए जानते हैं कौन है वो लॉक अप' के नए प्रामो में आप देख सकते हैं कि जेल में टीवी एक्ट्रेस तेजस्वी प्रकाश नजर आ रही हैं। प्रोमो के साथ ही खुलासा हो चुका है कि वह 'लॉक अप' की वार्डन के तौर पर एंट्री ले रही हैं। इसी के साथ ही अब दर्शकों काफी बेताब है कि आखिर अब शो में क्या नया होने वाला है। तेजस्वी शो में बेहद ही स्टाइलिश अंदाज में एंट्री लेती हैं। साथ ही वह एक-एक करके जेल में मौजूदा कंटेस्टेंट्स का नाम लेती हैं और कहती हैं कि आखिर अब किस पर जहरीला वार होगा इस प्रोमो से साफ है कि तेजस्वी प्रकाश की एंट्री के साथ ही साथ 'लॉक अप' ने किसी ना किसी का एलिमिनेशन जरूर होना है। आपको बता दें कि इस शो के अलावा कंगना रनोट अपनी आने वाली फिल्म 'धाकड़' को लेकर काफी चर्चा मे बनीं हुई हैं। इस फिल्म के ट्रेलर के बाद कल यानी 4 मई को इसके पहले गाने एप दहका टीजर रिलीज किया है। गाने के टीजर में कंगना रनौत का हद से ज्यादा बोल्ड अंदाज देखने को मिल रहा है। वहीं आज यानी 5 मई को ये गाना रिलीज होने वाला है। कंगना रनौत के अलावा फिल्म में अर्जुन रामपाल और दिव्या दत्ता नजर आएंगी। 24 मई को ये फिल्म सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है।

# नोरा लग्जरी कार छोड़ स्कूटी पर ही निकली घूमने, फैंस ने 'ड्राइवर' को बताया

**नई दिल्ली।** नोरा फतेही का एक वीडियो इंस्टाग्राम पर वायरल हो रहा हैत् इसमें उन्हें अपनी लग्जरी कार को छोड़ स्कूटी पर बैठकर जाते हुए देखा जा सकता हैत् उनका यह वीडियो इंस्टाग्राम पर वायरल हो गया हैत् फैंस उनकी डाउन टू अर्थनेस के लिए सराहना भी कर रहे हैत् ईद के अवसर पर नोरा फतेही को मुंबई में स्पॉट किया गयात् नोरा फतेही सोशल मीडिया पर अक्सर अपनी हॉट और बोल्ड तस्वीरें और वीडियो शेयर करती हैत् अब मंगलवार को ईद के अवसर पर नोरा फतेही को मुंबई में देखा गयात् उनका वीडियो एक पपराजी ने शेयर किया थात् नोरा फतेही को स्कूटर पर बैठकर जाते हुए देखा जा सकता हैत् फैंस ड्राइवर को लकी मैन बता रहे हैत् नोरा फतेही को कई लोगों ने डाउन टू अर्थ बताया हैत् एक फैन ने लिखा है, 'यह लड़की कितनी डाउन टू अर्थ हैत' वहीं एक अन्य ने लिखा है, 'वह लड़का वह बहुत भाग्यशाली हैवीडियो में नोरा फतेही ने सलवार, कुर्ता और ओढ़नी पहन रखी हैत् नोरा फतेही डांस दीवाने जूनियर को जज कर रही हैत् इस शो में उनके अलावा नीतू कपूर और मर्जी भी जज हैंत् वहीं करण कुंद्रा शो होस्ट कर रहे हैंत् नोरा अक्सर अपनी हॉट और बोल्ड तस्वीरें और वीडियो शेयर करती है हाल ही में खबर आई है कि नोरा फतेही टेरेंस लुईस को डेट कर रही हैत् दोनों की केमिस्ट्री शानदार हैत् उन्हें देखकर ऐसा लगता है कि दोनों एक-दूसरे को डेट कर रहे हैंत् इस बारे में पूछने पर टेरेंस ने कहा, 'मुझे लगता है हमारी केमिस्ट्री शानदार हैत् हम एक दूसरे को पसंद करते हैं और बहुत मेहनती लड़की हैत् उसके दिमाग में जो आता है, वह बोल देती हैत' नोरा फतेही के डांस परफॉर्मेंसेस भी काफी पसंद किए गए हैं।




स्वत्वाधिकारी एवं मुद्रक डा0 दीपक अरोरा द्वारा रामा प्रिन्टर्स 53/25/1 ए बेली रोड न्यू कटरा प्रयागराज (उ.प्र.) 211002 से मुद्रित एवं सी-41 यूपी एसआईडीसी औद्योगिक क्षेत्र नैनी प्रयागराज। (उ.प्र.) 211010 से प्रकाशित।
सम्पादक/प्रकाशक
डा0 पुनीत अरोरा
मो0न0 09415608710
RNI No. UPHIN/2015/63398
website:www.adhuniksamachar.com

नोटः- इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद इलाहाबाद न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# बोर्ड पास छात्र-छात्राएं चिंता छोड़े बनाएं अपना भविष्य







अन्तर्राष्ट्रीय छात्र समूह








एसके गुप्ता प्रधानाचार्य राजकीय आईटीआई नैनी, नैनी आईटीसी के अनुदेशकों से बात करते हुए।








आरके दुबे प्रधानाचार्य राजकीय आईटीआई भदोही नैनी आईटीसी की वेबसाइट का विमोचन करते हुए।



मो. कौशर अनुदेशक नैनी आईटीसी द्वारा राजकीय आईटीआई के समस्त अनुदेशकों नैनी आईटीसी के छात्रों द्वारा बनाये गये मास्क वितरित करते हुए।



नैनी आईटीसी के छात्रों द्वारा बनाया गया मॉडल।



अर्चना सरोज अनुदेशक कोपा ट्रेड राजकीय आईटीआई खागा नैनी आईटीसी के छात्रों को पढ़ाते हुए।





## कार्यालय प्रधानाचार्य नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र
(भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त)

### सीधे प्रवेश सूचना

नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र में प्रस्तावित व्यवसायों में अगस्त 2021में प्रारम्भ होने वाले सत्र में प्रवेश हेतु इंजीनियरिंग एवं नॉन इंजीनियरिंग प्रशिक्षण कोर्स कोपा, फिटर, बेसिक कम्प्यूटिंग, डाटा एन्ट्री ऑपरेशंस, फायर प्रीवेन्शन एण्ड इण्डस्ट्रीयल सेफ्टी, सिक्योरिटी सर्विस, कम्प्यूटर हार्डवेयर असेंबली एण्ड मेनटेनेन्स, सर्टिफिकेट इनक म्प्यूटर एप्लीकेसन (सी0सी0ए0), इलेक्ट्रिकल टेक्निशियन, रेफ्रिजरेशन एण्ड एयर कन्डिशनिंग,योगा असिस्टेंट, वेल्डिंग टेक्नोलॉजी, सी0एन0सी0 प्रोग्रामिंग एण्ड ऑपरेशन, इलेक्ट्रीशियन, कम्प्यूटर टीचर ट्रेनिंग कोर्स के लिए न्यूनतम शैक्षिक योग्यता हाईस्कूल उत्तीर्ण है।

ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया :– इस प्रक्रिया के लिए हमारी वेबसाईट www.nainiiti.com पर जाकर Student's Zone → Online Form → Choose Course → Apply Now पर अपने व्यवसाय कोर्स का चयन कर अपना प्रवेश सुनिश्चित करें।

ऑफलाइन आवेदन प्रक्रिया :– इस प्रक्रिया में प्रशिक्षार्थी अपनी शैक्षिक योग्यता प्रमाण पत्र, आधार कार्ड एवं 4 पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ के साथ प्रवेश कार्यालय में सम्पर्क करे।

नोट-: प्रवेश प्राप्त करने की अन्तिम तिथि 30 अप्रैल 2021 है।

अधिक जानकारी प्राप्त करने के लिए

visit us at : www.nainiiti.com

प्रवेश कार्यालय :- तुलसीयानी प्लाजा तीसरी मंजिल, एम.जी. मार्ग, सिविल लाइन्स, प्रयागराज, उत्तर प्रदेश।

फोन करें :- 0532-2695959, 9415608710, 6394370734, 7355448437, 6386474074, 6306080178, 9026359274

# बोर्ड पास छात्र-छात्राएं चिंता छोड़े बनाएं अपना भविष्य...

नैनी/इलाहाबाद। इलाहाबाद यूपी एवं सीबीएसई बोर्ड से हाई स्कूल इंटरमीडिएट परीक्षाओं में सफल छात्र-छात्राओं के पास अपना भविष्य बनाने का सुनहरा मौका हैं। ऐसे अभ्यर्थी को भविष्य बनाने का मौका नैनी इंडस्ट्रियल ट्रेनिंग इंस्टिट्यूट दे रहा है। इसके जरिए बिना अतिरिक्त समय गवाएं आसानी से अपना भविष्य बना सकते हैं। यह चमत्कार होगा व्यावसायिक शिक्षा से। तीनों बोर्ड के परिणाम घोषित हो चुके हैं। इन बोर्ड परीक्षाओं में उत्तीर्ण प्रदेश के तकरीबन छब्बीस लाख विद्यार्थियों के सामने उच्च शिक्षा के साथ अच्छे करियर की भी चिंता है। ऐसे विद्यार्थियों के लिए इंडस्ट्रियल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट आईटीआई में चलने वाले कोर्सेज फॉर स्पीड के रूप में सामने आए हैं। धीरे-धीरे यह रोजगार की गारंटी बनते जा रहे हैं इनकी पत्रदाई के बाद सरकारी और निजी संस्थानों में नौकरी के अलावा स्वरोजगार अवसर के साधन है। इसके अलावा आईटीआई में एक लाख से अधिक युवाओं की मांग है इसके विपरीत हर साल मात्र तीस हजार प्रशिक्षित युवा मिल रहे हैं। इसके अलावा इन दिनों हिमाचल रोड ट्रांसपोर्ट समेत कई विभागों में सैकड़ों पदों के लिए आईटीआई पास अभ्यर्थियों से आवेदन मांगे गए हैं। आईटीआई पास अभ्यर्थियों के लिए रेलवे में ढेरों संभावनाएं हैं ऐसे में विशेषज्ञों की सलाह है कि परंपरागत कोर्स के साथ युवा आईटीआई की ओर ध्यान देकर बेहतर कैरियर प्राप्त कर सकते हैं। आर्थिक रूप से कमजोर तथा पढ़ाई में बहुत अच्छा नहीं करने वाले विद्यार्थियों के लिए भी यह एक बेहतर विकल्प है। औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र के प्रवक्ता **वरुण स्वराज** से हुई खास बातचीत में उन्होंने इसके बारे में विस्तार से जानकारी दी।

**पूछे गए सवाल**

**प्रश्न-** नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र क्या है? इसके बारे में बताएं।



**उत्तर-** नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र जो नैनी आईटीआई के नाम से लोकप्रिय है एवं तर्कणीय तौर पर अपने प्रकार का एक मात्र संस्थान है जो उद्योग सहयोग हेतु भारत सरकार शासनादेश संख्या नंबर डीजीईटी-6/24/78/2008-टी.सी. द्वारा श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, मानव संसाधन विकास मंत्रालय, सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्योग मंत्रालय भारत सरकार द्वारा स्थापित संस्था नियमानुसार विभिन्न प्रदेश राष्ट्रीय निकायों द्वारा मान्यता प्राप्त है। एनसीवीटी-डीजीटी-नई दिल्ली, एनएसआइसी- नई दिल्ली, एनआईओएस - नई दिल्ली।

**प्रश्न-** नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र में अध्ययन से क्या लाभ है?

**उत्तर-** वर्तमान परिदृश्य में पाठ्यक्रम आईटीआई द्वारा समय पर परीक्षाएं एवं समय पर परीक्षा परिणाम का अपग्रेडेशन। श्रेष्ठ परीक्षा परिणाम बेहतर प्लेसमेंट सांस्कृतिक एवं अन्य गतिविधियां का सूर गठित आयोजन विद्यार्थियों का संपूर्ण विकास मूल्य एवं गुणवत्ता आधारित शिक्षा, व्यवस्थित एवं सुनियोजित एकेडमिक कैलेंडर, डेडीकेटेड टू एजुकेशन मिशन को पूरा करने के उद्देश्य से संस्थान 9 वर्षों से प्रयासरत है। केंद्र से आज तक 5000 से अधिक प्रशिक्षणार्थियों को सफलतापूर्वक प्रशिक्षित किया जा चुका है एवं केंद्र द्वारा प्रशिक्षित छात्र छात्राएं इस समय सफलता प्राप्त कर चुके हैं। सफलता पूर्वक प्रशिक्षण पूर्ण करने वाले प्रशिक्षणार्थियों को भारत सरकार द्वारा प्रमाण पत्र दिए जाते हैं जो देश विदेश में सभी जगह मान्य है।

**प्रश्न-** नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र में कौन से पाठ्यक्रम संचालित किए जाते हैं?

**उत्तर-** कोपा (कम्प्यूटर आपरेटर एण्ड प्रोग्रोमिंग आसिस्टेंट), फीटर, बेसिक कंप्यूटिंग, डाटा एंट्री ऑपरेशन, फायर प्रीवेंशन एंड इंडस्ट्रियल सेफ्टी, सिक्योरिटी सर्विस, कंप्यूटर हार्डवेयर एंड मेंटेनेंस इन कंप्यूटर एप्लीकेशन, सीसीए (सर्टिफिकेट इन कम्प्यूटर एप्लीकेशन), इलेक्ट्रिकल टेकिनशियन, रेफ्रिजरेशन एंड एयर कंडीशनिंग, योगा असिस्टेंट, वेल्डिंग टेक्नोलॉजी, सीएनसी प्रोग्रामिंग एंड ऑपरेशन, इलेक्ट्रिशियन, कंप्यूटर टीचर ट्रेनिंग, इत्यादि।

**प्रश्न-** आपके औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र एवं अन्य प्रशिक्षण केंद्रों में क्या अंतर है?

**उत्तर-** नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र अंतर्राष्ट्रीय मानक आई.एस.ओ प्रमाणित है एवं श्रम रोजगार मंत्रालय भारत सरकार द्वारा इसकी स्टार (सितार) ग्रेडिंग की गई है एवं एम.आई.एस.डिफेंस मिनिस्ट्री भारत सरकार द्वारा अधिकृत प्रशिक्षण केंद्र भी नियुक्त किया गया है। अत्यधिक जानकारी के लिए आप फोन भी कर सकते हैं हमारे फोन नंबर इस प्रकार है- 0532-2695959, 9415608710, 9415608783, 9415608790, 7459860480, 7380468640, 6394370734।















आरके अग्रहरि अनुदेशक राजकीय आईटीआई नैनी, नैनी आईटीसी की प्रवेश विवर्णिका का विमोचन करते हुए।








आकांक्षा वर्मा टीवी एक्ट्रेस नैनी आईटीसी का भ्रमण करते हुए।







स्मृति सिंह मिसेज एशिया पेसिफिक नैनी आईटीसी के छात्रों को साथ।